आषाढ़ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 12:38 तक उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


मंगलवार, 8 जुलाई 2025
वर्ष 35, अंक 162, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ग्लोबल साउथ के लिए मिसाल बने ब्रिक्स 14

शांति का समय कुछ और नहीं बल्कि भ्रम 12

# ट्रंप ने ब्रिक्स देशों पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की दी धमकी

रियो डी जेनेरो/नई दिल्ली, एजेंसी

ब्रिक्स देशों ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ,अस्थिरता और गाजा के खिलाफ लगातार इजरायली हमलों और कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। ब्रिक्स के इस रूख से तिलमिलाए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स की अमेरिका विरोधी नीतियों का समर्थन करने वाले किसी भी देश पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी है।

ब्राजील के रियो डी जेनेरो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त घोषणापत्र में, ब्रिक्स देशों ने



● पश्चिम एशिया संघर्ष पर ब्रिक्स के रूख पर अमेरिकी राष्ट्रपति खफा

दोहराया कि इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष का न्यायसंगत और स्थायी समाधान केवल शांतिपूर्ण तरीकों से ही प्राप्त किया जा सकता है। यह फिलिस्तीनी लोगों के वैध अधिकारों की पूर्ति पर निर्भर करता है, जिसमें आत्मनिर्णय और वापसी का अधिकार शामिल है।

### चीन ने धमकी को बताया निरर्थक

चीन ने राष्ट्रपति ट्रंप की इस धमकी पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और इसे राजनीतिक दबाव का एक साधन बताया। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस तरह के उपाय निरर्थक हैं और इनका कोई रचनात्मक उद्देश्य नहीं है। प्रवक्ता ने कहा कि ब्रिक्स सहयोग और समावेशी वैश्विक विकास के लिए समर्पित है तथा यह आपसी टकराव और किसी भी तरह की भौगोलिक राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को खारिज करता है।

# अराजकता-अफवाह फैलाने पर होगी सख्त कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

## मुख्यमंत्री ने कांवड़ यात्रा रूट का हेलीकॉप्टर से किया सर्वेक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजकीय हेलीकॉप्टर से कांवड़ यात्रा मार्ग का हवाई सर्वेक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अफवाहों, अराजकता और जातीय तनाव फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। स्वच्छता, सुविधाएं और सोशल मीडिया निगरानी अनिवार्य रूप से करें।

मुख्यमंत्री सोमवार दोपहर लखनऊ से राजकीय विमान द्वारा गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट पहुंचे। इसके बाद उन्होंने राजकीय हेलीकॉप्टर से कांवड़ यात्रा मार्ग का हवाई सर्वेक्षण किया।



हेलीकॉप्टर से कांवड़ रूट का सर्वेक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

बाद में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि गाजियाबाद, मेरठ, बरेली, अयोध्या, प्रयागराज, काशी, बाराबंकी, बस्ती और उत्तराखंड सीमा से सटे जिलों में विशेष सतर्कता बरती जाए। डीजे, ढोल-ताशे और संगीत की आवाज तय मानकों के अनुसार हो। यात्रा मार्ग पर प्रतिबंधित पशुओं का प्रवेश रोका जाए। सोशल मीडिया और ड्रोन से निगरानी की जाए ताकि अफवाहें और फर्जी खबरें न फैलें।

### शिविर लगाने वाली संस्थाओं का करें सत्यापन

कांवड़ मार्ग पर खुले में मांस बिक्री पर रोक और ओवररेटिंग पर सख्ती के निर्देश दिए। कहा कि दुकानदारों को अपना नाम स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना होगा। मार्ग पर स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, स्ट्रीट लाइट और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो। शिविर लगाने वाली संस्थाओं का सत्यापन कर उनकी मदद से सुविधा केंद्र चलाए जाएं।

### श्रावण मास में शिव मंदिरों में करें भीड़ प्रबंधन

श्रावण मास के हर सोमवार को शिव मंदिरों में भीड़ प्रबंधन, सफाई और ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रा में अराजकतत्व वेष बदलकर घुसपैठ कर सकते हैं। इसे रोकने के लिए थाना और चौकी स्तर पर कांवड़ संघों से संवाद रखा जाए।

# प्राथमिक स्कूलों के विलय का रास्ता साफ, याचिकाएं खारिज

## हाईकोर्ट ने कहा- एक किमी के भीतर स्कूल स्थापित करने की बाध्यता नहीं



विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार को बड़ी राहत देते हुए प्राथमिक स्कूलों का विलय करने के विरुद्ध दाखिल याचिकाओं को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 21ए के तहत अनिवार्य व निःशुल्क शिक्षा का अधिकार तो है, लेकिन यह नहीं माना जा सकता है कि राज्य की यह जिम्मेदारी है कि वह छह से 14 वर्ष आयु के बच्चों को एक किलोमीटर की दूरी के भीतर ही निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करे।

यह निर्णय न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सीतापुर की कृष्णा कुमारी समेत 51 स्कूली बच्चों व अन्य रिट याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए सोमवार को पारित किया है। शुक्रवार को मामले में सुनवाई पूरी कर कोर्ट ने अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया था। मामले में याचियों की ओर से दलील दी गई थी कि 16 जून 2025 का स्कूलों के विलय का सरकार का निर्णय मनमाना व अवैधानिक व अनुच्छेद 21 ए के विरुद्ध है। कहा गया था कि शिक्षा का अधिकार कानून के तहत बने नियम में 300 की आबादी व आबादी के एक किलोमीटर के दायरे में 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए एक स्कूल की स्थापना का दायित्व राज्य सरकार पर है। यह भी दलील दी गई थी कि यदि एक किलोमीटर के दायरे में एक भी बच्चा है तो स्कूल स्थापित करना होगा। वहीं राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई थी कि एक किलोमीटर के दायरे में स्कूल स्थापित करने का आशय है कि बच्चों के रिहायशी इलाके से स्कूल बहुत अधिक दूर न हो। सरकार ने नियमों के तहत ही निर्णय लिया है। कई स्कूल तो ऐसे हैं जिनमें एक भी छात्र नहीं हैं। यह भी तर्क दिया गया कि सरकार ने मर्जर नहीं किया है, अपितु स्कूलों की पेयरिंग की गई है।

### बच्चों को परिवहन सुविधा दे सरकार

कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार का दायित्व है कि वह आवासीय क्षेत्र के निकटतम संभव स्थान पर विद्यालय स्थापित करे। यदि विद्यालय नहीं स्थापित हो सकता तो बच्चों को परिवहन सुविधाएं प्रदान करे। इसके साथ ही बच्चों के आसपास के विद्यालयों की पहचान करना भी जरूरी है, चाहे वे सरकारी हों या निजी। कोर्ट ने कहा कि बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनिश्चित करे कि कोई भी बच्चा शिक्षा से बाहर न हो।

### कोर्ट ने कहा-ऐसे तो खोलने होंगे आठ लाख स्कूल

कोर्ट ने यह भी कहा कि संबंधित नियमों की याचियों के अधिवक्ताओं द्वारा जो व्याख्या दी जा रही है। यदि उसे माना जाय तो प्रदेश की आबादी लगभग 24 करोड़ है और इस प्रकार सरकार को आठ लाख स्कूल खोलने पड़ेंगे। कोर्ट ने कहा कि व्याख्या के सिद्धांतों को अपनाते हुए, नियम की व्याख्या इस तरह से की जानी चाहिए कि वह प्रभावी और कार्यशील हो, न कि एक मृतप्राय प्रावधान बन के रह जाय।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विपरीत नहीं हैं प्रावधान

कोर्ट ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें विद्यालयों की पेयरिंग जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की गई है। यह नीति अपने आप में स्पष्ट है । कोर्ट ने कहा कि वर्ष 2020 की उक्त नीति में पेयरिंग के संबंध में कोई भी मनमाना या असंवैधानिक प्रावधान शामिल नहीं है, जो अनुच्छेद 21ए का उल्लंघन करता हो।

## 9 को देशव्यापी हड़ताल पर जाएंगे 25 करोड़ कर्मचारी

**नई दिल्ली।** बैंकिंग, बीमा से लेकर कोयला खनन, राजमार्ग और निर्माण क्षेत्र में लगे 25 करोड़ से अधिक कर्मचारी नौ जुलाई को देशव्यापी आम हड़ताल पर जाने वाले हैं जिससे देशभर में जरूरी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। दस केंद्रीय श्रमिक संगठनों और उनके सहयोगी इकाइयों के एक मंच ने सरकार की मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी कॉरपोरेट-समर्थक नीतियों का विरोध करने' के लिए इस आम हड़ताल या 'भारत बंद' का आह्वान किया है। श्रमिक संगठनों के इस मंच ने 'देशव्यापी आम हड़ताल को व्यापक रूप से सफल' बनाने का आह्वान किया है।

# 26/11 हमले के समय मुंबई में था तहव्वुर राणा

नई दिल्ली, एजेंसी

मुंबई 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा ने पाकिस्तान को लेकर बड़ा खुलासा किया है। तहव्वुर राणा ने पूछताछ में मुंबई क्राइम ब्रांच के सामने कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं। राणा ने स्वीकार किया कि वह पाकिस्तानी सेना का विश्वसनीय एजेंट था और 2008 के हमलों के दौरान मुंबई में मौजूद था। साथ ही उसने माना कि उसका सहयोगी डेविड हेडली लश्कर-ए-तैयबा के लिए कई बार ट्रेनिंग ले चुका था।

राणा ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और अन्य संवेदनशील जगहों की रेकी उसने ही की थी। उसने



● एनआईए की पूछताछ में कबूला वह पाकिस्तानी सेना का एजेंट था
● छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और अन्य स्थानों की खुद की थी रेकी

स्वीकार किया कि इस हमले की साजिश पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ मिलकर रची गई थी। उसने यह भी बताया कि खाड़ी युद्ध के दौरान उसे पाकिस्तानी सेना ने सऊदी अरब भेजा था। गौरतलब है कि 4 अप्रैल को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राणा की समीक्षा याचिका खारिज किए जाने के बाद उसे भारत प्रत्यर्पित कर दिया गया। मई में भारत आने पर राणा को न्यायिक हिरासत में लेकर एनआईए उससे साजिश, हत्या, आतंकवाद और जालसाजी जैसे आरोपों पर पूछताछ कर रही है। वहीं, दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। राणा की अगली कोर्ट पेशी 9 जुलाई को होनी है। शुक्रवार को सुरक्षा कारणों से उसे वर्चुअल मोड के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। राणा के वकील ने उसके स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई। दलीलों पर गौर करते हुए कोर्ट ने तिहाड़ के अधिकारियों को 9 जुलाई तक मामले पर स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान राणा ने परिवार से बातचीत करने की इच्छा जताई है।

## पूर्व कृषि मंत्री आनंद सिंह का निधन

**गोंडा।** केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के पिता व यूपी के पूर्व कृषि मंत्री कुंवर आनंद सिंह उर्फ अन्नू भैया का रविवार की देर रात लखनऊ में निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। रविवार की रात सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। सुबह उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक निवास मनकापुर लाया गया, जहां हजारों की संख्या में लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए। राजा आनंद सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री योगी व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शोक व्यक्त किया है। आनंद सिंह गोंडा संसदीय क्षेत्र से चार बार सांसद रहे। वर्ष 2012 से 2017 तक वे उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री भी रहे।

# न्यायाधीश के आवास पर बड़ी मात्रा में नकदी मिलना आपराधिक कृत्य

नई दिल्ली, एजेंसी

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के घर से बड़ी मात्रा में नकदी मिलने के मामले में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं किए जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा है कि किसी न्यायाधीश के विरूद्ध संवैधानिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई करना एक विकल्प हो सकता है लेकिन इसे समाधान नहीं कहा जा सकता। कहा कि यह आपराधिक कृत्य है और इस तरह के मामलों में कार्रवाई जरूरी है।

धनखड़ ने सोमवार को राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, कोच्चि में छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संवाद के दौरान इस मामले से संबंधित न्यायाधीश का नाम लिए बिना कहा कि यदि धनराशि इतनी अधिक है तो कई सवाल उठते हैं जिनका पता लगाया जाना चाहिए। यह जानना आवश्यक है कि क्या यह काला धन है? इसका स्रोत क्या है? यह किसी न्यायाधीश के सरकारी आवास में कैसे पहुंचा? यह धन किसका है? उम्मीद जताई कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।



● उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा-ऐसे मामलों में कार्रवाई जरूरी

### दोषियों को न्याय के कटघरे में लाना होगा

उप राष्ट्रपति ने कहा कि यह मामला अब सार्वजनिक डोमेन में है और सुप्रीम कोर्ट ने भी इसकी पुष्टि की है। इस स्थिति में इसे आपराधिक कृत्य मानकर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए थी। दोषियों की पहचान कर उन्हें न्याय के कटघरे में लाना चाहिए था। उल्लेखनीय है कि दिल्ली उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर एक स्टोर में 14 मार्च की रात लगी आग में 500 रुपये की आंशिक रूप से जली हुई गड्डियां मिली थीं।

# प्रदेश में कल बनेगा इतिहास, रोपे जाएंगे 37 करोड़ पौधे

**पौधरोपण महाभियान** | सरकारी विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं और जन प्रतिनिधियों ने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश को हरित प्रदेश बनाने की दिशा में एक नया इतिहास रचने की तैयारी है। इस क्रम में बुधवार का दिन काफी अहम होने वाला है। राज्य सरकार नौ जुलाई को होने वाले पौधारोपण महाभियान में समाज के सभी वर्गों का साथ लेकर इतिहास रचेगी। इस बार एक दिन में 37 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। हालांकि बीते साल की तरह इस बार भी शुरुआत में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य था जिसमें अब 2 करोड़ का इजाफा कर दिया गया है।

बीते फरवरी माह में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने राज्य विधानसभा में वन व पर्यावरण विभाग की उपलब्धियों को साझा किया था। इस दौरान उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में भी 35 करोड़ से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में प्रदेश में वृक्षाच्छादन प्रदेश के भौगोलिक क्षेत्र का 9.96 प्रतिशत हो गया है और अपना राज्य वनावरण व वृक्षाच्छादन में वृद्धि के मामले में पूरे देश में दूसरे स्थान पर रहा है। उन्होंने बताया था कि वर्ष 2021-2022 से वर्ष 2024-2025 तक प्रदेश में कुल 138.98 करोड़ पौधरोपण किया जा चुका है। वर्षाकाल-2025 में भी 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य प्रस्तावित है। पौधरोपण अभियान में 60,182 जनप्रतिनिधि, 3.40 करोड़ विद्यार्थी, 2.24 करोड़ किसान, 13.45 लाख कर्मचारी, 4.70 लाख अधिवक्ता, 27,270 स्वयंसेवी संस्थाएं व 15 किसान उत्पादक संगठन शामिल होंगे।

**सेल्फी भी कर सकेंगे अपलोड :** मुख्यमंत्री के आह्वान पर राज्य सरकार ने सभी से अपील की है कि पौधा लगाकर, फोटो अपलोड करें और पौधे का संरक्षण भी करें। उम्मीद है कि साढ़े छह करोड़ लोग इस अभियान में जुटेंगे। पौधरोपण की सेल्फी (https://upforest.gov.in) और (https://upfd.in/upfdmedia/secure/login/login.aspx) पर क्लिक करके या क्यूआर कोड स्कैन करके अपलोड की जा सकेगी। फोटो को जियो टैग करने के लिए मोबाइल का जीपीएस एनेबल करना होगा। यह सभी फोटो जनसहभागिता का साक्ष्य बनेंगी। वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने बताया कि पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग यानि क्लाईमेट चेंज हो रहा है, जिसकी वजह है वायुमण्डल में कार्बन डाई ऑक्साइड का ज्यादा उत्सर्जन। प्रदेश में बढते प्रदूषण को नियंत्रित करने तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सरकार कटिबद्ध है।

### सहजन भंडारा अभियान भी चलेगा

**लखनऊ।** वन एवं वन्य जीव विभाग ने इस वर्ष सहजन भंडारा अभियान चलाया है। इस कवायद में प्रदेशभर में औषधीय गुणों से युक्त सहजन या मुनगा के पेड़ लगाए जाएंगे।



## सार-संक्षेप

### 22 वर्षों से जारी है कश्मीरी चाय की सबील



कश्मीरी चाय वितरित करते पूर्व मंत्री गोप। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ के आलमपुर में एक अनूठी परंपरा 22 वर्षों से चली आ रही है। यहां हजरत इमाम हुसैन की याद में कश्मीरी चाय की सबील लगाई जाती है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप 2003 से यह आयोजन कर रहे हैं। हर साल मोहर्रम की 11 तारीख को यह कार्यक्रम होता है। इस दौरान आसपास के इलाकों से हजारों लोग इमाम हुसैन के अलम के जुलूस में शामिल होते हैं। पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप खुद लोगों को चाय परोसते हैं। खास बात यह है कि यहां हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग एक साथ बैठकर कश्मीरी चाय का आनंद लेते हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राम मगन रावत, पूर्व प्रधान अकील अहमद जैदी, पूर्व अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह समेत बड़ीसंख्या में लोग मौजूद रहे।

### शिकायत निस्तारण में बाराबंकी पुलिस प्रदेश में अव्वल

**बाराबंकी, अमृत विचार** : आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए बाराबंकी व समस्त थानों को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह के नेतृत्व में बाराबंकी को माह जून-2025 की रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है साथ ही प्रदेश स्तर पर प्राप्तांक के अनुसार बाराबंकी के समस्त थानों ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

### बाढ़ प्रभावितों के लिए 24 घंटे सक्रिय रहेगा नियंत्रण कक्ष

**बाराबंकी, अमृत विचार** : कलेक्ट्रेट परिसर में जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह कक्ष 24 घंटे सक्रिय रहेगा। अपर जिलाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि वर्षा के मौसम में जिले का बड़ा हिस्सा बाढ़ और जलभराव से प्रभावित होता है। नियंत्रण कक्ष से तहसील प्रशासन, सिंचाई, बाढ़, चिकित्सा, जल निगम, विद्युत, नलकूप और पशुपालन विभागों से सीधा संपर्क रहेगा। राहत कार्यों का संचालन इसी कक्ष से किया जाएगा। लोग नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 05248-226017 या टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क कर सकते हैं। वे अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं।

### विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति बैठक आज

**बाराबंकी, अमृत विचार** : विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को आयोजित की जाएगी। बैठक दोपहर डेढ़ बजे से कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में होगी। समिति की सभापति डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी बैठक की अध्यक्षता करेंगी। बैठक में जनपद स्तर के सभी अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को निर्धारित प्रकरणों और बिंदुओं से संबंधित अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में शामिल होना है। यह बैठक बाराबंकी में होने वाली विनियमन समीक्षा समिति की पहली बैठक है।

### डॉ. मुकेश कुमार को तैनाती स्थल पर भेजने की मांग

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने सीएचसी अधीक्षक डा. राजर्षी त्रिपाठी के माध्यम से मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश यादव को ज्ञापन भेज कर आठ वर्ष से जिला मुख्यालय में संबद्ध डाक्टर मुकेश कुमार को तैनाती स्थल पर भेजने की मांग की है। दरअसल डॉ. मुकेश कुमार के गायब रहने का खुलासा रविवार को नोडल सीएमओ डॉ. डीके श्रीवास्तव के निरीक्षण में हुआ था। वह 8 वर्ष से मोहम्मदपुर खाला पीएचसी से वेतन निकाल रहे हैं। उधर पीएचसी में पिछले दो साल से किसी डाक्टर की तैनाती नहीं है। कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक से ट्विटर के माध्यम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर तहसील महासचिव अभिषेक बाजपेई, ब्लाक अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा, ललित सिंह आदि मौजूद रहे।

### आशा बहुओं का फूटा गुस्सा, आंदोलन की दी चेतावनी

**बाराबंकी, अमृत विचार** : गांधी भवन में सोमवार को आशा बहू स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। इसमें आशा और आशा संगिनियों ने समस्याओं को रखा। आशाओं ने बताया कि हर महीने की बैठक में भुगतान से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा तक नहीं करने दी जाती। आरोप लगाया कि संस्थागत प्रसव के नाम पर 2 से 3 हजार रुपये और जन्म प्रमाण पत्र के लिए 100 से 200 रुपये की अवैध वसूली की जाती है। आशाओं ने चेतावनी दी कि यदि 14 जुलाई तक सभी लंबित देयों का भुगतान नहीं किया गया, तो वे 15 जुलाई से काम बंद और कलम बंद धरना प्रदर्शन शुरू करेंगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुनीता देवी, रेनू वर्मा, किशोरी, नीलम वर्मा, निशा, प्रेमलता, मुन्नी देवी, तारावती, माया, मीना मिश्र, सोनी सिंह आदि आशाएं मौजूद रहीं।

### विजय शर्मा व आशीष वर्मा बने उपाध्यक्ष

**बाराबंकी, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश एजूकेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोसिएशन बाराबंकी इकाई का विस्तार करते हुए संगठन ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार शुक्ल ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की। इस क्रम में राजकीय हाईस्कूल छेदा के कनिष्ठ सहायक विजय शर्मा और डायट गनेशपुर के कनिष्ठ सहायक आशीष कुमार वर्मा को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं बीएसए कार्यालय में कार्यरत आशुलिपिक विजय सिंह को संयुक्त सचिव, जीआईसी बरौलीजाटा के कर्मचारी संजीव कुमार तिवारी को प्रचार मंत्री, जीआईसी शहावपुर के अमित रत्न त्रिपाठी को संगठन मंत्री तथा जीआईसी सूरतगंज के आशीष कुमार पांडेय को सांस्कृतिक मंत्री नियुक्त किया गया है।

### मानी गयीं मांगें, न्यायिक कार्य बहिष्कार स्थगित

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार** : तहसील बार एसोसिएशन ने न्यायालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ दिया गया आंदोलन समाप्त कर दिया है। तहसील प्रशासन ने अधिवक्ताओं की 26 सूत्री मांगों को मान लिया है। तहसील बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष अचल कुमार मिश्र की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगले कार्य दिवस से सभी न्यायालयों में पहले की तरह काम होगा। बैठक में महामंत्री सुनील त्रिवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ऊषा सिंह और उपाध्यक्ष कमल पांडे, रूपनारायण वर्मा, बनवारी लाल, आशीष मिश्रा, महावीर सिंह, जितेंद्र सिंह, दिनेश दत्त मिश्रा, हरिहर प्रसाद मिश्रा, अरविंद त्रिवेदी, मंशाराम यादव और संजीव कुमार पांडे मौजूद रहे।

### पंचायत सहायक को जान से मारने की धमकी

**बाराबंकी, अमृत विचार** : बड्डूपुर थाना क्षेत्र में ग्राम पंचायत टडवा नानकारी में कार्यरत पंचायत सहायक अर्चना वर्मा को जान से मारने की धमकी देने के साथ ही गाली-गलौज की गई। जानकारी के अनुसार अर्चना वर्मा निवासी ग्राम देवरिया पोस्ट शैली कीरतपुर ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि रविवार को सुबह करीब 6 बजे विवेक कुमार व उसकी पत्नी शीला वर्मा ने उन्हें गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर में यह भी उल्लेख है कि सुबह करीब 9 बजे जब अर्चना वर्मा अपनी दादी के घर पर थीं, तो वहां शीला वर्मा ने पहुंचकर दोबारा गाली-गलौज की और मारपीट पर उतारू हो गई। पीड़िता ने इसका विरोध किया, तो विवेक कुमार और उसकी पत्नी दोनों ने फिर से जान से मारने की धमकी दी।

### अंडरपास पर दो कारों में हुई टक्कर, बाल-बाल बचे सवार



क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार** : पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर स्थित अंडरपासों पर स्पीड ब्रेकर न होने से हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे। सोमवार की सुबह एक बार फिर ऐसा ही हादसा हुआ, जब दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। गनीमत यह रही कि दोनों वाहनों में सवार लोग बाल-बाल बच गए, हालांकि एक कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई। सोमवार तड़के करीब 4 बजे एक कार औसानेश्वर मंदिर की ओर से हैदरगढ़ आ रही थी। इस कार में एक पुलिसकर्मी सवार था। दूसरी ओर एक कार में सवार एक परिवार बाराबंकी की ओर से लखनऊ जा रहा था। जैसे ही दोनों वाहन सर्विस रोड पर स्थित अंडरपास के पास पहुंचे, अचानक आमने-सामने टक्कर हो गई। पुलिसकर्मी की कार क्षतिग्रस्त हो गई।

# वकीलों ने किया तीन दिन का कार्य बहिष्कार

**आक्रोश**

- 2500 से ज्यादा फाइलें खारिज होने पर भड़के अधिवक्ता

संवाददाता, फतेहपुर, बाराबंकी



बैठक में मौजूद अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार** : तहसील प्रशासन द्वारा बड़ी संख्या में फाइलों को खारिज किए जाने के विरोध में वकीलों ने तीन दिन का कार्य बहिष्कार किया है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद वर्मा ने यह घोषणा आमसभा की बैठक में की।

तहसीलदार न्यायालय, तहसीलदार (न्यायिक), नायब तहसीलदार बिशुनपुर, कुर्सी और फतेहपुर में लगभग 2000 से 2500 फाइलें खारिज की गई हैं। तहसील प्रशासन ने अभी तक केवल 600 फाइलों के खारिज होने की पुष्टि की है। यह फाइलें वर्ष 2022, 2023 और 2024 में खारिज की गई हैं। सोमवार को दोपहर एक बजे महामंत्री रामलाल वर्मा की अध्यक्षता में आमसभा की बैठक हुई।

बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता हरिनाम सिंह ने बताया कि उनकी 150 फाइलें निरस्त हो गई हैं। श्रवण कुमार वर्मा ने अनुमान लगाया कि कुल मिलाकर 2000 से 2500 फाइलें खारिज हुई हैं। बार एसोसिएशन ने तहसील प्रशासन को तीन दिन का समय दिया है। इस दौरान सभी खारिज की गई फाइलों को संबंधित न्यायालयों में उपलब्ध कराना होगा। इस अवधि में वकील न्यायिक कार्यों से दूर रहेंगे।

बैठक में प्रमुख रूप से हरिनाम सिंह, राजीव नयन तिवारी, प्रदीप कुमार निगम, बब्बू दीक्षित, अलीउद्दीन शेख समेत कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रमेशचन्द्र रावत, धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, मदन मोहन मिश्रा, प्रवीण कुमार पटेल, सर्वेश श्रीवास्तव, मो. राहिल, संजय सिंह नम्बरदार, एसपी सिंह, अवधेश सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, रंगनाथ त्रिपाठी, बृजेश मिश्रा, अशोक यादव, मनोज मौर्या सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद थे।




# समय से पूरी करायें मेले की तैयारियां : डीएम

## श्रावणी मेले की व्यवस्थाएं देखीं, बैरिकेडिंग में कमजोर बल्लियों के प्रयोग पर जतायी नाराजगी

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी



लोधेश्वर महादेवा परिसर में लगायी जा रही बैरिकेडिंग का निरीक्षण करते डीएम।

**अमृत विचार** : डीएम शशांक त्रिपाठी और एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने सोमवार को लोधेश्वर महादेवा मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले मेला ऑडिटोरियम और बहोनिया तालाब का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेले की तैयारियां समय से पूरी करायें।

डीएम ने ईओ को इंटरलॉकिंग और शौचालयों के रंग-रोगन के निर्देश दिए। उन्होंने बहोनिया तालाब पर बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, रैंप और चेंजिंग रूम बनवाने का निर्देश दिया। डीएम ने बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता को तालाब में पानी भरवाने, एंबुलेंस की तैनाती और गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत द्वारा की जा रही बैरिकेडिंग में कमजोर बल्लियों के प्रयोग पर डीएम ने नाराजगी जताई और मौके पर कार्य करा रहे अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने एएमए को बेहतर बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए। एसडीएम और सीओ को इस कार्य की निगरानी सौंपी गई।

डीएम ने अभरन सरोवर पर सफाई और मजबूत जाल लगवाने के निर्देश दिए। विद्यालय के पीछे स्थित शौचालयों में साफ-सफाई, बिजली और पानी की व्यवस्था सुधारने को कहा। साथ ही मंदिर परिसर में बंद हाई मास्क लाइटों को बदलने और महंत के महल के जर्जर छज्जे के नीचे जाल लगवाने के आदेश दिए। उन्होंने जल हरी कुंड की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा और मेला परिसर से आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जो भी कमियां निरीक्षण के दौरान चिह्नित की गई हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तत्काल दूर किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ियों के लिए रास्ते में जलपान, पेयजल आदि की व्यवस्था के लिए समाजसेवियों को प्रेरित किया जाए। एसपी ने सभी सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिये। इस दौरान एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह, एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी, सीएमओ डॉ. अवधेश कुमार यादव, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड शशिकांत सिंह, एसडीएम विवेकशील यादव, सीओ गरिमा पंत, जिला नोडल अधिकारी लव भूषण गुप्ता, बीडीओ रामनगर जितेंद्र कुमार, सूरतगंज देवेंद्र कुमार सिंह, तहसीलदार विपुल कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक रामनगर अनिल कुमार पांडेय, नायब तहसीलदार विजय कुमार तिवारी, चौकी इंचार्ज महादेवा संतोष कुमार त्रिपाठी, ग्राम प्रधान महादेवा राजन तिवारी, खाद्य विभाग से नीरद पांडेय, भगौती प्रसाद, ग्राम प्रधान राजन तिवारी आदि मौजूद रहे।

### लोगों ने फर्श पर मैट बिछाने का दिया सुझाव

स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी को बताया कि श्रावणी में मेले में लाखों श्रद्धालु जुटते हैं। धूप में श्रद्धालु मंदिर परिसर में लगे पत्थर पर नंगे पैर घंटों कतार में लगे रहते हैं। फर्श पर मैट डाल दी जाए या फिर बैरिकेडिंग के ऊपर छांव के लिए टिनशेड लगा दिया जाए। इस पर डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये।

# सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की दोपहर दो अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। पहला हादसा हैदरगढ़ कोठी रोड पर दोपहर बाद 4 बजे औसानेश्वर मंदिर के गेट पर हुआ। एक बाइक ने साइकिल में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार अमेठी के थाना इन्हौंना के कोटवा गांव निवासी ईद अली व पत्नी समीना बानो एवं साइकिल सवार सोनिकपुर गांव निवासी राकेश का पुत्र शिवा (12) घायल हो गए। घायल किशोर को ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया है। दूसरी घटना कोतवाली के सामने हैदरगढ़-कोठी मार्ग पर हुई। सतरही गांव निवासी कमलेश (20) बाइक से सब्जी मंडी जा रहे थे। हाइवे पर बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे कमलेश घायल हो गया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# 4 करोड़ की मार्फीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कार्रवाई**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



पुलिस की गिरफ्त में तस्कर। अमृत विचार

**अमृत विचार** : एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने बिहार के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 2 किलो 60 ग्राम मार्फीन बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 4 करोड़ 10 लाख रुपये है। टीम के हाथ एक बोलेरो वाहन, दो मोबाइल फोन व एक आईकार्ड भी लगा है। बाराबंकी की एएनटीएफ टीम ने बिहार के मुजफ्फरपुर जिला थाना मोतीपुर पुलिस के सहयोग से यह कार्रवाई की। संयुक्त टीम ने रविवार की रात नरियार राज वाटर पार्क के सामने एनएच-27 थाना मोतीपुर, मुजफ्फरपुर से तस्कर राजेश तिवारी पुत्र रामनारायण तिवारी निवासी माधोपुर मधु थाना बरुराज, हाल-पता सरकार कुमार टुली भिमभार फासीदेवा पश्चिम मदाती दार्जिलिंग पश्चिम बंगाल है, को गिरफ्तार किया। इसके पास से 2 किलो 60 ग्राम अवैध मार्फीन, एक बोलेरो गाड़ी, एक एंड्रॉइड व एक कीपैड मोबाइल फोन, एक आईडी कार्ड बरामद किया। पूछताछ में राजेश तिवारी ने बताया कि उसे यह मादक पदार्थ सिलीगुड़ी निवासी एक व्यक्ति ने दिया था, जिसे छतैनी पूर्वी चंपारण बिहार ले जाना था, जहां दूसरा व्यक्ति उससे माल लेने वाला था। वह बागडोगरा से बोलेरो से चला था। कार्रवाई में एएनटीएफ बाराबंकी के एसआई करुणेश पाण्डेय, सूरज सिंह, अरविन्द सिंह, मनीष कुमार दुबे, सिपाही आदिल हाशमी, वेदप्रकाश दुबे, आलोक सिंह, कृष्ण कुमार यादव के अलावा मोतीपुर थाना पुलिस टीम शामिल रही।

# कार की टक्कर से बाइक सवार चार लोग घायल

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** : मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार देर शाम सड़क हादसे में बाइक सवार चार लोग घायल हो गए।

हादसा उस वक्त हुआ जब छेदा गांव निवासी राज सुमन अपनी पत्नी शिम्पी, भतीजे अर्जित और साली मोनी के साथ मोहम्मदपुर खाला गांव से वापस लौट रहे थे। जब उनका वाहन सुर्जनपुर गांव के पास पहुंचा, तभी बेलहरा की ओर से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी। बाइक सवार चारों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद सभी घायलों को फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद शिम्पी और अर्जित की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि राज सुमन और मोनी का इलाज सीएचसी फतेहपुर में चल रहा है।

# मामूली विवाद में परिवार पर पथराव, तीन लोग घायल

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार** : असंद्रा कोतवाली क्षेत्र में रास्ते के विवाद को लेकर एक पक्ष ने परिवार पर हमला बोल दिया। इस घटना में परिवार के तीन लोग घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई है।

पूरब बेलांव निवासी मो. सादिक का वासित से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार की दोपहर करीब 2 बजे जब वासित उसके दरवाजे के सामने से जबरन जाने लगे, तो सादिक ने मना किया। इस पर वासित, राशिद, साजिद, अल्ला राही, बकरीदी और अफरोज जहां ने ईंट-पत्थर फेंककर सादिक पर हमला कर दिया। सादिक को बचाने पहुंचे उनके भतीजे इरफान और साला गुलाम दस्तगीर पर भी हमलावरों ने हमला किया। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना में पीड़ित पक्ष को गंभीर चोटें आई हैं और घर की सीमेंट की टिन शेड को भी क्षति पहुंची है।

# एचटी लाइन से सरिया छुआ, राजमिस्त्री की मौत

**बाराबंकी: अमृत विचार** : दरियाबाद क्षेत्र में एक राजमिस्त्री की करंट लगने से मौत हो गई। मोहरियान में सुभान का घर बन रहा है। छज्जा बनाने के लिए राजमिस्त्री प्रदीप (22) निवासी ग्राम जटहा पाड़ पर चढ़कर सरिया से जाल बना रहा था। तभी सरिया ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। तेज करंट लगने से प्रदीप नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# संदिग्ध दशा में जंगल में मिला युवती का शव

**गुत्थी उलझी**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार** : शहर कोतवाली क्षेत्र में बड़ेल कस्बे के निकट जंगल में एक युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। युवती रविवार की शाम कर्बला में लगे मेले में घूमने गई थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, कस्बा बड़ेल के निकट जंगल में सोमवार को एक युवती का शव पड़ा देखा गया। इसकी खबर तेजी से फैली उधर रविवार की रात से लापता युवती की तलाश कर रहे परिजन सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंचे तो शव की पहचान ज्योति (22) पुत्री फूलचंद्र निवासी मोहल्ला कानून गोयान के रूप में की। बताया जा रहा कि ज्योति रविवार की रात बेगमगंज स्थित कर्बला में लगे मेले में घूमने गई थी लेकिन देर रात तक वह घर वापस नहीं लौटी। परेशान परिजनों ने उसकी काफी तलाश की। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### होटल के पास मिला महिला का शव, शिनाख्त नहीं

शहर से सटे कस्बा फतहाबाद स्थित एक होटल के पास एक 40 साल की महिला का शव मिला। स्थानीय लोगों के मुताबिक इस महिला को सुबह देखा गया तब वह जीवित थी। लोगों ने उसे अस्पताल भिजवाने के लिए एंबुलेंस को बुलाया पर वह मौके पर नहीं पहुंची। कुछ देर बाद महिला ने दम तोड़ दिया। महिला कौन थी, कहां की रहने वाली थी, यह पता नहीं चल सका है। इसे पहले यहां पर देखा भी नहीं गया था। महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त बताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और शिनाख्त के प्रयास में जुट गयी है।

**अव्यवस्था** — बाढ़ सुरक्षा के नाम पर हुए कार्य बेनतीजा, जलस्तर बढ़ते ही ग्रामीण पलायन को विवश

# बाढ़ में बह गए करोड़ों, नहीं बदला तराई का नसीब

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



सरयू नदी में होता ड्रेजिंग कार्य। अमृत विचार

**अमृत विचार** : करीब दो दशक से भी अधिक समय से पहले घाघरा (अब सरयू) नदी की विनाशलीला जारी है। सबकुछ लील जाने के नदी के स्वभाव से बखूबी परिचित सरकारी मशीनरी ने कभी तटबंध, कभी गांव तो कभी आबादी को बचाने के नाम पर करोड़ों रुपये फूंक डाले, जाने कितनी परियोजनाएं बनीं और बनकर खत्म हो गईं पर तराईवासियों का नसीब नहीं बदल सका।

वर्ष 2013 में दक्षिणी तटबंध को बचाने के लिए डायवर्जन योजना पर अमल किया गया। इसके तहत नाला निर्माण कराकर ग्राम लोढ़मऊ को बचाना था। नाला बनकर तैयार हुआ पर नदी में आई बाढ़ सब बहाकर ले गई। इसके बाद वर्ष 2020 में करीब 11 करोड़ की लागत से सिरौली गौसपुर क्षेत्र में पांच स्पर का निर्माण तय हुआ, अभी आधा काम भी नहीं पूरा हुआ था कि बाढ़ ने सब कुछ लील लिया। इसके बाद वर्ष 2022 में पांच नई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, खास बात यह कि नई परियोजनाएं पहले से चल रही चार परियोजनाओं से अलग थीं। प्रत्येक परियोजना की लागत करोड़ों में थी। इन कुछेक योजनाओं के अलावा भी तराई के गांवों, तटबंध, आबादी को बचाने के लिए हर साल प्रोजेक्ट बने, परियोजना स्वीकृत होकर धन आवंटित हुआ, काम भी हुआ पर नतीजा यह कि नदी की धारा अपने साथ सब बहाकर ले गई। सिर्फ एक दशक की ही बात कर ली जाए तो करोड़ों रुपये पानी में बहाने, के बावजूद बसना उजड़ना ही तराईवासियों का नसीब है।

अधिशाषी अभियंता (बाढ़) शशिकांत सिंह ने बताया कि बाढ़ से बचाव के लिए कई काम हो रहे हैं। जिनसे आने वाले समय में काफी राहत मिलेगी। इन कामों की लगातार निगरानी भी की जा रही।

# पेड़ पर फंदे से लटकता मिला किसान का शव

संवाददाता, सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार** : जमीन बेचने के बाद परिवार में चल रहे विवाद के बीच एक किसान ने आम के बाग में पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बदोसरांय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मीरापुर में सोमवार सुबह ग्रामीणों ने बाग में आम के पेड़ से फंदे से एक युवक का शव लटकते देखा। कुछ देर बाद शव की पहचान रामसुरेश उर्फ बुधराम पुत्र रामखेलावन के रूप में की गई। बताया जा रहा कि किसान दो दिन से ट्यूबवेल की रखवाली के लिए खेत में ही सोता था। उसका शव ट्यूबवेल से महज 100 मीटर की दूरी पर आम के पेड़ से लटकता मिला। स्थानीय लोगों के अनुसार किसान ने अपनी जमीन बेच दी थी। इसको लेकर परिवार में विवाद चल रहा था। घटना की सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक सालिक राय और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## एक नजर

### चोरी की बाइक सहित एक गिरफ्तार

सिंहपुर अमेठी अमृत विचार। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम मिलकियाना, मजरे इन्हौना निवासी गुफरान (25) पुत्र अजमतउल्ला को चोरी की बाइक समेत गिरफ्तार किया है। गुफरान से जब बाइक के कागजात दिखाने को कहा, तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने यह बाइक रविवार को अर्मा हॉस्पिटल के बाहर से चोरी की थी ।

### प्रधान प्रतिनिधि पर झूठे केस में फंसाने का आरोप

अमेठी अमृत विचार। पीपरपुर के भोजपुर निवासी गिरिजा शंकर ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रविशंकर उपाध्याय पर गंभीर आरोप लगाए। गिरिजा शंकर का कहना है कि विकास कार्यों में अनियमितता को लेकर उन्होंने ग्राम प्रधान यशोदा देवी की सीडीओ से शिकायत की थी, जिस पर जांच टीम गठित हुई थी। टीम के मौके पर पहुंचने पर प्रधान प्रतिनिधि ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की थी। उसी रंजिश में लगातार उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की कोशिश की जा रही है। गिरिजाशंकर ने बताया कि पौधारोपण हेतु पट्टे की जमीन पर लगाए गए पेड़ सूख जाने के बाद काटे गए थे, जिस पर प्रधान पक्ष जमीन को ग्रामसभा की बताकर विवाद खड़ा कर रहा है। पीड़ित ने प्रशासन से मौके की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की।

### महिला ने फांसी लगाकर दे दी जान

जगदीशपुर अमेठी अमृत विचार। भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी अन्नू सिंह (18) ने घर में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय युवती की मां घर पर थीं। पिता लक्ष्मण सिंह मनरेगा के तहत पौधरोपण कार्य में व्यस्त थे। भाई खेत में काम कर रहा था। युवती ने कमरे को अंदर से बंद कर पंखे के हुक से दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मां ने जब बेटी की चीखें सुनी तो दरवाजा खटखटाया। दरवाजा नहीं खुलने पर उन्होंने पड़ोसियों को बुलाया। स्थानीय लोगों ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा जब तक अन्नू की मौत हो चुकी थी। थाना प्रभारी तनुज पाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### इंग्लैंड के खिलाफ भारत की जीत पर जताई खुशी

लालगंज, रायबरेली। टेस्ट मैच में इंग्लैंड पर भारत की एकतरफा जीत पर क्रिकेट प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धर्म जागरण के सह जिला संयोजक सुशील शुक्ला, जिला विधि प्रमुख अशोक शुक्ला, भाजपा नेता अनूप पांडे, भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, देवेश अग्निहोत्री, अतुल त्रिपाठी, उमेश सिंह, चंदन त्रिवेदी, अवनीश पांडे , अनंत विजय सिंह आदि ने खुशी जताते हुए कहा कि क्रिकेट के इतिहास में भारत की इंग्लैंड की धरती पर अंग्रेजों को ही हराने की यह सबसे बड़ी जीत है।

# बिना चिकित्सक चल रहे चार अल्ट्रासाउंड सेंटर सील

## एसडीएम ने सीएचसी के सामने स्थित सेंटरों पर मारा छापा



अल्ट्रासाउंड सेंटर के अंदर निरीक्षण करते एसडीएम अभिनव कनौजिया।



अल्ट्रासाउंड सेंटर सील को करता कर्मचारी।

संवाददाता, जगदीशपुर अमेठी

**अमृत विचार।** कस्बे में सोमवार को एसडीएम अभिनव कनौजिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने स्थित चार अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर अचानक छापेमारी की। इस कार्रवाई में सेंटरों पर भारी अनियमितताएं पाई गईं, जिसके चलते प्रशासन ने सभी सेंटरों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। एसडीएम की इस सख्त कार्रवाई ने इलाके में खलबली मचा दी।

एसडीएम को कई दिनों से सीएचसी के सामने स्थित अल्ट्रासाउंड सेंटरों की शिकायत मिल रही थी। इन शिकायतों में कहा गया था कि ये अल्ट्रासाउंड सेंटर लोगों की जान के साथ खुला खिलवाड़ कर रहे हैं। इनमें अप्रशिक्षित कर्मियों द्वारा अल्ट्रासाउंड जैसे संवेदनशील जांच के कार्य किए जा रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए एसडीएम अभिनव कनौजिया ने सोमवार को नवीन अल्ट्रासाउंड, जसीम अल्ट्रासाउंड, श्रीराम अल्ट्रासाउंड और मैक्स अल्ट्रासाउंड पर छापा मार कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि इन सभी सेंटरों पर पर बिना पंजीकृत चिकित्सक के और बिना तकनीकी योग्यता वाले स्टाफ द्वारा अल्ट्रासाउंड किया जा रहा था। छापे की भनक लगते ही ज्यादातर संचालक मौके से फरार हो गए। एसडीएम अभिनव कनौजिया ने मौके पर ही चारों सेंटरों को सील करने का निर्देश दिया और स्पष्ट किया कि ऐसे अवैध सेंटरों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। वर्षों से ये सेंटर सीएचसी के सामने चल रहे हैं। किसी भी अधिकारी ने इस पर पहले कोई कार्रवाई नहीं की। प्रशासन अब पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

# जागरूकता से ही जन्म से पूर्व विकलांगता से बचाव संभव

संवाददाता, रायबरेली



एम्स में राष्ट्रीय पीएमआर दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक व अन्य।

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के पीएमआर विभाग द्वारा निदेशक प्रो. विभा दत्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पीएमआर दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम 'विकलांगता को होने से पहले रोकना' थी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मरीजों, उनके परिजनों और आम जनमानस में विकलांगता की रोकथाम एवं उसके प्रबंधन के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन एम्स रायबरेली के डिप्टी डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन (डीडीए) द्वारा किया गया, जिसमें संस्थान के फैकल्टी सदस्य, अधिकारीगण, नर्सिंग अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस दौरान पर मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए व्हीलचेयर रेस, मोमबत्ती बुझाना, बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता जैसी कई रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके बाद सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। रोगी सेवा एवं समर्पित कार्य के लिए रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग ऑफिसर एवं स्टाफ सदस्यों को डीडीए द्वारा सम्मानित किया गया। सार्वजनिक जागरूकता सत्र के अंतर्गत, 'गर्भ से जीवन तक : जन्म से पूर्व विकलांगता की रोकथाम' विषय पर आमंत्रित विशेषज्ञ डॉ. कृष्णा सिंह, विभाग - प्रसूति एवं स्त्री रोग द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने गर्भकालीन और प्रसवकालीन देखभाल के महत्व पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद के. शर्मा ने बताया कि विभाग में सभी प्रमुख पुनर्वास सेवाएं जैसे न्यूरो रिहैबिलिटेशन, मस्कुलो स्केलेटल रिहैबिलिटेशन, बाल पुनर्वास, पुनर्वास सर्जरी एवं अन्य सहायक सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं।

.उन्होंने बताया कि जल्द ही विभाग में वर्चुअल रियलिटी रिहैबिलिटेशन एवं रोबोटिक्स रिहैबिलिटेशन सेवाएं भी प्रारंभ की जाएंगी। सहायक प्राध्यापक डॉ. सत्यशील सिंह अस्थाना ने विकलांगता की रोकथाम के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि प्रारंभिक हस्तक्षेप और जागरूकता से अनेक विकृतियों को होने से पहले ही रोका जा सकता है। इस मौके पर डॉ. विक्रम प्रातिहस्त, डॉ. इंद्रजीत, डॉ. इवानाह, अंकित, आभास, धर्मेन्द्र, सुनील, अनीता आदि मौजूद रहे।

## बुजुर्ग से मारपीट और गाली-गलौज का आरोप

सेमरी, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के सिटकिहा मजरे बकुलिहा गांव में एक 72 वर्षीय बुजुर्ग से मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित धुन्नी लोधी पुत्र अग्नू लोधी ने सोमवार को खीरों थाने पहुंचकर आरोपितों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित बुजुर्ग ने अपनी तहरीर में बताया कि गांव निवासी राकेश पुत्र श्यामलाल अपने एक अज्ञात सहयोगी जो उसका मजदूर बताया जा रहा है के साथ आया और पहले गाली-गलौज की। मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। बुजुर्ग ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें जानबूझकर निशाना बनाया गया और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर राकेश और एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### पंचायत व विस चुनाव की तैयारी में जुट जाएं सपा कार्यकर्ता





सपा कार्यालय पर बैठक करते पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

अमेठी अमृत विचार। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक सोमवार को गौरीगंज पार्टी कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की। उन्होंने आगामी पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाने के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए। बैठक में मौजूद नेताओं ने जनपद में बिजली संकट और खाद की किल्लत को लेकर चिंता जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों और आम जनता की समस्याओं की अनदेखी कर रही है। यदि जल्द ही बिजली और खाद की समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो समाजवादी पार्टी सड़क पर उतरकर जोरदार आंदोलन करेगी। इस मौके पर राजेश मिश्रा जिला प्रवक्ता समाजवादी पार्टी, राकेश यादव, घनश्याम सिंह, अरशद अहमद, चंद्रशेखर यादव, मनीराम वर्मा, अवधेश मिश्र, मन्नू पाल, दीपू, विश्वनाथ, राकेश, और लल्लन चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रोजगार मेला राजकीय आईटीआई गौरीगंज में 9 को

अमेठी अमृत विचार। जिले के युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर सामने आया है। जिला सेवायोजन कार्यालय, अमेठी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), गौरीगंज के संयुक्त तत्वावधान में परिसर में ही 9 जुलाई बुधवार को प्रात: 10 :30 बजे से एक दिवसीय नि :शुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। मेले में इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण तथा अन्य तकनीकी योग्यताधारी अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को rojgaarsangam.up.gov.in पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर संबंधित कंपनियों में अपनी योग्यता के अनुसार आवेदन करना होगा। रोजगार मेले में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को अपना बायोडाटा एवं पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। यह मेला पूरी तरह नि :शुल्क है तथा इसमें प्रतिभाग करने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता (मार्ग व्यय) देय नहीं होगा।

### गेहूं के बदले चावल बांटने पर कोटेदार फंसा

सिंहपुर, अमेठी ,अमृत विचार। तिलोई विकासखंड के ग्राम पंचायत सेमरौता में संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में बड़े पैमाने पर अनियमितता उजागर हुई है। ग्रामीणों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने स्थानीय कोटेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। आरोप है कि कोटेदार ने शासन द्वारा निर्धारित गेहूं के स्थान पर लाभार्थियों को चावल का वितरण कर दिया, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया था। जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी अमेठी ने तत्काल प्रभाव से जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) को जांच के निर्देश दिए। जांच टीम ने मौके पर जाकर स्थिति का आकलन किया और पाया कि शिकायतें सही हैं। कोटेदार ने नियमों का उल्लंघन करते हुए लाभार्थियों को चावल वितरित किया। रिपोर्ट सामने आने के बाद डीएम के आदेश पर संबंधित कोटेदार पर विधिक कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। पूर्ति विभाग ने अन्य क्षेत्रों में भी कोटेदारों की सघन जांच शुरू कर दी है।

### आईटीआई में उप प्रधानाचार्य की नियुक्ति पर जताई खुशी

मुसाफिरखाना अमेठी अमृत विचार : क्षेत्र के गांव पूरे पंडा रंजीतपुर निवासी अमित कुमार मिश्रा ने उत्तर प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) इटवा, सिद्धार्थनगर में अनुदेशक पद पर नियुक्त होकर उप प्रधानाचार्य का पदभार संभाल लिया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव और क्षेत्र में खुशी की लहर है।अमित कुमार मिश्रा ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, मित्रों और परिवारजनों को दिया है। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग से ही यह मुकाम हासिल हो पाया है।गांववासियों और शुभचिंतकों ने उनकी इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### बाइकों की टक्कर में पिता-पुत्र घायल

शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार। दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़न्त में पिता-पुत्र दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिनका सीएचसी शिवगढ़ में उपचार किया गया। पुलिस ने मिली तहरीर के आधार पर मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घायल बाइक चालक रोहित पुत्र जगदीश निवासी अम्बेडकर नगर मजरे नगर पंचायत शिवगढ़, थाना शिवगढ़, जनपद रायबरेली ने बताया कि दीवार गिरने से उसके पिता जगदीश का एक पैर फैक्चर हो गया था। जिसकी ड्रेसिंग कराने के लिए वह सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आया था, जहां से इलाज के उपरान्त वह वापस घर जा रहा था तभी रास्ते में भवानीगढ़-शिवगढ़ रोड स्थित टीवीएस एजेंसी के पास सामने से आए तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनकी बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह और उसके पिता जगदीश दोनों बाइक सहित गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए एंबुलेंस से आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ लाया गया, जहां दोनों का उपचार किया गया। शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विन्ध्य विनय ने बताया कि तहरीर मिली है मुकदमा दर्जकर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन विवाद में मारपीट, आधा दर्जन घायल, तीन लोग रेफर

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली



सीएचसी में मौजूद घायल व परिजन।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के मेहरबान खेड़ा मजरे गूढ़ा में रास्ते के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट में दोनों पक्षों से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए जिसमें चिकित्सक ने तीन की हालत गम्भीर देखते हुए सीएचसी शिवगढ़ से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों तरफ से अभियोग पंजीकृत मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मारपीट में एक पक्ष से राजेंद्र कुमार पुत्र रामकिशुन, अशोक कुमारी पत्नी पत्नी रामसिंह तथा नौ वर्षीय मासूम सुनैना पुत्री राजेंद्र कुमार सहित कई लोग घायल हो गए। चिकित्सक ने सुनैना तथा राजेंद्र कुमार को प्राथमिक उपचार के पश्चात सीएचसी शिवगढ़ से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है जिसमें सुनैना की हालत ज्यादा गम्भीर बताई जा रही है। वहीं दूसरे पक्ष से मैका पत्नी गंगा सेवक, लक्ष्मी पुत्री सीताराम, रामकली पत्नी शिवराम घायल हो गये। जिसमें मैका की हालत गम्भीर देखते हुए चिकित्सक ने सीएचसी शिवगढ़ से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। शिवगढ़ सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रेमशरन ने बताया कि 9 वर्षीय सुनैना, राजेंद्र कुमार तथा मैका सहित तीन लोगों को प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। वहीं शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विन्ध्य विनय ने बताया कि एक पक्ष से बिंदेश्वरी पत्नी राजेंद्र पासी की तहरीर पर गंगू पासी के विरुद्ध तथा दूसरे पक्ष से मैका पत्नी सीताराम की तहरीर पर राम सिंह के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दोनों को गिरफ्तार कर उप जिलाधिकारी महराजगंज के समक्ष न्यायालय में भेज दिया गया है।

# छात्राओं ने निकाली पौधों की बारात

संवाददाता, संग्रामपुर अमेठी



पौधों की बारात निकालतीं छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** वन महोत्सव के तहत सोमवार को वन विभाग की ओर से भवसिंहपुर पौधशाला से पौधों की बारात निकाली गई। इस अनोखी पहल में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय संग्रामपुर की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

वन दरोगा रणवीर सिंह की निगरानी और वार्डन सीमा मिश्रा की अगुवाई में छात्राएं व शिक्षक गाजे-बाजे के साथ पौधों की बारात में शामिल हुए। छात्राएं पर्यावरण से जुड़े स्लोगन और नारे लगाते हुए हाथ में आम, आंवला, सहजन, नींबू, फूल और सजावटी वृक्षों के पौधों को लेकर कस्बे में भ्रमण करती रहीं और आमजन को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करती रहीं। बारात का उद्देश्य लोगों को हरियाली के प्रति जागरूक करना और पर्यावरण को संरक्षित रखने का संदेश देना था। विद्यालय परिसर पहुंचने के बाद छात्राओं ने पौधरोपण किया। वार्डन सीमा मिश्रा ने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं, हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर मनिता यादव, रश्मि सिंह, मालती, कविता और रीना सिंह के साथ वन विभाग से वनदरोगा रणवीर सिंह, दैनिक श्रमिक राजेंद्र सिंह, राजकुमार, तेज बहादुर आदि मौजूद रहे।

## टेलर की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

संवाददाता, संग्रामपुर अमेठी ,अमृत विचार। क्षेत्र के ठेंगहा बाजार स्थित हनुमान मंदिर के पास रहीश अहमद की सिलाई की दुकान में रविवार देर रात विद्युत शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा कपड़ा, फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक मशीनें जलकर राख हो गईं। स्थानीय निवासी रहीश अहमद इस दुकान के सहारे अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। उन्होंने बताया कि रात करीब तीन बजे उन्हें सूचना मिली कि दुकान में आग लग गई है। वह तुरंत मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। दुकान में रखे ग्राहकों के सिले और बिना सिले कपड़े, फर्नीचर और सिलाई की इलेक्ट्रॉनिक मशीनें पूरी तरह जल गईं। रहीश के अनुसार, करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। सोमवार सुबह हल्का लेखपाल संजीव कुमार द्विवेदी मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया।

# दीन पे लुटाया घर अपना, दे दिया शह ने सर अपना

संवाददाता, रायबरेली



ताजिया जुलूस में शामिल लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मोहर्रम का पहला अशरा समाप्त होने के बाद सोमवार को ऐतिहासिक इमामबाड़ा वक्फ़ मीर वाजिद अली खलिस हाट से 11 मुहर्रम का कदीमी अलम ताज़िया का जुलूस अक़ीदत के साथ बरामद हुआ। दस्ता ए ज़ैनुल एबा रजिस्टर्ड के नौहख्वानों साजिद जाफरी, रिज़वान हैदर, शुमैल, रज़ी हैदर, शान ज़ैदी ने नौहे पढ़े।

सबसे पहले इमामबाड़े में मजलिस हुई, जिसका आगाज़ हसन मुर्तज़ा ने सोज़ ख़्वानी से किया। मजलिस में मौलाना शमवील नक़वी ने कहा कि इमाम हुसैन की क़ुर्बानियां क़ुरआन, दीन और असल इस्लाम, इंसानियत को बचाने के लिए थीं। इसी वजह से अल्लाह इमाम हुसैन के नाम को उनके गम को उनके तज़किरे को दुनियां में बिना ज़ात मज़हब ज़िंदा किये है। यज़ीद जैसा आतंकवादी जो असल इस्लाम को बदल रहा था, उससे दीन ए खुदा को बचाने के लिए लाखों की फ़ौज से 72 लोग बिना खौफ़ के लड़ गए और रेगिस्तान की गर्मी में तीन दिन से प्यासे लोगों ने अल्लाह की राह में क़ुर्बानी दी।

मौलाना ने कहा कि इमाम हुसैन की मदद के लिए उस वक्त हिंदुस्तान से दत्त बराह्मणों की सेना कर्बला के लिए गई थी। मगर तब तक सब शहीद हो चुके थे। यही वजह है कि हिंदुस्तान में सभी इमाम हुसैन का गम अपने अपने तरीक़े से मनाते हैं। बाद मजलिस अलम ताज़िया का मातमी जुलूस बरामद हुआ जिसमे मातमदार क़दीमी रास्तों खलिसहाट, सुरजूपुर से राजघाट होते हुए राना नगर निकट स्थित कर्बला / कब्रिस्तान में नम आंखों से ताज़िया दफ़्न किया।

मुतवल्ली अली सरवर नक़वी (मीसम ) ने पुलिस प्रशासन को सहयोग के लिए धन्यवाद किया। इस मौके पर इमरान रज़ा, ताबिश , अली हसन , अलमदार हुसैन, नज़र अली ज़ैदी , रज़ा मेहंदी, दिलशाद नक़वी, शबाब मुर्तज़ा , मज़हर, मुकर्रम नक़वी, शाकिर नक़वी, औन , नज़र जाफरी, कासिम अब्बास , समरान नक़वी, तौफ़ीक़ आलम, एडवोकेट सलमान नक़वी आदि मौजूद रहे।

# अकीदत के साथ सुपुर्द-ए-खाक किए गए ताजिये



अकीदत में मौजूद लोग। अमृत विचार

शुकुल बाज़ार अमेठी अमृत विचार। रविवार देर शाम ग्राम शेखवापुर, महोना पूरब में 10वीं मोहर्रम का पर्व ग़मगीन माहौल और अदब के साथ मनाया गया। इस मौके पर महोना पश्चिम और आसपास के कई गांवों से ताजिए निकाले गए और अकीदत के साथ सुपुर्द-ए-खाक किए गये। दूर-दराज़ से आए लोगों ने इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की कुर्बानी को याद करते हुए उनके प्रति अपनी अकीदत का इज़हार किया। इस अवसर पर अंजुमन हैदरी, शेखवापुर (महोना पूरब) की ओर से मख़सूस अंदाज़ में नौहे, मातम, क़मा और जंजीर का मातम पेश किया गया। अंजुमन के सदस्यों ने ग़म-ए-हुसैन में डूबकर इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम को खिराजे अकीदत पेश किया। संचालन कर रहे सैयद कौनैन अब्बास नक़वी ने बताया कि यह दिन सिर्फ मातम का नहीं बल्कि हक़ और इंसाफ़ के लिए खड़े होने का पैग़ाम देता है।

सख्ती | जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि विभाग की संयुक्त टीमों ने चलाया अभियान

# उर्वरक बिक्री केंद्रों पर छापेमारी से मचा हड़कंप

संवाददाता, अमेठी



दुकान का निरीक्षण करते जिला कृषि अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि विभाग की संयुक्त टीमों ने सोमवार को जनपद के विभिन्न उर्वरक बिक्री केंद्रों पर सघन छापेमारी अभियान चलाया। जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत दो टीमों का गठन किया गया था, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर उर्वरक दुकानों की जांच की। पहली टीम में उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार एवं जिला कृषि अधिकारी स्वयं शामिल रहे। इस टीम ने बहादुरपुर, तिलोई, सिंहपुर क्षेत्र की करीब 10 दुकानों पर छापेमारी की। जांच के दौरान बहादुरपुर स्थित संजय कुमार मित्तल की दुकान से डीएपी का एक नमूना संग्रहित किया गया। इसके अलावा किसान सेवा केंद्र जायस बहादुरपुर, जायसवाल खाद भंडार, किसान सेवा केंद्र बहादुरपुर, रवि ट्रेडर्स शाहमऊ, एग्री जंक्शन मोहनगंज और किसान सेवा केंद्र फूला सहित कई दुकानों पर निरीक्षण किया गया। फूला स्थित सहकारी समिति निरीक्षण के समय बंद पाई गई, जिस पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। दूसरी टीम में भूमि संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार और अपर जिला कृषि अधिकारी अंकुर सिंह शामिल रहे। इस टीम ने बहादुरपुर से फुरसतगंज तक छापेमारी करते हुए मौर्या ट्रेडर्स बाबूगंज और प्रिज्म ट्रेडर्स बाबूगंज की दुकानों की जांच की। दुकानों पर कमियां पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि अधिकारी ने सभी उर्वरक विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि बिक्री रजिस्टर में कृषकों का नाम, पता और मोबाइल नंबर दर्ज करना अनिवार्य होगा ताकि बिक्री के बाद सत्यापन किया जा सके। उप कृषि निदेशक ने फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि वे अपनी दुकानों पर फ्लेक्सी टांगें जिससे किसानों को उर्वरक की उपलब्धता की जानकारी हो सके। जिला कृषि अधिकारी ने यह भी बताया कि सोमवार की देर रात रायबरेली से 500 एमटी डीएपी की खेप प्राप्त होगी, जिसे मंगलवार की सुबह से ही जनपद की सरकारी समितियों को भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त पूर्व में उपलब्ध 500 एमटी डीएपी का वितरण पहले से जारी है। जनपद में माहवार लक्ष्य के अनुसार डीएपी और यूरिया की कोई कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है।

# किसानों को निशुल्क बीजों के मिनी किट वितरित



बीजों का मिनी किट लिए मौजूद किसान। अमृत विचार

संवाददाता, फुरसतगंज अमेठी

**अमृत विचार।** बहादुरपुर विकासखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार में किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए निशुल्क बीजों के मिनी किट वितरित किए गए। यह बीज किट शान द्वारा उपलब्ध कराए गए थे, जिन्हें भूमि संरक्षण अधिकारी अमेठी व खंड विकास अधिकारी बहादुरपुर संदीप कुमार की देखरेख में किसानों को वितरित किया गया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश बहादुर सिंह ने किसानों को उन्नत किस्म के बीजों से खेती करने और बेहतर पैदावार प्राप्त करने की सलाह दी। बीज भंडार प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि उरद, अरहर, तिल्ली, मूंग, ज्वार, बाजरा आदि के बीजों के मिनी किट किसानों को उनकी भूमि की प्रकृति के अनुसार दिए गए हैं, जिससे उन्हें बेहतर उत्पादन मिल सके। उन्होंने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा, जिसमें किसानों को जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी कृषि कृष्ण कुमार सिंह, बीटीएम बबलू, एटीएम राम प्रकाश, मनीष बाबू, गया प्रसाद मौर्य, अभिषेक सिंह, शिवराम चौधरी, इंद्राणी देवी आदि मौजूद रहे।

# बिजली कटौती से खफा ग्रामीणों ने उपकेंद्र पर जड़ा ताला

संवाददाता, खीरों, रायबरेली



ग्रामीणों को समझाते प्रभारी निरीक्षक। अमृत विचार

**प्रदर्शन**

- विभागीय अधिकारियों के लिखित आश्वासन और पुलिस के समझाने पर हुए शांत

**अमृत विचार।** बिजली संकट क्षेत्र में दिनोंदिन गहराता जा रहा है। सोमवार को आसपास गांव के लोग विद्युत उपकेन्द्र खीरों पहुंच गए। ग्रामीणों ने मुख्य गेट पर ताला बंद कर ब्लाक मुख्यालय खीरों के पास सेमरी-गुरुबक्सगंज मार्ग जाम कर दिया। सूचना पर पुलिसबल के साथ पहुंचे प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने समझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन विभागीय अधिकारियों को बुलाने पर अड़े रहे। लगभग आधा घंटा मार्ग जाम रहने पर विभागीय अधिकारियों ने पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को दो दिन में उचित विद्युत आपूर्ति देने का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया। इस दौरान प्रदर्शन स्थल के दोनों ओर सड़क पर कई किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गई। पुलिस ने काफी मेहनत कर जाम खुलवाया। प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग और अधिकारियों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।

खीरों क्षेत्र में विद्युत उपकेन्द्र खीरों, कलुआखेड़ा और सेमरी सहित कुल तीन उपकेन्द्र स्थित हैं। जिनसे लगभग पौने दो लाख आबादी को आपूर्ति दी जाती है। लेकिन विगत कई दिनों से क्षेत्र के उपभोक्ता और किसान भीषण बिजली संकट से जूझ रहे हैं। सोमवार को किसानों और उपभोक्ताओं के धैर्य का बांध टूट गया। कस्बा खीरों, टिकवामऊ, अखउपुर, अकोहरिया सहित कई गांवों के लोग विद्युत उपकेन्द्र खीरों पहुंचकर बिजली विभाग और विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए उपकेन्द्र खीरों के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया। ब्लाक मुख्यालय खीरों के पास सेमरी-गुरुबक्सगंज मार्ग जाम कर धरना प्रदर्शन और नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक खीरों सन्तोष कुमार सिंह ने पुलिसबल के साथ पहुंचकर उपभोक्ताओं और किसानों को समझा बुझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया। लेकिन प्रदर्शनकारियों ने विभागीय अधिकारियों को बुलाकर वार्ता करने की बात कही। उपखंड अधिकारी अनमोल डागौर के पहुंचने पर प्रदर्शनकारियों ने जमकर भड़ास निकाली। एसडीओ ने लिखित आश्वासन देते हुए कहा कि बिजली संकट से पैदा हुए जनाक्रोश और भारी लोड को देखते हुए अधिक और बेहतर आपूर्ति देने के लिए 33 केवी सेमरी और अन्य लाइनों का सहारा लिया जाएगा।

**बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए मांगा समय**

एसडीएओ ने मौरावां 132 के वी से वोल्टेज बढ़ाने के लिए त्वरित कार्यवाही करने के लिए अधिशाषी अभियंता लालगंज के माध्यम से निवेदन किया गया है। जनता के रोष के परिप्रेक्ष्य में तत्काल डबल ग्रुप में (24 घंटे विद्युत आपूर्ति) हेतु पत्र भेजा गया है। सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के बाद फीडरवार उचित आपूर्ति दी जाएगी। इस प्रक्रिया में दो दिन का समय चाहिए।

# हत्याकांड का खुलासा न होने से बढ़ा आक्रोश

लालगंज, रायबरेली



लालगंज व्यापार मंडल के साथ मृतक सुखदेव लोधी की दोनों पुत्रियां। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गल्ला व्यापारी हत्याकांड खुलासा नहीं होने से व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। सोमवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के लालगंज अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, प्रदेश मंत्री मृत्युंजय बाजपेई, नगर महामंत्री शिवम गुप्ता ने पुलिस के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि महारानीगंज के गल्ला व्यापारी सुखदेव लोधी की हत्या को एक सप्ताह बीत गए हैं। लेकिन अभी तक पुलिस हत्या करने वालों को पकड़ नहीं पाई है।

व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि मृतक की दोनों पुत्रिया अदिति और रागिनी ने संपूर्ण समाधान दिवस में लालगंज पहुंचकर जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर अपने पिता के हत्यारे को जल्द से जल्द पकड़ने के बाबत प्रार्थना पत्र भी दिया था। लेकिन तब भी पुलिस प्रशासन अभी तक बदमाशों को पकड़ नहीं पाई है। व्यापार मंडल ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हत्यारो को पकड़ा ना जाने से व्यापारियों में आक्रोश है और व्यापारी डर के साये में जी रहा है। बताते चले कि 1 जुलाई की रात महारानीगंज के गल्ला व्यापारी सुखदेव लोधी की बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी और उसकी पत्नी सरोजिनी को भी गोली मारा था। सरोजिनी इलाज के बाबत अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ मुकदमा तो दर्ज किया है लेकिन अभी तक किसी भी हत्यारे तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंचे सके हैं। हालांकि व्यापारी की हत्या के मामले में सपा, कांग्रेस सहित भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने महारानीगंज पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है और पुलिस प्रशासन से हत्यारों को जल्द पकड़ने की मांग की है।

## एक नजर

### कीटनाशक पीने से युवक की हालत गंभीर

**ऊंचाहार, रायबरेली।** सुन्दरनगरी मजरे मोखरा गांव निवासी सजंय कुमार (26) ने रविवार की देर शाम घर पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक पी लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई, जानकारी होने पर परिजनों ने आनन फानन उसे सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि युवक ने कीटनाशक पिया था, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### सड़क हादसे में दो घायल

**ऊंचाहार, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के हिसामपुर निवासी रिंकू 28 वर्ष रविवार की देर शाम साइकिल से बहेरवा बाजार से घर जा रहा था। तभी एनटीपीसी प्लांट गेट के पास सामने से आ रहे बाइक सवार एहसान 18 वर्ष निवासी कस्बा ऊंचाहार ने उसकी साइकल में टक्कर मार दी। घटना में दोंनो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये, राहगीरों की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल दो लोग सीएचसी आये थे, जिनका उपचार किया गया है।

### दुकान में तोड़फोड़ और मारपीट, मुकदमा दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के तौधकपुर निवासी भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनीष त्रिवेदी ने पुलिस को शिकायती पत्र देते दुकान में तोड़फोड़ और मारपीट का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। भाजपा नेता द्वारा दिए गए तहरीर में गांव के अनुज त्रिवेदी पुत्र विनोद त्रिवेदी पर आरोप लगाया कि पांच जुलाई को उनकी दुकान में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ किया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि अनुज त्रिवेदी सहित दो-तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### रंजिश में फूंकी गुमटी

**ऊंचाहार, रायबरेली।** मवई गांव निवासी श्यामू पटेल घर पर ही गुमटी में परचून की दुकान चलाता है। उसका आरोप हैं कि रविवार की देर रात गांव के ही एक व्यक्ति ने रंजिश के कारण उसकी दुकान में आग लगा दी। ग्रामीणों द्वारा जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक एक बाइक, साइकल समेत दुकान में रखा परचून का सारा सामान जलकर राख हो गया, सूचना पर पीआरवी भी मौके पर पहुंची, पीड़ित ने एक लाख रुपये से अधिक के नुकसान की आशंका जताते हुए गाँव के व्यक्ति को नामजद करते हुए तहरीर दी है। कोतवाल सजंय कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# महिला का शव लेकर चंदापुर थाने पहुंचे ग्रामीण, हंगामा

## जमीन विवाद में हत्या का मामला, एएसपी के समझाने पर महिला के अंतिम संस्कार को तैयार हुए ग्रामीण



रोते-बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार



सड़क जाम की सूचना पर पहुंचे एएसपी संजीव कुमार सिन्हा साथ में मौजूद सपा विधायक श्याम सुंदर भारती व जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र यादव। अमृत विचार

संवाददाता, महाराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** चंदापुर थाना क्षेत्र के अनवरगंज मजरे ज्योना स्थित लामी चौराहे पर रविवार को जमीन विवाद में हुई सुनीता की हत्या का मामले ने सोमवार को तूल पकड़ लिया। सोमवार दोपहर करीब 3 बजे पोस्टमार्टम के बाद महिला का शव गांव पहुंचता इससे पहले ही चंदापुर नहर पुल पर आक्रोशित परिजन व ग्रामीण पुलिस पर भड़ास निकालने लगे। पुलिस पर नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं करने का आरोप लगाते हुए वे लोग चंदापुर नहर पुल से गांव जाने की बजाय शव को लेकर थाने जाने लगे। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने रोकने का काफी प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हुए। ग्रामीणों के साथ सपा विधायक श्याम सुंदर भारती और सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव महिला के शव को लेकर चंदापुर थाने पहुंच गए और हंगामा करने लगे। वहां पहले से ही मौजूद एएसपी संजीव कुमार सिन्हा ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद ही परिजन मृतका का अंतिम संस्कार करने को राजी हुए। कसरेहला में अंतिम संस्कार के बाद अफसरों ने राहत की सांस ली। विधायक और सपा जिला अध्यक्ष पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मृतका के पिता गुरुचरण यादव के घर पहुंचे और न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

**इन पर दर्ज हुआ मुकदमा**

मृतका के भतीजे की तहरीर पर देर रात पुलिस ने शैलेन्द्र सिंह पुत्र सुरेश सिंह, दीपक सिंह पुत्र अज्ञात, राहुल सिंह उर्फ बाहुबली पुत्र अज्ञात निवासीगण जनई, हौसिला प्रसाद, अखिलेश पुत्रगण रतीपाल, विकास पुत्र हौसिला निवासी अलवरगंज लामी, चंदापुर, रणविजय सिंह पुत्र रामसुमेर सिंह निवासी अशरफाबाद, रणविजय सिंह पुत्र अज्ञात खैरबा मजरे मुरैनी सहित दस अज्ञात के विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

**आरोपियों पर पुलिस रही मेहरबान**

कसरेहला निवासी मृतका सुनीता के पति सौरभ चंदापुर में रेडीमेड गारमेंट की दुकान करते हैं। सुनीता की शादी मई 2018 में सौरभ के साथ हुई थी। उनके एक बेटा अंश पांच साल का है। मृतका के भाई दिनेश यादव का कहना है कि पुलिस शनिवार देर रात हुई मारपीट के बाद ठोस कार्रवाई करती तो उसकी बहन की हत्या न होती। आरोप लगाया कि विपक्षी शैलेन्द्र सिंह ने स्थानीय थाना पुलिस की शह पर किराए के 25-28 गुंडे बुलाकर निर्माणाधीन मकान पर घटना को अंजाम दिया।

# चंदापुर थानेदार पर गिरी गाज एसपी ने किया निलंबित

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली

**सख्ती**

- लापरवाही बरतने पर हुई कार्रवाई, तीन आरोपी गिरफ्तार
- अरविंद कुमार को चंदापुर थाने की कमान सौंपी

**अमृत विचार।** चंदापुर थाना क्षेत्र के लामी चौराहे पर हो रहे निर्माण के दौरान दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में महिला की हत्या के मामले में एसपी ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने शनिवार रात हुई मारपीट के मामले में चंदापुर थाना पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई करने में लापरवाही बरतने पर चंदापुर थानाध्यक्ष प्रशांत द्विवेदी को निलंबित कर दिया है। साथ ही अरविंद कुमार को चंदापुर थाने की कमान सौंपी है। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में खलबली मची हुई है।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने बताया कि पुलिस के द्वारा शनिवार रात को हुए विवाद में समय रहते कार्रवाई की गई होती तो दूसरे दिन बड़ी घटना न होती। नामजद हत्यारोपियों में तीन को गिरफ्तार किया गया है। बाकी अन्य की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। एक घायल आरोपी का इलाज लखनऊ में चल रहा है, जिसे बाद में गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने आरोपी रणविजय सिंह निवासी खैरबा मुरैनी, हौसिला पुत्र रतीपाल अनवरगंज लामी, अखिलेश पुत्र रतीपाल अनवरगंज लामी को गिरफ्तार किया है। वहीं सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने सभी आरोपियों की गिरफ्तारी और परिवार को एक करोड़ रुपये दिलाए जाने की मांग की है।

# जिला जेल में बंदी की मौत से मचा हड़कंप

**रायबरेली, अमृत विचार।** जिला कारागार में एक विचाराधीन बंदी की अचानक हालत बिगड़ गई। उसे जेल चिकित्सालय से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां पर मौत हो गई। अब तक मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन जेल प्रशासन और पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है।

अमेठी जिले के मोहनगंज थाना क्षेत्र के लंगड़ा का पुरवा मजरे पाकरगांव निवासी सोनू पुत्र पचई एनडीपीएस एक्ट के मामले में तीन अप्रैल 2025 से जिला कारागार में निरुद्ध था। बताते हैं कि वह लंबे समय से नशे का आदि था, जिसके कारण वह लीवर और हृदय की गंभीर बीमारियों से ग्रसित था। उसे जेल चिकित्सालय में भर्ती कर उपचार किया जा रहा था और बीच-बीच में जांच और उपचार के लिए जिला अस्पताल, एम्स रायबरेली और केजीएमयू लखनऊ भेजा गया था। सोमवार की सुबह सोनू की तबियत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उसे कारागार चिकित्साधिकारी डा. सुनील अग्रवाल की सलाह पर जिला चिकित्सालय भेजा गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद सोनू को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# एम्स चिकित्सकों ने जन्मजात दुर्लभ बीमारी से बच्चे को बचाया

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में दुर्लभ रोग इन्कॉन्टिनेंट एपिस्पेडियस से पीड़ित नौ वर्षीय बालक की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। इस बीमारी की घटनाएं अत्यंत विरल होती हैं। करीब एक लाख जीवित जन्मों में केवल 2.5 मामलों में ही यह पाई जाती है। इस रोग में बच्चे का लिंग (पेनिस) सामान्य रूप से विकसित नहीं होता और जन्म से ही मूत्र पर कोई नियंत्रण नहीं रहता, जिससे बच्चा लगातार पेशाब करता रहता था। कपड़े हमेशा गीले रहते थे। इसी वजह से बच्चा कभी स्कूल नहीं गया और सामाजिक जीवन से पूरी तरह कट गया।

माता-पिता ने एम्स रायबरेली के बाल शल्य चिकित्सा विभाग में परामर्श लिया। सभी आवश्यक जांच-पड़ताल के बाद डॉक्टरों की टीम ने पद्मश्री प्रो. शिव नारायण कुरील (पूर्व विभागाध्यक्ष, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी) के मार्गदर्शन में यह जटिल सर्जरी की। संस्थान से डॉक्टर डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. अलीम, डॉ. दिव्या, डॉ. विनय और अन्य विशेषज्ञों ने 10 घंटे तक चले ऑपरेशन को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। लगभग 20 दिनों तक अस्पताल में विशेष देखभाल के बाद बच्चे को उसके नौवें जन्मदिन पर स्वस्थ अवस्था में छुट्टी दी गई। सर्जरी के बाद अब बच्चे का लिंग पूरी तरह सामान्य आकार में विकसित हो गया है। बच्चे को मूत्र पर पूरा नियंत्रण है। अब वह मूत्र का संवेग महसूस करता है और शौचालय में जाकर सामान्य रूप से मूत्र त्याग कर रहा है। बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है और एक सामान्य बालक की तरह जीवन जी रहा है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में एम्स रायबरेली के कार्यकारी निदेशक मेजर जनरल (डॉ.)विभा दत्ता, एसएम (सेवानिवृत्त) का विशेष सहयोग और प्रोत्साहन मिला।

# वसूली के खिलाफ टेंपो चालकों का डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

- नगरपालिका की ओर से निर्धारित शुल्क से अधिक मांगने का लगाया आरोप

संवाददाता, रायबरेली



टैक्सी स्टैंड पर वसूली के खिलाफ ज्ञापन देने पहुंचे टेंपो चालक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर में अवैध वसूली के खिलाफ टेंपो चालकों ने मोर्चा खोल दिया है। चालकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि राना नगर और राजघाट पर संचालित टेंपो स्टैंड पर अवैध वसूली जोरों पर है। विरोध करने पर उनके गुर्गे मारपीट करने पर आमादा हो जाते हैं।

राजन तिवारी, सतीश प्रसाद, बबलू आदि का कहना है कि नगर पालिका की ओर से निर्धारित धनराशि से अधिक ठेकेदार द्वारा वसूला जा रहा है। पहले 30 रुपये की रसीद काटी जाती थी, लेकिन मुख्यमंत्री के आदेश के बाद अवैध वसूली पर रोक लगा दी गई थी। कुछ दिन रोक लगी रही, लेकिन वसूली पुनः दोबारा शुरू हो गई है। 35 रुपये की जगह 80 रुपये जबरन वसूले जा रहे हैं। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो जाते हैं।

टेंपो चालकों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए अवैध वसूली पर कार्यवाही करने की मांग की है। टेंपो चालकों का कहना है कि अगर अवैध वसूली बंद नहीं की गई तो उन्हें मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा।


उधर, एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि जो लोग अवैध वसूली कर रहे हैं, उनके ऊपर कार्यवाही करके जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध वसूली करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

**पहले भी ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन कर चुके चालक :** नगर पालिका परिषद द्वारा आवंटित स्टैंड में मनमानी चरम पर है। राजघाट पर पहले भी ठेकेदार के खिलाफ चालक प्रदर्शन कर चुके हैं। इसके बावजूद नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। टेंपो चालकों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा संचालित टैक्सी स्टैंड पर अवैध वसूली का कई बार आरोप लग चुका है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। हालांकि अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। ठेकेदार के खिलाफ जांच कराई जाएगी।

## सार-संक्षेप

### जेईई एडवांस्ड-2025 में छात्र चयनित

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल के छात्र अंश सिंह के जेईई एडवांस्ड- 2025 में चयनित होने पर प्रधानाचार्य राजीव सिंह द्वारा छात्र का स्वागत व सम्मान किया गया। छात्र अंश ने विद्यालय के छात्रों के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि अपने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अपनी रणनीति तय करेंगे तो सफलता निश्चय है। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




छात्र को सम्मानित करते शिक्षक।

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत, एक घायल

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के भटानी हार मजरे डलमऊ ग्राम निवासी महाराजदीन 60 वर्ष पुत्र जगन्नाथ भंडारे में शामिल होने के लिए दीनगंज गांव गए थे। वहां से साइकिल से अपने घर वापस आ रहे थे कि तभी डलमऊ ऊंचाहार मार्ग पर पखरौली रेलवे क्रॉसिंग के पास सामने से आ रही मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। जिसमें दोनों लोग घायल हो गए। जिन्हें आसपास के क्षेत्रीय लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया, जहां पर साइकिल सवार महाराजदीन को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वही मोटरसाइकिल सवार अंकित 25 वर्ष निवासी पुरे रजऊ मजरे बेलाहनी डलमऊ रायबरेली का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्व एडीओ पंचायत पर 25 हजार रुपये जुर्माना

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** विकास खंड में तैनात पूर्व एडीओ पंचायत विनय कुमार निर्मल अपने तानाशाही पूर्ण रवैया और मनमानी के चलते अक्सर चर्चा में रहते हैं। उनका यही आचरण और सूचना आयोग के आदेशों की अवहेलना करना भारी पड़ गया। आयोग के समक्ष निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं होने और मांगी गई सूचना समय से उपलब्ध न कराने पर उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग ने कार्रवाई करते हुए 25 हजार का जुर्माना लगाया है। यह राशि उनके वेतन से वसूलने का आदेश जारी किया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि वसूली की जिम्मेदारी उनके विभागीय वरिष्ठ अधिकारी की होगी। उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग के आयुक्त हर्ष वर्धन शाही द्वारा जारी आदेश के अनुसार खीरों ब्लाक के गांव मेरुई निवासी गौरव सिंह द्वारा जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचनाएं मांगी गई थी। लेकिन एडीओ विनय कुमार निर्मल ने उन्हें समय से सूचना उपलब्ध नहीं कराई। जिसकी शिकायत गौरव सिंह ने उत्तर प्रदेश जन सूचना आयोग में की। पूर्व एडीओ पंचायत और वर्तमान में ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार निर्मल द्वारा सूचना आयोग के पूर्व आदेश दिनांक 2 मार्च 2023 के क्रम में अपना स्पष्टीकरण आयोग के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। आयोग ने सुनवाई की तिथि पर विनय कुमार निर्मल की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए यह आदेश पारित किया। आयुक्त हर्ष वर्धन ने रजिस्ट्रार राज्य सूचना आयोग को निर्देश दिया है कि उक्त आदेश की प्रति प्रमुख सचिव पंचायती राज विभाग लखनऊ, निदेशक पंचायती राज लखनऊ को भी भेजी जाए। जिससे प्रतिदिन 250 रुपए की दर से 25000 रुपये अर्थदंड विनय कुमार निर्मल के वेतन से वसूला जाए। उधर, पूर्व एडीओ पंचायत विनय कुमार निर्मल ने बताया कि आयोग द्वारा उन पर नियम विरुद्ध कार्यवाही की गई है, जो कि गलत है। इसको लेकर न्यायालय में अपील की जाएगी।

### ड्यूटी के दौरान चिकित्सक का सोते हुए वीडियो वायरल

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** सामुदायिक केंद्र में तैनात एक डॉक्टर का ड्यूटी के दौरान सोते हुए वीडियो सोशल मीडिया को वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होते ही विभाग में हड़कंप मच गया। प्रकरण में सीएचसी अधीक्षक ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में सीएचसी में तैनात डा. जितेन्द्र सिंह का ड्यूटी के दौरान सोते हुए नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो कब का यह पता नहीं चल पाया है। लेकिन ड्यूटी के दौरान डॉक्टर का सोना स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की पोल खोल हो रहा है। सीएचसी अधीक्षक डा. एलपी सोनकर ने बताया वीडियो वायरल होने के बाद डॉक्टर से नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है

**विरोध** — शिक्षकों ने कहा, तीन किमी दूर कैसे जाएंगे बच्चे, प्राइवेट विद्यालयों के खुलेंगे दरवाजे

# मर्जर व पेयरिंग के खिलाफ आरएसएम का प्रदर्शन

संवाददाता, रायबरेली




कलेक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन देने जाते शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों के मर्जर और पेयरिंग के खिलाफ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने विकास भवन परिसर में धरना प्रदर्शन किया। पेयरिंग और मर्जर को रोकने के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। शिक्षकों ने कहा कि विद्यालय मर्जर की वजह से गांवों में गरीब नौनिहालों का भविष्य बर्बाद हो जाएगा। बहुत अभिभावक अपने बच्चों को नहीं पढ़ा पाएंगे। शिक्षक विद्यालय से चला जाएगा, लेकिन बच्चा गांव में छूट जाएगा और ड्रॉपआउट का ग्राफ बढ़ेगा।

विकास भवन में आयोजित धरना प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार की तरफ से की जा रही पेयरिंग और मर्जर की वजह से बच्चों का भविष्य बर्बाद हो जाएगा। बच्चे पढ़ नहीं पाएंगे और आरटीई एक्ट के नियमों का उल्लंघन होगा। नई शिक्षा नीति के तहत सरकार केंद्रीय नीति लागू करने जा रही है, लेकिन गांवों के परिवेश और दूरी को बिल्कुल ही ध्यान नहीं दे रही है। जिला मंत्री शशि देवी ने कहा कि अधिकारियों ने भौतिक स्तर पर सत्यापन किए बिना ही विद्यालयों को मर्जर करने की घोषणा कर दी। अब स्थिति यह है कि गांवों से बच्चा तीन-तीन किलोमीटर दूर जाने को मजबूर होगा। अब ऐसी स्थिति में शायद वह बच्चा गांव में ही छूट जाएगा।

जिला संगठन मंत्री मधुकर सिंह और संयुक्त मंत्री हरिमोहन यादव ने कहा कि सरकार ने आरटीई एक्ट इसी वजह से लागू किया था कि हर बच्चे को सुगम तरीके शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध हो सकें। ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सिंह, ब्रजेन्द्र और अविनाश सिंह ने कहा कि मर्जर और पेयरिंग में विद्यालय अभिभावकों के साथ में बैठक करके उनकी सहमति और असहमति को जरूर लिखें और हस्ताक्षर भी कराएं, यह भविष्य में विद्यालय को बचाने में बहुत ही कारगर होगा। शिक्षक नेता दिनेश सिंह ने कहा कि भौतिक रूप से विद्यालय चले या न चले लेकिन कागजों पर विद्यालय वर्षों तक चलता रहेगा ताकि कहीं कोर्ट में उस मुद्दे को चैलेंज न किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संजय कनौजिया ने किया। बैठक में हरिशरण सिंह, अमित, भानु प्रताप सिंह, अंकित, मनोज, वीरेंद्र चौधरी, धीरेंद्र, रामेश्वर, पुष्पलता पांडेय, रणविजय सिंह गंगा पारी, अनूप, प्रतिमा सिंह आदि मौजूद रहे।

# सांसद से सम्पर्क मार्ग के डामरीकरण की मांग



ग्राम पंचायत बैंती अंतर्गत पूरे तिलकराम को जोड़ने वाला खस्ताहाल रायपुर मार्ग।

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैंती अन्तर्गत पूरे तिलकराम सम्पर्क मार्ग से जोड़ने वाला रायपुर खड़ंजा संपर्क मार्ग जगह-जगह जर्जर एवं गड्ढों में तब्दील हो चुका है। गड्ढों के चलते राहगीरों, ग्रामीणों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण राजेंद्र कुमार, रामनरेश, राम मिलन आदि ने बताया कि इस मार्ग की मरम्मत के लिए कई बार खण्ड विकास अधिकारी से मांग की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। खराब रास्ते के कारण बरसात के मौसम में स्थिति और भी बदतर हो जाती है।

ग्रामीणों की समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव एडवोकेट गौरव मिश्रा ने रायबरेली के सांसद राहुल गांधी को पत्र भेजकर इस मार्ग के डामरीकरण की मांग की है। गौरव मिश्रा ने बताया कि सांसद राहुल गांधी ने सांसद निधि से संपर्क मार्ग को बनवाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि यह सम्पर्क मार्ग क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ता है, जिससे इस मार्ग पर हमेशा आवागमन बना रहता है। सम्पर्क मार्ग बदहाल होने से आवागमन में लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

संसारातपदग्धानां त्रयो विश्रान्तिहेतव:।
अपत्यं च कलत्रं च सतां संगतिरेव च ॥

सांसारिक ताप से जलते हुए लोगों को तीन ही चीजें आराम दे सकती हैं – सन्तान, पत्नी तथा सज्जनों की संगति।

## संपादकीय

# वैश्विक संस्थानों में सुधार

वैश्विक व्यवस्था दबाव में है और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय अनिश्चितताओं का सामना कर रहा है, ऐसे समय में ब्रिक्स की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स देशों से वैश्विक सहयोग एवं बहुध्रुवीय विश्व में अहम भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि वे मिसाल बनें और 'ग्लोबल साउथ' की अपेक्षाओं को पूरा करें। प्रधानमंत्री ने वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूत करने के भारत के संकल्प को दोहराया। बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के निर्माण में ब्रिक्स की भूमिका महत्वपूर्ण है। 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस समूह की ताकत इसकी विविधता और बहुध्रुवीयता के प्रति साझा प्रतिबद्धता में निहित है। 21 वीं सदी में, विश्व व्यवस्था बहुध्रुवीयता की ओर बढ़ रही है। भारत बहुध्रुवीय विश्व में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है। इसकी बढ़ती आर्थिक और राजनीतिक शक्ति, रणनीतिक स्वायत्तता और विभिन्न वैश्विक मंचों में सक्रिय भागीदारी इसे एक महत्वपूर्ण शक्ति बनाती है। बहुध्रुवीय विश्व में भारत के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों हैं। इसे अपनी विकास महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए अपनी कूटनीतिक और रणनीतिक क्षमताओं का उपयोग करना होगा। इसका लक्ष्य एक ऐसा वैश्विक व्यवस्था बनाना है जो शांति, स्थिरता और सभी देशों के विकास का समर्थन करे।

गौरतलब है कि वैश्विक शांति और विकास सुनिश्चित करने के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार आवश्यक हैं। प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और विश्व व्यापार संगठन जैसी वैश्विक संस्थाओं में सुधार की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। सुधार प्रासंगिकता की कुंजी है। 20वीं सदी की वैश्विक संस्थाएं 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम नहीं हैं और इन्हें वर्तमान वास्तविकताओं के अनुरूप तुरंत सुधार की आवश्यकता है। इनमें विकासशील देशों की भागीदारी को सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वैश्विक निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी आवाज सुनी जाए। स्पष्ट है कि शांति और सुरक्षा के मुद्दों को एक दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता है। शांति और सुरक्षा बनाए रखने और वैश्विक शासन में सुधार के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र, क्षेत्रीय संगठनों, और नागरिक समाज सहित विभिन्न हितधारकों को शामिल किया जाए। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि ये प्रयास सभी सदस्य देशों के हितों को पूरा करते हैं और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में योगदान करते हैं।

# जल संकट समाधान की जनसहभागिता आधारित क्रांति



डॉ. अजय सहाय
लेखक

वैज्ञानिक दृष्टि से जब वर्षा जल का लगभग 1869 बीसीएम नदियों में बह जाता है, 432 बीसीएम भूजल में जाता है, वेटलैंड में 75-80 बीसीएम जल संचित होता है, वनों में 90-100 बीसीएम, नहरों में 20 बीसीएम, परंपरागत जल स्रोतों में 80-100 बीसीएम, सोख्ता गड्ढों में 10-15 बीसीएम और वर्षा जल संचयन संरचनाओं में मात्र 20-25 बीसीएम जल ही संरक्षित हो पाता है।

पानी पंचायत की अवधारणा भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में जल प्रबंधन की एक अनूठी और प्रभावशाली पहल है, जिसकी नींव वर्ष 1974 में महाराष्ट्र के पुणे जिले के मैनगांव गांव में रखी गई थी, जब गांव के किसानों ने सामूहिक जल प्रबंधन का निर्णय लिया और जल को निजी संपत्ति के बजाय सामूहिक संपत्ति माना, जिसके बाद देश के अन्य हिस्सों में भी पानी पंचायतें अस्तित्व में आईं और 2020 के बाद 'कैच द रेन' तथा 'अटल भूजल योजना' जैसे अभियानों के तहत इसने नई पहचान बनाई।

आज जब भारत प्रतिवर्ष लगभग 4000 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) वर्षा जल प्राप्त करता है, जिसमें से लगभग 3200 बीसीएम जल विभिन्न कारणों से व्यर्थ बह जाता है और मात्र 800 बीसीएम जल का ही उपयोग हो पाता है, तब पानी पंचायत जैसी सामुदायिक संरचना वर्षा जल संचयन, जल पुनर्भरण, और जल उपयोग के क्षेत्र में क्रांतिकारी भूमिका निभा रही है, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां भूजल का स्तर 500 फीट से 4000 फीट तक गिर चुका है।

भारत के नीति आयोग ने 'जल आत्मनिर्भर भारत 2047' के दृष्टिकोण में पानी पंचायत को केन्द्रीय भूमिका प्रदान की है, नीति आयोग के अनुसार जल प्रबंधन में सामुदायिक भागीदारी ही दीर्घकालिक समाधान है, आयोग ने वर्ष 2018 में 'समग्र जल प्रबंधन सूचकांक (सीडब्ल्यूएमआई) के माध्यम से राज्यों को जल प्रबंधन में रैंकिंग दी तथा 'राज्य जल कार्य योजना' के तहत पंचायत स्तर तक जल कार्यों की योजना बनाना अनिवार्य किया है, साथ ही भारत सरकार ने अमृत सरोवर योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जल जीवन मिशन, जल शक्ति अभियान तथा राष्ट्रीय जल मिशन जैसी योजनाओं में पंचायतों की सहभागिता बढ़ाने पर बल दिया है। महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में पानी पंचायतों को कानूनी दर्जा प्रदान कर स्थानीय जल स्रोतों जैसे तालाब, कुएं, झील, नदियां, जलाशय, सोख्ता गड्ढा, खेत तालाब, वेटलैंड, चेक डैम तथा बांधों के प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई है, आज जब भारत के लगभग 60 प्रतिशत जिले जल संकटग्रस्त हैं और 2030 तक जल की मांग उपलब्धता से दोगुनी हो जाने का अनुमान है, ऐसे में पानी पंचायत का वैज्ञानिक महत्व और भी बढ़ जाता है।



मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि जल दक्षता, सूक्ष्म सिंचाई, वेटलैंड संरक्षण जैसे अभियानों में पानी पंचायतें अग्रणी हैं, इनके प्रयासों से जल संकट, बाढ़, सूखा, पेयजल संकट, कृषि संकट, जल प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, सामाजिक समावेशन व एसडीजी-6 जैसे वैश्विक लक्ष्यों की पूर्ति संभव हो रही है।

वैज्ञानिक दृष्टि से जब वर्षा जल का लगभग 1869 बीसीएम नदियों में बह जाता है, 432 बीसीएम भूजल में जाता है, वेटलैंड में 75-80 बीसीएम जल संचित होता है, वनों में 90-100 बीसीएम, नहरों में 20 बीसीएम, परंपरागत जल स्रोतों में 80-100 बीसीएम, सोख्ता गड्ढों में 10-15 बीसीएम और वर्षा जल संचयन संरचनाओं में मात्र 20-25 बीसीएम जल ही संरक्षित हो पाता है। तब पानी पंचायतें सामूहिक रूप से वेटलैंड पुनर्जीवन, खेत तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, सोख्ता गड्ढा निर्माण, नदी पुनर्जीवन, जलागम विकास, ड्रेनेज रिचार्ज, जल बंटवारा, तथा जल संग्रहण जागरूकता अभियानों के माध्यम से हर वर्ष न्यूनतम 400-500 बीसीएम अतिरिक्त जल का संरक्षण कर सकती हैं, जिससे वर्षा जल के 3200 बीसीएम व्यर्थ बहने वाले जल को प्रभावी ढंग से बचाया जा सकता है। वहीं वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार यदि प्रत्येक पंचायत वर्षा जल के 5 प्रतिशत जल का संरक्षण करे तो भारत हर वर्ष 200 बीसीएम से अधिक जल संरक्षित कर सकता है, जिससे सूखा, बाढ़, जल प्रदूषण, पेयजल संकट और कृषि संकट को कम किया जा सकता है, साथ ही पानी पंचायतें बाढ़ नियंत्रण में भी निर्णायक भूमिका निभा रही हैं, विशेषकर कोसी, ब्रह्मपुत्र और बागमती जैसी नदियों के क्षेत्रों में, जहां मानसून के दौरान 5 लाख से 20 लाख क्यूसेक तक पानी का बहाव होता है, जिससे नेपाल व भारत के अनेक जिलों में बाढ़ का संकट उत्पन्न होता है। पानी पंचायतें जलग्रहण क्षेत्र में ट्रेंचिंग, कंटूर बंडिंग, खेत तालाब, आहर-पइन पुनर्जीवन के माध्यम से जल गति को धीमा करती हैं, पुराने नदी मार्गों व वेटलैंड पुनर्जीवन से जल का प्रवाह फैला कर उसकी स्पीड कम करती हैं, साथ ही ड्रेनेज सुधार, जल निकासी चैनलों की सफाई व चौड़ीकरण से पानी का संतुलित बहाव सुनिश्चित करती हैं, वनों और नीम कॉरिडोर जैसे वृक्षारोपण से मिट्टी कटाव रोक कर बाढ़ की तीव्रता घटाती हैं।

जल अवरोधक वनस्पतियां जैसे टाइफा, जलकुंभ व हाइड्रिला बाढ़ जल की स्पीड घटाकर नमी बढ़ाती हैं, सामुदायिक जल भंडारण जैसे बड़े तालाब, चेक डैम, सोख्ता गड्ढे, खेत तालाब जल दबाव को बांटते हैं, जिससे बाढ़ की गति कम होती है, नीति आयोग के अनुसार पानी पंचायतें जलग्रहण क्षेत्रों में 30 प्रतिशत तक बाढ़ की गति कम करने में सक्षम हैं, वैज्ञानिक शोधों में पाया गया है कि वेटलैंड आधारित जल अवरोधक प्रति हेक्टेयर 40,000 से 1 लाख लीटर जल प्रवाह रोक सकती हैं, जिससे बाढ़ की तीव्रता नियंत्रित होती है। जल चेतावनी प्रणाली, ड्रोन सर्वेक्षण, जल मानचित्रण से बाढ़ पूर्व सूचना व प्रबंधन भी पानी पंचायतें करती हैं, इनका मॉडल गाँव के प्रत्येक वर्ग—किसान, महिला एसएचजी, युवा, छात्र, श्रमिक-को जोड़ता है, जिससे जनसहभागिता के साथ जल संरक्षण व बाढ़ नियंत्रण संभव होता है, नीति आयोग के अनुसार प्रत्येक पंचायत यदि 100 करोड़ लीटर जल संरक्षित करे तो 2.6 लाख पंचायतें मिलकर हर साल 260 बीसीएम जल बचा सकती हैं। वेटलैंड आधारित पंचायतें मिलकर यह आंकड़ा 500 बीसीएम तक पहुंचा सकती हैं, जिससे भारत 2047 तक जल आत्मनिर्भर बन सकता है, जल पंचायतों के पांच स्तंभ जल ज्ञान, जल मापन, जल संरक्षण, जल पुनः प्रयोग व सामुदायिक भागीदारी के अंतर्गत जल ऑडिट, जल बजट, जल मानचित्रण व पंचायत जल बैठकें अनिवार्य हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल शक्ति मंत्रालय ने 'जहां गिरे, वहीं संचित करें' के सिद्धांत से पानी पंचायतों को कैच द रेन अभियान से जोड़ा है।

मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि जल दक्षता, सूक्ष्म सिंचाई, वेटलैंड संरक्षण जैसे अभियानों में पानी पंचायतें अग्रणी हैं, इनके प्रयासों से जल संकट, बाढ़, सूखा, पेयजल संकट, कृषि संकट, जल प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, सामाजिक समावेशन व एसडीजी-6 जैसे वैश्विक लक्ष्यों की पूर्ति संभव हो रही है। आज पानी पंचायतें जल चेतना रथ, ड्रोन सर्वेक्षण, जल संवाद, जल मेला, जल संसद, जल ऐप्स, जल चैलेंज, जल प्रशिक्षण, जल मानचित्रण जैसी गतिविधियों से युवाओं को जोड़कर जल आंदोलन की रीढ़ बन चुकी हैं, जिससे भारत में जल प्रबंधन की सबसे मजबूत सामाजिक संरचना तैयार हुई है, इसलिए स्पष्ट है कि पानी पंचायतें जल संकट समाधान, बाढ़ नियंत्रण और जल आत्मनिर्भर भारत 2047 के लिए सामुदायिक शक्ति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और जनभागीदारी का श्रेष्ठतम उदाहरण हैं, जो हर गांव और पंचायत को जल संकट से मुक्त करने में सक्षम हैं।

## प्रसंगवश

# किशोरों को कहां ले जा रहा सोशल मीडिया का नंगापन

सोशल मीडिया के नंगे और भोंडेपन का सबसे ज्यादा बुरा असर भारतीय किशोरों व युवाओं पर पड़ रहा है लेकिन दुर्भाग्य है कि हमारे यहां इस पर अंकुश, अल्पीकरण या प्रतिबंध को छोड़िए, इसे और बढ़ावा ही मिल रहा है। भारत को इस बात पर पश्चाताप करना चाहिए कि जो काम सबसे पहले भारत को करना चाहिए वह आस्ट्रेलिया ने कर दिखाया।

भारत में हाल इसके विपरीत है। चाय पान की छोटी दुकानें हों, ट्रेन हों बस हो कहीं भी हाथ में एंड्रायड फोन लिए लोग ऐसे रोमांचित होते हुए दिख रहे हैं जैसे उन्हें क्या मिल गया हो। मोबाइल के प्रति युवा वर्ग की लत देखने लायक होती। घर में बच्चे तो बिना मोबाइल लिए खाना तक मना कर देते हैं। मां बाप उनके समक्ष मजबूर व असहाय दिखते हैं लेकिन उसमें परोसे जा रहे अश्लील दृश्यों से परेशान भी होते हैं। क्योंकि उसे उनका बच्चा भी देख रहा होगा। चिंता इस बात की लेकर होती है कि वे अपने बच्चे को इस लत से बचाएं कैसे? ऐसे वक्त में उनकी बेबशी साफ झलकती है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

आज जब सोशल मीडिया पूरी तरह फूहड़पन और नग्नता पर उतर आया है तब इस पर अंकुश की पहल हम भारत से इसलिए करते हैं कि यह सनातनियों का देश है और यहां की सभ्यता और संस्कृति दुनिया के बाकी देशों से अलहदा है। भारत की शिनाख्त दुनिया भर में सुसभ्य और तहजीबदार जीवन शैली की है। अफसोस कि सोशल मीडिया के अस्वीकार दृष्य और शब्द को हम सबसे ज्यादा स्वीकार करने वाले देशों में शुमार हो रहे हैं।

कोरोना काल में सबकुछ आन लाइन के नाम पर एंड्रायड मोबाइल ने सबसे ज्यादा किसी को आकर्षित किया तो वे हैं स्कूली छात्र और छात्राएं। छोटे बड़े सभी के हाथों में एंड्रायड मोबाइल फोन आ गया। युवा वर्ग में लड़के हों चाहे लड़कियां सभी के हाथ में मोबाइल एक स्टेटस बन गया। किशोरों और युवाओं के हाथ में मिला यह सौगात आज अभिशाप बन रहा है। बेशक इंटरनेट के जमाने में इसके बहुत सारे फायदे भी हैं लेकिन यह उस उम्र के लोगों पर लागू है जो फायदे और नुकसान को समझते हों। कहना न होगा कि आधुनिक जीवन शैली और स्टेटस सिंबल के रास्ते एंड्रायड मोबाइल हर घर में नहीं, हर हाथ की शोभा बढ़ा रहा है। यह एक नशा बन गया है। हाल यह है कि सुबह से लेकर रात सोने तक किशोर और युवाओं की आंखें उनके मोबाइल से चिपकी रहती है। जाहिर है वे उसमें न्यूटन का फार्मूला तो ढूंढ रहे नहीं होते,उसके स्क्रीन पर अश्लील और ब्लू फिल्मीं उन्हें मोबाइल से चिपके रहने को मजबूर किए रहती है।

मजे की बात यह है कि सोशल मीडिया पर परोसे जा रहे नंगेपन का असर किशोर और किशोरियों पर पड़ रहा है, यह जानकारी इंस्टाग्राम को है। वह जानता है कि फेसबुक पर अपलोड हो रही अश्लील व पोर्न वीडियो किशोरों को बर्बाद कर रही है। हैरानी है कि इंस्टाग्राम खुद ऐसे मामलों में पीछे नहीं है।

माना कि एंड्रायड फोन अपरिहार्य है लेकिन ऐसा भी न हो कि यह हर हाथ में हो। शहर छोड़िए गांव की किशोरियां भी इसकी आदी हो गई हैं। परदेश कमाने गए तमाम लोग अपनी घरवाली से बात करने के लिए उसे एंड्रायड फोन थमा गए। अब यह उनके अल्प व्यस्क बच्चों के हाथ आ गया। जाने अनजाने कोई खराब दृष्य या शार्ट वीडियो उनके हाथ लग गया तो उसे वे बार-बार देखना चाहेंगे।

देखें तो इस मामले में चीन,उत्तर कोरिया, ईरान, कतर जैसे देश काफी सख्त हैं। चीन में तो विदेशी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पूरी तरह पाबंदी है। वहीं 2015 के बाद तीन में से एक देश सोशल मीडिया पर बैन लगा चुका है। इसमें 62 देश शामिल हैं। सोशल मीडिया के बढ़ते कुप्रभाव व अन्य कारणों से सेंशरसिप के मामलों में खासा बढ़ोतरी हुई है। एशिया के 48 देशों में से 27 देश सोशल मीडिया के कुप्रभाव को लेकर सतर्क हुए हैं।

कहना न होगा कि बच्चे की मोबाइल लत से अधिकांश मां बाप अवसाद में चले जाते हैं। वे क्या करें, कैसे अपने बच्चे को बचाएं इस चिंता से वे चिता तक चले जाते हैं। अब इस स्थित से उबारे कौन? जाहिर है इसके लिए सरकार ही कुछ कर सकती है।

# और कितने राष्ट्रीय राजमार्ग चाहिए



रवि अरोड़ा
वरिष्ठ पत्रकार

सर्वविदित है कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और 2030 तक 5 ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य है। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग माल ढुलाई और व्यापार के लिए रीढ़ की हड्डी हैं।

अखबार में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का बयान पढ़ा जिसमें वे दावा कर रहे हैं कि उनके पास पैसों की नहीं काम की कमी है। नरेंद्र मोदी सरकार के सबसे प्रभावी मंत्री गडकरी जब ऐसा बयान देते हैं तो यह उनके मुंह पर जंचता भी है। सरकार के वही तो मंत्री हैं जिन्होंने ' डिलीवर ' किया है। उनके नेतृत्व में ही तो भारत इस योग्य हुआ है कि आज देश में प्रतिदिन 33.8 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग तैयार हो रहे हैं। आधुनिक तकनीक, पारदर्शिता, गुणवत्ता पर जोर और संसाधनों की उपलब्धता से साल 2014-15 में हमारे राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई जो 97,830 किलोमीटर थी, वह अब बढ़कर 1,60,155 किलोमीटर हो गई। यानी ग्यारह वर्षों में 62325 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग बढ़ गए। किसी भी विकासशील देश के लिए यह बढ़ी उपलब्धि हो सकती है मगर क्या सड़क के अतिरिक्त हमारी और कोई जरूरतें नहीं है ? क्या गडकरी के अतिरिक्त अन्य मंत्रालय के प्रभारी मंत्री भी इसी तरह असीमित बजट की बात कह सकते हैं, खासतौर पर शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े मंत्रालय? सवाल यह भी है कि अब क्या हमें आगे भी इसी गति से राजमार्गों का निर्माण जारी रखना चाहिए अथवा ठहर कर अपनी जरूरतों की समीक्षा करनी चाहिए? विशेष तौर पर तब जब इन राजमार्गो का बोझ आम आदमी की जेब पर भी पड़ रहा हो और वह इन सड़कों पर वाहन चलाने की कीमत सालाना 85 हजार करोड़ रुपए टोल टैक्स के रूप में चुका रहा हो। वह देश जिसकी 81 करोड़ जनता पांच किलो मुफ्त अनाज पर पल रही हो उसके लिए क्या यह रकम बहुत ज्यादा नहीं है?

इसे उनकी कार्यकुशलता कहें कि गडकरी जितना बजट चाहते हैं, उतना उन्हें सरकार दे देती है। बड़ी से बड़ी राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय घटना पर भी वे कोई बयान नहीं देते। शायद यही वह राजनीतिक सौदे बाजी है कि जिसके बल पर मोदी के कार्यकाल में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का बजट नाटकीय रूप से बढ़ा है। 2014-15 में यह मात्र 33,305 करोड़ रुपये था, जो 2022-23 तक 1.99 लाख करोड़ रुपये हो गया , यानी लगभग 500 प्रतिशत की वृद्धि। 2024-25 के बजट में सड़क मंत्रालय को 2.78 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो राष्ट्रीय राजमार्गों, भारतमाला परियोजना, और अन्य सड़क परियोजनाओं के लिए हैं। यानी आप कह सकते हैं कि मोदी सरकार में राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए बजट यूपीए के मुकाबले 5-6 गुना अधिक रहा है । इस बजट के अतिरिक्त टोल टैक्स के रूप में जनता से भी सालाना 85 हजार करोड़ रूपये वसूले जा रहे हैं। शायद यही कारण है कि गडकरी कह रहे हैं कि उनके पास पैसे की नहीं काम की कमी है।

सर्वविदित है कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और 2030 तक 5 ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य है। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग माल ढुलाई और व्यापार के लिए रीढ़ की हड्डी हैं। बेहतर सड़कें समय और ईंधन बचाती हैं सो अलग । मगर इसके बावजूद वे सवाल गौण नहीं हो जाते जो इस अंधाधुंध निर्माण से उत्पन्न हुए हैं । बड़े पैमाने पर राजमार्गों के निर्माण से वन क्षेत्र, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों का बेतहाशा नुकसान हो रहा है। अकेले भारत माला परियोजना के लिए ही हजारों हेक्टेयर वन भूमि का अधिग्रहण किया गया है। सड़क निर्माण से कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ा है जो भारत के 2070 तक नेट-जीरो लक्ष्य के विपरीत है। यूं भी इन राजमार्गों का लाभ मुख्य रूप से औद्योगिक और शहरी क्षेत्रों को ही मिलता है, जबकि ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में अभी भी कनेक्टिविटी की बेहद कमी है। सरकार चाहे तो सड़कों पर जोर न देकर रेलवे और जलमार्गों में निवेश से माल ढुलाई की निर्भरता सड़कों पर से कम हो सकती है। ये वैकल्पिक मार्ग अभी तक केवल 28 प्रतिशत माल ढुलाई ही करते हैं। 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में 1.73 लाख मौतें हुईं, जिनमें से कई खराब सड़क डिजाइन और रखरखाव के कारण थीं। नए राष्ट्रीय राजमार्गों के रखरखाव के लिए दीर्घकालिक फंडिंग की कमी भी एक जोखिम है।

बात फिर वहीं आती है कि ये राष्ट्रीय राजमार्ग देश की जरूरतों को ध्यान में रख कर बनाए जा रहे हैं तो क्या सरकार विशेषज्ञों के साथ बैठ कर इस पर चर्चा को तैयार है कि हमें और कितने राष्ट्रीय राजमार्गों की जरूरत है? खासतौर पर इस रोशनी में कि आज हमारे पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क तैयार हो गया है और क्षेत्रफल के हिसाब से हमने सड़कों के मामले में अमेरिका और चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। जबकि उधर, शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के मामले में हमारी गिनती दुनिया के पिछड़े देशों में होती है।

## सोशल फोरम

# जीवन की सांझ में

आज किसी ने मुझसे एक अजीब सी फरमाइश की। वे सिंधी भाषा के बहुत अच्छे शायर हैं। किसी समय इंदौर में रहते थे अब दुबई में वेल सेटल्ड हैं। उम्र नब्बे को छू रही है। उनसे कभी मिलना नहीं हुआ पर फोन पर अक्सर बात होती है। शायरी, जिंदगी और फलसफे पर! सुबह उनका फोन आया। उन्होंने कहा मैं इंदौर में एक आदमी को ढूंढना चाहता हूं। मुझे उसका न नाम मालूम है ना पता। लेकिन उससे एक अजीब रिश्ता है। मैं 8 साल का था। पिताजी के साथ फिल्म देखने जा रहा था। रास्ते में एक छोटी सी नदी पड़ती थी (संभवतः कान्ह)। नदी के किनारे मुझे कुछ मुर्गियां दिखीं, मैं उन्हें देखने रुक गया। अचानक मुझे लगा नदी में कुछ गिरा है। उन्होंने आसपास लोगों को आवाज लगाई। कुछ लोग आए। देखा तो नदी में एक बच्चा डूब उतर रहा था। बच्चे की उम्र लगभग 3 साल रही होगी। उसे बचा लिया गया। बस इतनी सी कहानी है। लेकिन मुझे उस बच्चे की याद आती है। मैं चाहता हूं मरने से पहले एक बार उससे मिलूं।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

मैं हंसा-आखिर आप क्यों मिलना चाहते हैं? मैं देखना चाहता हूं कि वह बच्चा बड़ा होकर क्या बना? हो सकता है वह कोई वैज्ञानिक बना हो या कोई डॉक्टर..! मैं देखना चाहता हूं कि मेरे उस छोटे से काम ने इस दुनिया को किस तरह बदला?

मैंने कहा यह भी तो हो सकता है कि वह कोई चोर बलात्कारी हत्यारा बन गया हो? उन्होंने एक ठंडी सांस लेकर कहा तब तो और भी जरूरी है कि मैं जानूं मैने क्या कर डाला ..! दिलचस्प बात है ना! हम जो कुछ कर रहे हैं, छोटे बड़े तमाम काम.., वे भविष्य में अपनी तरह से इस दुनिया को बदल देंगे। अंग्रेजी में एक शब्द है कैस्केडिंग इफेक्ट। एक छोटी सी घटना का परिणाम उससे बड़ी घटना की वजह बनता है और फिर वह परिणाम तीसरी घटना का..! इस तरह बड़े होते होते छोटी सी बात बहुत बड़ी हो जाती है। मैं जानता हूं मैं अपने उस शायर दोस्त की मदद नहीं कर पाऊंगा, पर उन्होंने मुझे फिर से याद दिलाया कि जीवन की सांझ में हमें अपने वे तमाम काम याद आएंगे जिनसे यह दुनिया अच्छी या बुरी बनी।

-फेसबुक वॉल से

# मिले अपनी भाषा में न्याय का अधिकार



पूनम चतुर्वेदी
लखनऊ

कई बार यह भी देखा गया है कि गरीब, अशिक्षित, ग्रामीण अथवा भाषिक अल्पसंख्यकों को न्याय की प्रक्रिया से इसलिए वंचित कर दिया जाता है क्योंकि वे 'उचित भाषा' में अपनी बात नहीं रख पाते।

भारतीय संविधान का प्रास्तावना वाक्य- "हम भारत के लोग..."- न केवल इस देश की संप्रभुता और लोकतंत्र का परिचायक है, बल्कि यह उस जनभावना की पुष्टि करता है जो भारत को उसकी विविध भाषाओं और संस्कृतियों के माध्यम से जीवंत बनाती है। इस विशाल बहुभाषिक राष्ट्र में जहां सैकड़ों भाषाएं और बोलियां बोली जाती हैं, वहां यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या भारत का न्याय तंत्र आज भी जनमानस की भाषा से जुड़ा है? आज भी देश के अधिकतर न्यायालयों में निर्णयों की भाषा अंग्रेज़ी है, जो केवल एक सीमित तबके की भाषा है। बहुसंख्यक भारतीय आज भी निर्णय की पंक्तियां पढ़कर उस पर मौन रहते हैं, क्योंकि वे उसकी भाषा समझ नहीं पाते। यह स्थिति न केवल भाषिक अन्याय को दर्शाती है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा-समावेशन-पर एक गहरी चोट भी है।

जब कोई पीड़ित व्यक्ति न्यायालय में प्रवेश करता है और अपने जीवन की सबसे गंभीर समस्या पर सुनवाई किसी ऐसी भाषा में होती है जो उसके समझ के बाहर है, तो क्या यह समानता और न्याय की भावना के अनुरूप है? वास्तविकता यह है कि भाषा की बाधा न्याय की सुलभता में सबसे बड़ा अवरोध बन चुकी है। एक साधारण ग्रामीण व्यक्ति, जो केवल अपनी मातृभाषा जानता है, वह न्यायालय के परिसर में आते ही असहाय हो जाता है। वकील से बात करने के लिए दुभाषिए की ज़रूरत पड़ती है, याचिका की भाषा उसे समझ नहीं आती और न्यायाधीश का निर्णय भी उसके लिए एक 'कूटभाषा' बना रहता है। यह स्थिति केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि करोड़ों भारतवासियों की है।

कई बार यह भी देखा गया है कि गरीब, अशिक्षित, ग्रामीण अथवा भाषिक अल्पसंख्यकों को न्याय की प्रक्रिया से इसलिए वंचित कर दिया जाता है क्योंकि वे 'उचित भाषा' में अपनी बात नहीं रख पाते। यह भाषिक भेदभाव संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का स्पष्ट उल्लंघन है। संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित 'न्याय- सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक' की भावना तब तक अधूरी रहेगी, जब तक भाषाई बाधाओं को दूर नहीं किया जाएगा। यह विरोधाभास इसलिए भी विडंबनापूर्ण है क्योंकि संसद में अधिकांश कानून हिंदी अथवा अंग्रेज़ी में प्रस्तुत होते हैं, राज्य विधानसभाओं में बहुसंख्यक कार्य स्थानीय भाषाओं में होते हैं, लेकिन न्यायालयों में अभी भी अंग्रेज़ी का आधिपत्य है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि डिजिटल इंडिया, ई-कोर्ट्स और तकनीकी सुलभता के इस युग में भारतीय भाषाओं में न्याय उपलब्ध कराना न तो असंभव है, न ही तकनीकी रूप से जटिल। देश के पास ऐसा डिजिटल तंत्र और अनुवाद संसाधन मौजूद हैं जिससे सर्वोच्च न्यायालय में भी तुरंत भारतीय भाषाओं में निर्णय लिखे जा सकते हैं। लेकिन इच्छाशक्ति की कमी और परंपरागत संरचना के दबावों ने इसे बाधित कर रखा है। यह स्थिति केवल तकनीकी समाधान से नहीं, जन-जागरण और जन-दबाव से ही बदलेगी।

अनुच्छेद 348(2) के तहत राज्य सरकारें उच्च न्यायालयों में अपनी भाषा के प्रयोग की अनुमति राष्ट्रपति से ले सकती हैं। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और पश्चिम बंगाल जैसे कुछ राज्यों ने इस दिशा में पहल भी की, लेकिन यह पहल केवल आंशिक और औपचारिक रही। सर्वोच्च न्यायालय अब भी अंग्रेज़ी के एकाधिकार से बंधा है, जबकि संविधान में ऐसा कोई स्पष्ट निषेध नहीं है कि उच्चतम न्यायालय केवल अंग्रेज़ी में ही कार्य करे। वास्तव में, यह एक प्रशासनिक और ऐतिहासिक परंपरा बन गई है, न कि संवैधानिक बाध्यता। अनुच्छेद 14 में समानता की बात की गई है, लेकिन जब एक पक्षकार को अपने ही मुकदमे का फैसला समझ में न आए, तो वह समानता की भावना कैसे महसूस करेगा? अनुच्छेद 21, जिसमें जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बात की गई है, वह 'न्यायिक सुनवाई' के बिना अधूरा है और यदि सुनवाई ऐसी भाषा में हो जिसे व्यक्ति समझ ही न पाए, तो वह जीवन के अधिकार का उपहास है।

आज जब देश 'डिजिटल इंडिया', 'इंडिया@100', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विश्वगुरु' की बात कर रहा है, तब क्या यह उचित है कि हमारी न्यायपालिका अब भी जनता से संवाद करने में असमर्थ हो? भाषा केवल माध्यम नहीं, बल्कि संपर्क और समानता का सेतु है। न्यायपालिका की भाषा अगर जनता की भाषा से नहीं जुड़ती, तो वह अपनी वैधता खो देती है। भारत में भाषिक विविधता को बाधा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की शक्ति के रूप में देखे जाने की आवश्यकता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### ऑटो पर बैठी थीं 12 सवारियां पुलिस ने किया चालान

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे में एक ऑटो चालक के खिलाफ ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई। ऑटो में 12 सवारियां बैठी थीं। ट्रैफिक इंस्पेक्टर हरिनाथ यादव ने जब ऑटो को रोकने का प्रयास किया, तो चालक ऑटो लेकर भागने लगा। सवारियों के चिल्लाने पर मौके पर मौजूद लोगों ने ऑटो रोकने का प्रयास किया। इस दौरान ऑटो चालक ने लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने ऑटो चालक को काबू कर ट्रैफिक इंस्पेक्टर के हवाले कर दिया। इंस्पेक्टर ने धारा 151 के तहत चालक के खिलाफ कार्रवाई की। साथ ही ऑटो को जब्त कर लिया गया।

### रैली निकाल शिक्षा के प्रति किया जागरूक

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** विकासखंड पिहानी क्षेत्र के ग्राम पंचायत पंण्डरवा किला में सर्व शिक्षा अभियान के तहत सोमवार को संविलियन विद्यालय पण्डरवा किला से बच्चों की एक रैली निकाली गई। रैली में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुजीबुल महज़र खां, एवं मुशीरुद्दीन अंसारी, अजय केशरवानी, अभिषेक शुकला, हरिश्चंद्र सहायक अध्यापक व अनुदेशक आशीष कुमार उपस्थित रहे।

### इंप्रूवमेंट परीक्षा 26 को

**हरदोई, अमृत विचार।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की इंप्रूवमेंट परीक्षा 26 जुलाई को कराई जाएगी। हाईस्कूल की इंप्रूवमेंट, कंपार्टमेंट परीक्षा प्रात :कालीन साढ़े आठ बजे से 11 बजकर 45 मिनट पर होगी, जबकि इंटरमीडिए की परीक्षा अपरान्ह दो बजे से पांच बज कर 15 मिनट तक राजकीय इंटर कालेज में आयोजित की जाएगी।

### युवा मंडल के सदस्यों ने कराया पौधरोपण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले भर में युवा मंडल सदस्यों के माध्यम से पौधरोपण कराया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत, प्रतिमा वर्मा ने बताया कि जुलाई माह में एक पेड़ मां के नाम अभियान में मेरा युवा भारत के युवा मंडल सदस्य अपने अपने क्षेत्र में पौधारोपण करा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को कछौना स्थित खेल मैदान सपहैया में मैदान के चारों तरफ छायादार पौधे लगाए गए। जागरूकता कार्यक्रम में जामुन महुआ, नीम सागौन, शहतूत एवं अन्य पौधे लगाए गए।

# रसूखदार से सरकारी भूमि नहीं छुड़ा पा रहा नगर पालिका प्रशासन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पिहानी के एक दबंग और पहुंच वाले अवैध कब्जाधारक के आगे नगर पालिका प्रशासन व तहसील प्रशासन बेबस नजर आ रहा है। दबंग ने नगर पालिका की बेसकीमती व सार्वजनिक रास्ते की भूमि पर कब्जा कर पक्का मकान बना रखा है। जिससे खाली कराने के लिए एक बार नहीं, बार-बार नोटिस जारी कर सरकारी भूमि से कब्ज़ा हटाने का अल्टीमेटम दिया गया, लेकिन कब्जा हटाना तो दूर दबंग ने एक भी नोटिस का जवाब तक नहीं दिया।

बताते चलें कि कस्बा के मोहल्ला सरकसपुरा का सईक की गिनती रसूखदार व दबंग किस्म के व्यक्ति के रूप में होती है। उसने मोहल्ला मुरीदखानी रामलीला मैदान के बगल में नगर पालिका परिषद की रास्ते की जमीन पर कब्जा कर मकान बना लिया। शासन की सख्ती पर कुछ वर्ष पूर्व नगर पालिका परिषद की ज़मीन को कब्जा मुक्त कराने की कवायद शुरु हुई थी। नगर पालिका प्रशासन और तहसील प्रशासन ने कई बार सईक को नोटिस दी लेकिन उसने कब्जा हटाना तो दूर, नोटिस का जवाब तक नहीं दिया। ईओ पिहानी अमित कुमार सिंह ने फरवरी-2025 को जारी नोटिस को अंतिम नोटिस बताते हुए सख्ती से सईक को कब्ज़ा हटाने का अल्टीमेटम दिया था। जबकि उससे पहले 8 सितंबर-2023 और 5 अक्टूबर 2023 को कब्ज़ा हटाने की नोटिस जारी की जा चुकी थी। लेकिन अपनी पहुंच के दम पर सईक ने ईओ की अंतिम चेतावनी को भी कोई तवज्जो नहीं दी। नगर पालिका प्रशासन के अलावा तहसील प्रशासन भी सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने को हाथ-पांव मार चुका है, लेकिन आज तक कामयाबी नहीं मिली है। नगर पालिका प्रशासन के अलावा एडीएम, एसडीएम शाहाबाद, सीओ हरियावां और तहसीलदार शाहाबाद पूरी तरह से वाकिफ है, लेकिन फिर भी सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा करने वाले रसूखदार का रसूख बरकरार है।


नगर पालिका परिषद की भूमि पर कब्जा कर बनाया गया पक्का मकान।

**दबंगई**

▸▸ भू-माफिया ने नगर पालिका व तहसील प्रशासन की नोटिसों का नहीं दिया कोई जवाब

### नोटिस का जवाब निकला झूठा,ईओ ने पकड़ा

**हरदोई, अमृत विचार।** पिहानी नगर पालिका परिषद के ईओ अमित कुमार सिंह ने जारी की अंतिम नोटिस में कहा है कि 11 दिसंबर 2024 को जारी हुई नोटिस का 24 दिसंबर 2024 को जो जवाब दिया गया, उसमें कहा गया कि मामला कोर्ट में चल रहा है, स्टे के लिए हाईकोर्ट में रिट दाखिल की गई, लेकिन जमीन पर कब्ज़ा करने के मामले में फिलहाल कोई स्टे आर्डर नहीं जारी हुआ है।

## घर में सो रहे किशोर की सर्पदंश से मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** घर में सो रहे किशोर को सर्प ने डस लिया। परिजन उसे लेकर मेडिकल कालेज पहुंचे, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। सोमवार को पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। कोतवाली देहात के महेंद्र नगर अनंग बेहटा निवासी अमित अवस्थी के मौत हो चुकी थी। परिवार में पत्नी के अलावा 13 वर्षीय बेटा शिवा और उससे छोटी बेटी शिवानी थी। शिवा निजी स्कूल का छात्र था। रविवार को शिवा घर में सो रहा था, उसी बीच उसे सांप ने काट लिया। मेडिकल कॉलेज में उसकी मौत हो गई। घर वाले शव उठा ले गए। शिवा की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।



# निर्माण कार्यों में शासनादेशों का हो पालन

## जिलाधिकारी ने डूडा व नगर निकायों की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में डूडा व निकाय कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की उपलब्धता के अनुसार प्रस्ताव तैयार किये जाएं। कार्यों की एक वरीयता सूची बनाई जाये। जिन निकायों के प्रस्ताव नहीं मिले हैं उसमें 20 जुलाई तक प्रस्ताव लिए जाएं। निर्माण कार्यों में शासनादेशों का पालन किया जाये।

डीएम ने नगर निकायों को निर्देश दिए कि निकायों में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाये। पेयजल की व्यवस्था एक निश्चित समयावधि के मेंटीनेन्स के साथ स्थापित की जाये। नगर निकायों के पिछड़े इलाकों में पाईप पेयजल की व्यवस्था टाइड फंड से की जाये, यदि ये क्षेत्र अमृत 2 योजना से आच्छादित न हों। ऐसे क्षेत्र में 200 परिवारों के हिसाब के योजना बना ली जाये। विभिन्न वार्डों के सार्वजनिक स्थलों पर 100 किली के जलाशय बनाकर बहुनल संरचना से जल आपूर्ति की जाये। भविष्य में जल आपूर्ति की आवश्यकता होने पर मानक के अनुरूप ट्यूबवेल की व्यवस्था की जाये। पाइप से जल आपूर्ति के लिए डीआई पाइप का प्रयोग किया जाये। सभी वार्डों में कम से कम 2 हाथ ठेलों की व्यवस्था कचरा निस्तारण के लिए की जाये। प्रत्येक वार्ड के लिए एक ई रिक्शा कूड़ा गाड़ी की व्यवस्था की जाये। व्यावसायिक क्षेत्रों में 2 ऑटो टिपर की व्यवस्था की जाये। इस अवसर अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी भूमिका राजबहादुर, नगर पालिका चेयरमैन सुखसागर मिश्र मधुर, सांसद मिश्रिख के प्रतिनिधि नरेन्द्र बाजपेई व अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।


डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना के लिए जनपद स्तरीय समिति की बैठक करते डीएम व सीडीओ।

### डिजिटल पुस्तकालयों में रखी जाएं अच्छे लेखकों की पुस्तकें

**हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना के लिए जनपद स्तरीय समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि डिजिटल पुस्तकालय के लिए चिन्हित 424 ग्राम पंचायतों का पुन : सत्यापन कराया जाये। फर्नीचर आदि की खरीद में वित्तीय नियमों का ध्यान रखा जाये। अच्छी पुस्तकों का एक संग्रह रखा जाये। अच्छे निजी लेखकों की पुस्तकों को शामिल किया जाये। डिजिटल पुस्तकलयों की स्थापना में शासनादेश का पूरा ध्यान रखा जाये। रजिस्टर 4 में ग्राम पंचायतों की धनराशि सीधे सम्बंधित ग्राम पंचायत के खाते में भेजी जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा व अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### स्टेडियम में जिम का संचालन निर्बाध रूप से किया जाये : डीएम

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने कहा कि स्टेडियम में जिम का संचालन निर्बाध रूप से किया जाये। स्टेडियम को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाये जाएं। स्टेडियम में सुरक्षा की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाये। जिम का प्रतिमाह एक शुल्क निर्धारित किया जाये तथा दीर्घ अवधि सदस्यता लेने वालों को शुल्क में छूट दी जाये। जिम कोच व बैडमिंटन कोच की व्यवस्था की जाये। स्टेडियम में पेयजल की व्यवस्था को बेहतर कराया जाये।

# पति के साथ जा रही महिला के कानों से कुंडल नोंचे, महिला की हालत गंभीर

**दुस्साहस**

▸▸ छीनझपटी में बाइक से गिरने के चलते सिर में लगी गंभीर चोट, लखनऊ रेफर

**हरदोई, अमृत विचार।** पति व बच्चों के साथ बाइक पर बैठकर जा रही महिला के कानों के कुंडल पर बदमाशों ने झपट्टा मार दिया। बाइक सवार बदमाशों के झपट्टे से महिला चलती बाइक से नीचे गिर गई। सिर में चोट लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे मेडिकल कालेज से लखनऊ के लिए भेजा गया है। रविवार देर शाम हुई वारदात की जानकारी पर एसपी नीरज कुमार जादौन ने घटनास्थल पर पहुंच कर पूछताछ की।

लोनार थाने के बेहटियनपुरवा निवासी रामकिशन रविवार देर शाम पत्नी फूलकुमारी और बच्चे के साथ बाइक से सवायजपुर कोतवाली के घोड़ीधर जा रहा था। रास्ते में महरेपुर के पास पहुंचते ही पीछा कर रहे बाइक सवार युवक उसके पास से निकले और फूलकुमारी के कान से कुंडल नोंच लिए। झपट्टा मारने से फूलकुमारी चलती बाइक से नीचे गिर पड़ी। जिससे उसके सिर में काफी गहरी चोट पहुंची। लेकिन उससे पहले वारदात को अंजाम देने वाले बाइक सवार भाग गए। फूलकुमारी को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां के डाक्टरों ने उसे लखनऊ हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। एसपी के निर्देश पर सीओ ट्रैफिक सत्येंद्र सिंह और एसआई केके यादव इलाज के लिए महिला को लेकर लखनऊ भेजा गया है। उधर खुद एसपी महरेपुर पहुंचे और वारदात के बारे में पूछताछ की। महिला के कान से कुंडल नोंचने वाले बदमाशों की धरपकड़ के लिए एसपी ने एएसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस की तीन टीमें तैयार की गईं हैं।

### मेले में आईं दो महिलाओं के पैंडल छिने, युवती का मोबाइल झटका

**शाहाबाद, हरदोई।** कस्बे के प्रसिद्ध संकटादेवी मंदिर में असाढ़ के अंतिम सोमवार को आयोजित मेले में टप्पेबाजों ने खूब उधम मचाया। की भीड़ का फायदा उठाकर दो महिलाओं के मंगलसूत्र का पैंडल निकाल लिया गया। वहीं एक युवती का मोबाइल चोरी हो गया। घटना की लिखित सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शक के आधार पर एक महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। कस्बे के मोहल्ला अल्लाहपुर सैदीखेल निवासी कुसुम पत्नी रामप्रसाद, पाली थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर निवासी छोटी बिटिया पत्नी विवेक आई थीं। जहां एक महिला ने दोनों के मंगलसूत्र का पैंडल नोच लिया। वहीं मोहल्ला खलील निवासी शिवानी के हाथ से किसी से एंड्राइड मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने शाहजहांपुर जनपद के सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के ग्राम कुतुबापुर निवासी महिला आशा देवी पत्नी श्रीपाल को हिरासत में लिया है।

# अंतर्जनपदीय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**कामयाबी**

▸▸ गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार, सात बाइकें बरामद

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने अंतर्जनपदीय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरि के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर विभिन्न जनपदों से चोरी की गई सात बाइकें बरामद की हैं।

कोतवाली पुलिस के अनुसार सोमवार को चेकिंग के दौरान गोलू निवासी ग्राम ढीगुरपुर असलानी थाना रोजा जनपद शाहजहांपुर, अश्वनी निवासी नगलीशेख थाना नौगवा शादात जनपद अमरोहा, रोहित कुमार निवासी ग्राम सैतान सिंह नगला थाना करहल जनपद मैनपुरी, कृष्णा ठाकुर निवासी ग्राम नन्दगांव थाना कोतवाली शहर जनपद एटा और सत्यम निवासी ग्राम जनकपुर थाना मेजा जनपद प्रयागराज को पकड़ गया। उनके कब्जे से हरदोई व गौतम बुद्ध नगर से चोरी गईं कुल सात बाइकें बरामद की गई हैं। बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार चोरों के विरुद्ध पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया। पुलिस ने गिरफ्तार शातिर चोरों को न्यायालय में प्रस्तुत किया है।


पुलिस की गिरफ्त में बाइक चोर। अमृत विचार

# रास्ते में चारपाई डालने को लेकर विवाद में धारदार हथियार से हमला

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** चारपाई हटाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। घटना दुर्गागंज गांव में रविवार सुबह लगभग 8 बजे की है। बृजेश पाठक ने बताया कि वह कूड़ा लेकर जा रहे थे। इरफान के घर के पास छोटे भइया पाठक से उनकी बाइक टकराने से बची। गली संकरी है और वहां इरफान की चारपाई पड़ी थी। बृजेश और छोटे भइया ने इरफान के परिवार के सदस्यों से चारपाई हटाने को कहा। इस पर वह विवाद करने लगे। इसी दौरान बृजेश के भाई वीरे पाठक भी वहां आ गए। वीरे पाठक ने जब विरोध किया तो इरफान के परिवार के लोगों ने उन पर हमला कर दिया। धारदार गंडासे से वीरे पाठक के हाथ पर वार किया, जिससे उन्हें चोटें आईं। मौके पर अन्य लोगों के आ जाने पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामले में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।


जुलूस में मौजूद लोगों को तबररूक वितरित करते चेयरमैन वली मोहम्मद।

### हुसैन इब्ने अली की कुर्बानी रहमत और इंसाफ की मिसाल

**गोपामऊ, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला सैय्यदबाड़ा इमामबाड़े से परंपरागत 11 मोहर्रम का ताजिया जुलूस उठाया गया। आयोजक बन्ने खां राशिद ने बताया कि यह ताजिया बरसों पुरानी परंपरा है, जो हर साल 11 मोहर्रम को मरसिया और नौहा ख्वानी के साथ निकाली जाती है। कार्यक्रम में चेयरमैन हाजी वली मोहम्मद ने सबील लगवाई और अकीदमंदों को शर्बत खुद वितरित कर जलपान कराया। उन्होंने कहा कि मोहर्रम हमें सब्र, कुर्बानी और इंसानियत का पैग़ाम देता है। कर्बला की घटना पूरी दुनिया को ये सिखाती है कि हक़ और इंसाफ़ के लिए डटकर खड़े रहना चाहिए, चाहे हालात कैसे भी हों।

# 20 मिनट की बारिश में लबालब हो गईं गलियां व सड़कें

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** लंबे इंतजार के बाद हुई 20 मिनट की मूसलाधार बारिश ने नगर पालिका प्रशासन की पोल खोल कर रख दी। नाला और नाली सफाई अभियान की शेखी बघारने वाली नगर पालिका परिषद जल भराव होने के बाद हाथ मलती रह गई। नगर के समस्त प्रमुख मार्गों और गलियों में जल भराव की स्थिति हो गई। बारिश थमने के एक घंटे बाद सड़क जल भराव से मुक्त हो पाई।

सोमवार को दोपहर 1:30 बजे के आस-पास तेज बारिश शुरू हो गई। बीस मिनट की मूसलाधार बारिश से सड़कों पर तलाब जैसा नजारा दिखने लगा। बारिश होने के एक घंटे बाद सारी सड़कें और गलियां जल भराव से मुक्त हो पाई। सड़कों पर गंदा पानी बहने लगा। इस गंदे पानी से गुजर कर स्कूली बच्चे, महिलाएं, पुरुष अपने गंतव्य तक जाते हुए देखे गए। तस्वीर में स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है कि किस तरह से स्कूली बच्चे पानी से होकर गुजर रहे हैं जबकि पालिका प्रशासन ने बरसात से पहले नगर के समस्त छोटे-बड़े 17 नालों को सफाई अभियान के अंतर्गत सफाई कर देने का दावा किया था, लेकिन मात्र बीस मिनट की बारिश ने पालिका प्रशासन की पोल खोल कर रख दी।


जलभराव वाली सड़कों से गुजरते स्कूली बच्चे। अमृत विचार



## सार-संक्षेप


मासिक बैठक को संबोधित करते सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली।

### कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ : शराफत अली

हरदोई, अमृत विचार। सपा की मासिक बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें सभी को लखनऊ स्नातक विधान परिषद चुनावों की मतदाता सूची में अधिक से अधिक लोगों के वोट बढ़वाने पर जोर दिया गया। सपा के जिलाध्यक्ष शराफत अली ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होता है, इसलिए संगठन को मजबूत बनाने का काम संगठन के लोगों को मजबूती से करना है। कहा कि भाजपा की षड्यंत्रकारी नीतियों का विरोध करेंगे बूथ जीतना हमारी प्राथमिकता है इसलिए बूथ अध्यक्षों के मान और सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह पाल, अमित बाजपेई, राहुल गुप्ता, फूलचंद वर्मा, धर्मवीर यादव, मुकेश त्रिवेदी आशीष दीक्षित सूबेदार सफीक खान अफसर अली आदि मौजूद रहे।

### शराब की दुकान में सेंधमारी कर लाखों की चोरी

**हरदोई, अमृत विचार।** शराब की दुकान में सेंधमारी कर घुसे चोर देशी शराब और बीयर के अलावां नकदी चोरी कर ले गए। अगली सुबह सेल्समैन ने दुकान खोली तो चोरी की जानकारी हुई। उसने टड़ियावां पुलिस को तहरीर दी है। टड़ियावां थाने के हेतमपुरवा मजरा उनौती में सरकारी शराब की दुकान है। सेल्समैन हर्ष जायसवाल निवासी इमलिया बाग उत्तरी मण्डई सण्डीला ने पुलिस को चोरी की तहरीर दी है। बताया कि 2 जुलाई की रात 1 :30 बजे वह दुकान बंद कर घर चला गया। अगली सुबह 3 जुलाई को उसने दुकान खोली तो वहां सेंध लगाकर चोरी की जानकारी हुई। चोर दुकान में रखी 26 पेटी देशी शराब, अंग्रेजी शराब की कुछ पेटियां, 9 पेटी बीयर और 8 से 9 हज़ार रुपये नकद ले गए हैं। हर्ष जायसवाल ने तहरीर में रात डेढ़ बजे दुकान बंद करने की बात कही है, जबकि शराब दुकानों के खुलने व बंद होने का समय सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### आओ सांवरिया सरकार लीले पर चढ़ कर मेरा सांवरा आएगा

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर में मुहिम गली–गली ऐलान होना चाहिए हर जगह बाबा का गुणगान होना चाहिए के तत्वाधान में श्री खाटू श्याम संकीर्तन समिति का मासिक कीर्तन भजन भरिगवां सीतापुर रोड में संपन्न हुआ। भजन गायक सचित सक्सेना ने भजन आओ सांवरिया सरकार लीले पर चढ़कर मेरा सांवरा आएगा भजनों से बाबा को रिझाया। सीतापुर से आए दुर्गेश शुक्ला ने भजन हारा हूं बाबा पर तुझ पर भरोसा है...यूं ही तो आंसू आए नहीं मेरी कुछ तो श्याम मजबूरी है...कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आड़ों है...जैसे भजनों से भक्तों को आनंदित कर दिया। दूसरे दिन खाटू श्याम संकीर्तन समिति का भंडारा सिनेमा चौराहा मोनी बाबा मंदिर पर आयोजित किया गया। इसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर श्याम सेवक आर्यन अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, अपूर्व गुप्ता, गौतम अग्रवाल,गौरव पांडेय, अमित गुप्ता, गोपाल मिश्रा, उपेंद्र अग्निहोत्री आदि श्याम प्रेमी मौजूद रहे।


कीर्तन प्रस्तुति करते भजन गायक।

### मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** ग्राम कोडरमऊ निवासी कमलेश पुत्र चिरंजू पांच जुलाई की शाम को सात बजे वापस अपने घर जा रहे थे, तभी रास्ते में अपने समर के पास गांव के सुरेश, पप्पू नाई, राजेंद्र, मानू मिले लात घुसो डंडों से मारा पीटा जाति सूचक गालियां दी तथा जान से मार देने की धमकी दी। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर सभी के खिलाफ हरिजन एक्ट समेत कई धारा में मुकदमा पंजीकृत किया है।

**डिजिटल सशक्तिकरण** | डिजिटल दादी अभियान के तहत इनरव्हील क्लब हरदोई डीओडी की सराहनीय पहल

# बुजुर्ग महिलाओं को सिखाया फोन चलाना

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** इनरव्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट 311 के सामाजिक प्रकल्प डिजिटल दादी के तहत इनरव्हील क्लब हरदोई डीओडी की सदस्यों ने एक सराहनीय पहल करते हुए अपने क्षेत्र की बुजुर्ग महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया।

क्लब की सदस्यों ने कम्पनी गार्डन में सुबह टहलने आने वाली दादियों और दुर्गा देवी मंदिर में आने वाली वृद्ध महिलाओं को मोबाइल फोन के विभिन्न उपयोगों की जानकारी दी। कई दादियों के पास स्मार्टफोन तो थे, लेकिन वे केवल कॉल करने तक ही सीमित थीं। सदस्यों ने उन्हें व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे ऐप्स डाउनलोड करना, उनका प्रयोग करना, भजन सुनना, कथाएं देखना, इमोजी और जिफ भेजना, तथा टॉर्च और कैलकुलेटर जैसे उपयोगी फीचर्स चलाना सिखाया। इस पहल से दादियां अत्यंत प्रसन्न हुईं और उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष पारुल तिवारी, नीलम सिंह, सीपीसीसी रागिनी तिवारी, रेनू शुक्ला सहित अन्य सदस्य मौजूद रहीं।



वृद्ध महिलाओं को स्मार्टफोन चलाना सिखाती इनरव्हील क्लब की सदस्य। अमृत विचार

# सट्टाबाजी में 20 लाख हारे तो रची डकैती की झूठी कहानी

**खुलासा**

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे में ऑनलाइन सट्टे की लत ने एक और परिवार को झकझोर दिया है। नगर के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसायी राजेश कुमार गुप्ता के दो बेटों ने घर से 20 लाख रुपये लेकर सट्टे में गंवा दिए। पैसे हारने के बाद माता-पिता को बताने की हिम्मत नहीं जुटा पाए तो डकैती की झूठी कहानी रच दी। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, आयुष गुप्ता ने अपने छोटे भाई प्रखर के साथ मिलकर यह साजिश रची। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और कड़ी पूछताछ की। दोनों भाइयों ने सच उगल दिया कि उन्होंने सट्टे में पैसे हार जाने के बाद डकैती की झूठी कहानी बनाई थी। क्षेत्राधिकारी बघौली प्रवीण यादव ने बताया कि सट्टा खिलाने और खेलने वालों की पहचान की जा रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। जिले के पुलिस कप्तान ने मामले के खुलासे के लिए जांच टीम को 25 हजार का इनाम और प्रशंसा पत्र देने की घोषणा की है। नगर में यह पहला मामला नहीं है। अब तक तीन युवा सट्टे में लाखों रुपये हारने के बाद आत्महत्या कर चुके हैं। लोगों का कहना है कि ऑनलाइन सट्टे का चलन बढ़ रहा है और इसका सबसे ज्यादा शिकार युवा पीढ़ी हो रही है।

# नाले में पड़ा मिला अज्ञात युवक का रक्तरंजित शव

## अचलगंज थानाक्षेत्र में सिटी ड्रेन नाले में हत्या कर शव फेंके जाने की रही चर्चा, पुलिस जांच में जुटी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** अचलगंज थानाक्षेत्र में सिटी ड्रेन नाले में पुलिया के पास एक युवक का रक्त रंजीत हालत में शव पड़ा देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। सूचना पर सीओ सहित फोरेंसिक टीम ने जांच की। लेकिन युवक की पहचान नहीं हो सकी। वहीं ग्रामीणों में युवक को हत्या कर शव नाले में फेंके जाने की चर्चा रही। पुलिस की टीमें युवक की पहचान के लिए जुटी है।

अचलगंज थाना अंतर्गत हाइवे से तीन किमी आगे स्थित सुपासी-रमचरामऊ के बीच सिटी ड्रेन नाले पर पुलिया की रेलिंग पर अधिक मात्रा में खून पड़ा देख उधर से निकले ग्रामीणों से झांक देखा तो नाले में एक युवक का रक्तरंजित शव पड़ा था। यह देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। देखते-देखते वहां लोगो की भीड़ एकत्र हो गई। ग्राम प्रधान धीरज ने बदरका चौकी इंचार्ज लक्ष्मी नारायण द्विवेदी को मामले की जानकारी दी। इसपर वह मौके पर पहुंचे और एसओ को बताया। पुलिस ने पोकलैंड की मदद से शव को बाहर निकलवाया। जामा तलाशी में उसके पास कोई परिचय पत्र या ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे उसकी पहचान हो सके। वहां मौजूद लोगों में भी कोई उसे नहीं पहचान सका। युवक की उम्र 30 वर्ष के आसपास थी और वह चेकदार शर्ट व जींस पहने था। प्रथम दृष्टया उसके मुस्लिम होने के कयास लगाए गए है। सीओ सिटी सोनम सिंह ने फोरेंसिक टीम बुलाकर जांच करा साक्ष्य एकत्र कराए। ग्रामीणो में चर्चा रही युवक को किसी अन्य स्थान से लाकर हत्या करने के बाद शव फेंका गया है। लेकिन पुलिस के मुताबिक पीएम रिपोर्ट से मौत का सही कारण स्पष्ट होगा। एसओ राजेश पाठक ने बताया कि युवक की पहचान के लिए पुलिस की टीम प्रयास कर रही है। सोशल मीडिया का सहारा लेने के साथ आसपास के थानों से संपर्क कर दर्ज हुई गुमशुदगी की जानकारी की जा रही है।

### कुछ लोगों ने पहचान का किया दावा

अचलगंज में युवक के रक्त रंजित शव मिलने के मामले में गंगाघाट कोतवाली के अखलाक नगर निवासी कई लोग मौके पहुंचे। जिसमें कई ने क्षेत्र के इमरान काला पुत्र मो.अब्बास होने को तस्दीक की लेकिन सगा बड़ा भाई रिजवान उसकी पहचान को लेकर सशंकित रहा। फिलहाल बदरका चौकी इंचार्ज ने लोगों को मोर्चरी पहुंच कर शिनाख्त कराई। चर्चा में है कि इमरान काला शातिर चोर था। उसका अपराधिक इतिहास भी रहा है। लेकिन अभी पुलिस पहचान होने के संबंध अभी स्पष्ट पुष्टि नहीं कर रही है।



मौके पर जांच करती पुलिस टीम। अमृत विचार



पोकलैंड मशीन से निकलवाया जाता नाले में पड़ा शव।

## सार-संक्षेप

### बाइक और ई-रिक्शा की टक्कर में किशोरी समेत दो घायल

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार:** सोमवार दोपहर राजधानी मार्ग स्थित सब्जी मंडी के पास एक बाइक और ई-रिक्शा की टक्कर में किशोरी समेत दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग तुरंत मदद को दौड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार युवक महेश मार्ग के सामने क्रॉसिंग से निकल रहा था, तभी दूसरी दिशा से आ रहे एक ई-रिक्शा से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा में बैठी एक किशोरी को चोटें आ गईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल किशोरी को तत्काल राजधानी मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। हादसे में बाइक सवार युवक को भी चोटें आईं। उसे भी प्राथमिक उपचार के लिए पास के एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया। वहीं, हादसे के तुरंत बाद ई-रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया।

### रंजिश में दबंगों ने दो युवकों को पीटकर किया लहूलुहान

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर में दो युवकों को पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने बुरी तरह पीट दिया। पीड़ित युवक विकास साहू ने रविवार रात कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। गांधी नगर निवासी विकास साहू ने बताया कि बीते 4 जुलाई की रात करीब साढ़े दस बजे वह अपने मित्र विशाल तिवारी उर्फ ओम जी के साथ राजमार्ग स्थित सब्जी मंडी के पास एक जिम से बाहर निकल रहा था, तभी कुछ दबंग युवक आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने उसे कट्टा दिखाकर जबरन अपने साथ ले गए और घंटों तक बेल्ट और डंडों से पीटा। इतना ही नहीं, विकास का आरोप है कि आरोपियों ने उसके मित्र विशाल को भी फोन कर बुलाया और चार-पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर उसकी भी जमकर पिटाई की। घटना के बाद किसी तरह दोनों युवक वहां से निकले और कोतवाली पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

### सिलाई फैक्ट्री का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी

औरास (उन्नाव), अमृत विचार : थाना क्षेत्र के बड़ादेव गांव में स्थित एक सिलाई सेंटर से अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर मशीनें और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित लाखों रुपये का सामान पार कर दिया। घटना शुक्रवार रात की है। शनिवार सुबह जब संचालक फैक्ट्री पहुंचा तो ताला टूटा हुआ था और सारा सामान गायब मिला। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र के गोविंद नगर, हांसखेड़ा रोड निवासी प्रमोद कुमार पुत्र स्व. खागेश्वर बड़ादेव गांव में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम मंत्रालय भारत सरकार की स्फूर्ति योजना के तहत सिलाई फैक्ट्री संचालित करते हैं। फैक्ट्री से चोर एसी कंप्रेसर, डिजाइन कंप्यूटर, स्टेबलाइजर, धागा मशीन, लोहे का गेट, इलेक्ट्रिक प्रेस, जनरेटर, कूलर, मोटर आदि चोरी कर ले गए। थाना प्रभारी भवन सिंह मौर्य ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### विद्यालय में शिक्षिकाओं से अभद्रता, शिक्षामित्र से मारपीट

**औरास, उन्नाव, अमृत विचार :** विकासखंड औरास के सैदापुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में एक युवक द्वारा शिक्षिकाओं से अभद्रता और शिक्षामित्र से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शिक्षामित्र मुकेश कुमार पुत्र दीनदयाल ने आरोप लगाया कि गांव निवासी बृजेश यादव पुत्र रामसिंह यादव विद्यालय में बच्चे का प्रवेश कराने की जानकारी लेने आया था। बातचीत के दौरान उसने शिक्षिकाओं से गाली-गलौज शुरू कर दी। जब मुकेश ने उसे रोका तो उसने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए ईंट से हमला कर दिया और दांतों से पैंट काट डाली। घटना में मुकेश को चोटें भी आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, बिसरा सुरक्षित

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** सोहरामऊ थानाक्षेत्र के दतौली गांव में घर में फंदे से लटकने गए युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। फांसी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिसमें उसकी मौत हार्ट अटैक से होने संभावना अधिक मिली। वहीं अधिक शराब या जहर निगलने की आशंका पर बिसरा सुरक्षित किया गया।

सोहरामऊ थानाक्षेत्र के दतौली गांव निवासी कमलेश यादव (32) पुत्र स्व. प्यारेलाल खेती करता था। रविवार की देर शाम वह घर लौटा और कमरे का दरवाजा बंद कर रस्सी फंदा बनाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। लेकिन इससे पहले वह अचानक अचेत हुआ और उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो फंदे से लटकने के साक्ष्य नहीं मिले। कमलेश की एक साल पहले शादी हुई थी। चार भाइयों में वह दूसरे नंबर पर था। बड़े भाई मिथलेश की मौत हो चुकी है। उसकी मौत से पत्नी पूनम रो-रोकर बेहाल है। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें उसके फांसी लगाने से मौत होने के कोई साक्ष्य नहीं मिले। एसओ शरद चंद्र ने बताया कि हर पहलू की जांच के उसकी मौत हार्ट अटैक से होने की संभावना अधिक दिख रही है।

# फैक्ट्री श्रमिक का था टॉवर वैगन से कटे युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

फॉलोअप

**साथी श्रमिकों की सूचना पर भाई ने की शव की शिनाख्त**

**अमृत विचार:** दही थाना क्षेत्र के कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग पर टॉवर वैगन से कटे युवक के शव की शिनाख्त रविवार रात उसके भाई ने मोर्चरी पहुंच कर की। जिसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द किया।

बता दे कि लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर दही थाना अंतर्गत ओवर हेड एक्यूमेंट की रुटीन चेकिंग की रेलवे के टीआरडी विभाग का टॉवर वैगन उन्नाव-लखनऊ की ओर जा रहा था। इसके लिए शनिवार रात रूट की झंझरी रेलवे क्रॉसिंग बंद थी। तभी बंद क्रॉसिंग पार करते समय युवक टॉवर वैगन से टकरा गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गेटमैन की रेलवे व दही पुलिस शव ट्रैक से हटवाकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया था, लेकिन सफलता नहीं मिली थी। रविवार को पुलिस ने सोशल मीडिया का सहारा लेने के साथ आसपास की फैक्ट्रियों के श्रमिकों को फोटो दिखा के पहचान का प्रयास किया। तभी किसी साथी श्रमिक से मिली जानकारी पर बहराइच जिला के दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र के मसूर नगर निवासी जावेद दही पुलिस थाना पहुंचा और मोर्चरी जाकर शव की पहचान अपने छोटे भाई शहनवाज उर्फ सोनू (25) के रूप में की। उन्होंने बताया कि उसका भाई दही क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक स्लाटर हाउस में मजदूरी करता था और गढ़ी गांव में किराए पर रहता था। भाई ने बताया कि शहनवाज की शादी हो गई थी। उसके तीन छोटी बेटियां है। वह तीन भाइयों में जावेद मो. अहमद से छोटा था। उसकी मौत से पत्नी मजहबी रो-रोकर कर बेहाल है। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया शव की शिनाख्त उसके भाई ने की है। इस पर पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### घरेलू कलह से युवक ने फंदे से लटक कर दी जान

**बांगरमऊ उन्नाव :** कोतवाली क्षेत्र के मदार नगर गांव के मजरा खार पुरवा निवासी रिंकू निषाद (28) पुत्र बाबूलाल मजदूरी करता था। रविवार रात उसका शव अपने कमरे में फंदे से लटका देख परिजनों में चीखपुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा। वहीं ग्रामीणों में चर्चा रही कि रिंकू का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी से परेशान होकर उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। उसके एक अबोध बच्ची भी है। उसकी मौत से परिजन बेहाल है। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है।

# लखनऊ मेल समेत आधा दर्जन ट्रेनें रहीं घंटों लेट



**हरदोई, अमृत विचार।** पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों में हो रही बारिश ने आम जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। बारिश का असर आमजन के साथ रेलवे पर भी देखने को मिल रहा है। बारिश के चलते मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के यार्ड में और अन्य का स्थानो पर जल भराव हो जाने से ट्रेनों की गति पर ब्रेक लग गया है। बारिश के चलते हुए जलभराव से हरदोई पहुंचने वाली लगभग आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों की देरी से पहुंची है। बारिश के चलते रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों का जाम लग गया। ऐसे में ट्रेन में बैठे रेल यात्रियों और स्टेशन पर अपनी ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहे रेल यात्रियों को काफी असुविधा उठानी पड़ी। यात्री लगातार सहयोग केंद्र और रेल के आधिकारिक एप एनटीईएस पर अपनी ट्रेन की स्थिति को देखे नजर आए। हरदोई रेलवे स्टेशन पर सुबह आने वाली ट्रेनों के घंटों लेट होने से दैनिक रेल यात्रियों पर इसका असर सबसे ज्यादा देखने को मिला। दैनिक रेल यात्रियों को अन्य वैकल्पिक संसाधनों से लखनऊ की यात्रा करनी पड़ी।

### इन ट्रेनों के संचालन पर पड़ा असर

हरदोई। स्टेशन पर जब यात्री अपनी ट्रेन को पकड़ने के लिए पहुंचे तो इन्हें काफ़ी देर तक अपनी ट्रेन की प्रतीक्षा करनी पड़ी। सोमवार सुबह देहरादून से चलकर बनारस जाने वाली 15120 जनता एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह के 4 :17 मिनट से 2 घंटे 42 मिनट की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहुंची, नई दिल्ली से चलकर लखनऊ जाने वाली 12230 लखनऊ मेल अपने निर्धारित समय सुबह के 4 :42 मिनट से 4 घंटा 10 मिनट की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंची, योग नगरी ऋषिकेश से चलकर हावड़ा जाने वाली 13010 दून एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह के 6 :10 मिनट से 2 घंटा 59 मिनट की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहुंची, चंडीगढ़ से चलकर लखनऊ जंक्शन जाने वाली 15012 सहारनपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह के 7 बजे से 2 घंटा 26 मिनट की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहुंची, चंडीगढ़ से चलकर लखनऊ जाने वाली 12232 चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह के 6 :25 मिनट से 2 घंटे 18 मिनट की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहुंची, फिरोजपुर से चलकर धनबाद जाने वाली 13308 गंगा सतलुज एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह के 7 :40 मिनट से 1 घंटा 58 मिनट की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहुंची, अमृतसर से चलकर हावड़ा जाने वाली 13006 पंजाब मेल अपने निर्धारित समय सुबह के 8 :24 मिनट से 2 घंटा 9 मिनट की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ट्रेनों के घंटों विलंब से संचालित होने से रेल यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। रेल अधिकारियों ने बताया कि मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के यार्ड में बारिश के चलते जल भराव होने से ट्रेनों पर असर पड़ा है। ट्रेनों के संचालन को सामान्य करने का प्रयास किया गया।रेल यातायात अब सुचारू रूप से संचालित है।

# घर में घुसे चोरों से भिड़ा वृद्ध, घायल

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम परसोला में बुजुर्ग के घर चोरी की वारदात सामने आई है। पीड़ित रामप्रताप सिंह ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामप्रताप सिंह ने बताया कि 4-5 जुलाई की मध्यरात्रि वह दवा खाने के लिए जागे तो देखा कि कमरे में कोई मोबाइल टॉर्च जला रहा है। आवाज लगाने पर जवाब नहीं मिला तो वह कमरे में गए। कमरे में एक युवक दरवाजे के पीछे छिपा मिला। रामप्रताप ने उसे पकड़ लिया। इस दौरान चोर ने उनके साथ मारपीट की। भागते समय हड़बड़ी में चोर अपना मोबाइल फोन वहीं छोड़ गया। चोर डायरी में रखे 10 हजार रुपए और शर्ट की जेब में रखे 940 रुपए ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आधे-अधूरे चकमार्ग को खोलने व खेतों से मिट्टी उठान पर किसानों में नाराजगी

संवाददाता, टड़ियावां, हरदोई

विरोध

- **खड़ी फसल के दौरान खेत से मिट्टी उठान पर होगा नुकसान**

**अमृत विचार।** तहसील सदर क्षेत्र में चकमार्ग की शिकायत पर सख्त हुए प्रशानन ने आनन फानन में चकमार्ग की पैमाईश करते हुए जेसीबी उसकी मरम्मत शुरू करवा दी गई। किसानों ने आधे अधूरे चकमार्ग को खोले जाने और खेत में खड़ी फसल से मिट्टी उठाने पर फसल को नुकसान पहुंचाने की तोहमत लगाई गई।

बताते चले कि टड़ियावां ब्लॉक व सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम बहर के मजरा पेड़ा निवासी युवक ने डीएम से शिकायत करते हुए चक मार्ग पर जोतने और रास्ता अवरुद्ध करने के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। उसकी शिकायत पर सख्त हुए राजस्व विभाग ने आनन फानन में उसकी पैमाईश शुरू करते हुए चकमार्ग को दुरुस्त करने में जुट गए। इस बीच अन्य किसानों के खेत में खड़ी फसल से मिट्टी खुदाई में होने से फसल बर्बाद हो गई। गांव के अशोक तिवारी, रामसिंह यादव और जयसिंह समेत तमाम किसानों ने खेत में फसल के दौरान चक मार्ग को दुरुस्त करने की कार्यवाही पर नाराजगी जताई है। किसानों ने कहा कि इस तरह से शिकायत पर बगैर मौका दिए खेत से मिट्टी उठान करने से फसल को नुकसान पहुंच रहा है। आरोप लगाया है कि राजस्व विभाग के जिम्मेदारों ने शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के इरादे से जल्दबाजी करते हुए पूरे चकमार्ग की पैमाईश भी नही की। किसानों ने राजस्व प्रशासन की आधी अधूरी कार्यवाही पर नाराजगी जाहिर की। इस मामले में एसडीएम सदर सुशील कुमार मिश्र ने बताया कि किसानों को पहले तो चकमार्ग की सीमा से बाहर रहना चाहिए था, जानबूझकर की गई गलती अक्षम्य है। फिलहाल खड़ी फसल को नुकसान न पहुंचने पाये, इस बारे में विचार विमर्श करके कुछ स्पष्ट किया जा सकता है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम यसीनपुर के निकट रविवार की शाम करीब 7.30 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी टोडरपुर भिजवाया। जहां इलाज के दौरान एक युवक को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला चौक निवासी राकेश श्रीवास्तव का पुत्र ऋषभ श्रीवास्तव अपने दोस्त दिलेरगंज निवासी अभिषेक गुप्ता के साथ बाइक से रविवार की रात 8 बजे हरदोई से शाहाबाद आ रहा था। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम यासीनपुर के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर बाइक सवार दोनो युवक गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची बेहटा गोकुल पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी टोडरपुर भिजवाया। जहां इलाज के दौरान डाक्टरों ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया, जबकि ऋषभ को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।



अभिषेक गुप्ता की फाइल फोटो।

# भाई की मौत से दु:खी पुलिस लाइन के फालोवर ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

संवाददाता, हरदोई

निराशा

**इटावा निवासी फालोवर के भाई की रविवार को डूबकर हो गई थी मौत, घर जाते समय दी जान**

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन में तैनात फालोवर के भाई की रविवार को इटावा में तालाब में डूब कर मौत हो गई थी,भाई की मौत की खबर सुन कर वह ट्रेन से इटावा जा रहा था,सण्डीला रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर वह ट्रेन से नीचे उतरा और प्लेटफार्म नंबर-1 से निकल रही सप्तक्रांति एक्सप्रेस ट्रेन के आगे छलांग लगा दी,जिससे उसकी वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई।

इटावा के निलुइया थाना जसवंत नगर निवासी 35 वर्षीय इंद्रजीत पिछले सात सालों से पुलिस लाइन में फालोवर के पद पर तैनात था और वहीं बैरक में रहता था। जैसा कि बताते है कि इंद्रजीत का 30 वर्षीय छोटा भाई सत्यवीर रविवार को इटावा के एक तालाब में डूब गया था,जिससे उसकी वहीं मौत हो गई थी। भाई की मौत की खबर सुनते इंद्रजीत ट्रेन से इटावा के लिए चल पड़ा। ट्रेन सण्डीला पहुंची, इंद्रजीत वहीं उतर गया। कुछ देर वहीं स्टेशन मास्टर कक्ष के सामने खड़ा रहा, उसी बीच इधर से जा रही सप्तक्रांति एक्सप्रेस ट्रेन के आगे छलांग लगा दी, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। उसके पास से बरामद हुए आधार कार्ड से शिनाख्त हुई। इंद्रजीत और उसके छोटे भाई सत्यवीर की शादी नहीं हुई थी। सात भाइयों में तीन इंद्रजीत से बड़े और तीन उससे छोटे भाई है, इसी तरह उन सात भाइयों में चार सत्यवीर से बड़े और दो उससे छोटे भाई है। एक साथ दो बेटों की मौत पर मां का रो-रो कर काफी बुरा हाल है।

# युवक का बैग लेकर भागने वाले टप्पेबाजों को दबोचा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ट्रेन से उतरा युवक ई-रिक्शे पर सवार होकर घर जा रहा था। युवक रास्ते में बाईपास पर जब उतरा तो ड्राइवर उसका बैग लेकर ई-रिक्शा भगा ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के दूसरे ही दिन ड्राइवर को ई-रिक्शे और उसके साथी को पकड़ लिया।

कोतवाली देहात के हर्रई निवासी आशीष ने रविवार को पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह ट्रेन से उतर कर रेलवे स्टेशन से ई-रिक्शे पर सवार हो कर घर जा रहा था, रास्ते में बाईपास के पास से ई-रिक्शे ड्राइवर उसका बैग लेकर भाग निकला। कोतवाली देहात पुलिस ने सोमवार को शीलू तिवारी निवासी विकास नगर महोलिया शिवपार व उसके साथी छोटू निवासी महोलिया शिवपार को गिरफ्तार कर ई-रिक्शा और आशीष का बैग बरामद किया।



पकड़े गए टप्पेबाजी के आरोपी।

# पत्नी से पीड़ित युवक का शव लटका मिला

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** पत्नी पर उत्पीड़न का आरोप लगाने वाले युवक का शव गांव के बाहर फंदे से लटका मिला। हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के तिथिगांव निवासी जगतराम ने करीब दो माह पूर्व एसपी को शिकायती पत्र भेज कर बताया कि उसकी पत्नी उसके साथ मारपीट करती है। उसका मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न किया जा रहा है। 27 मई को पुनः एसपी तथा मानवाधिकार आयोग समेत कई उच्च अधिकारियों पत्र भेजा। लेकिन सुनवाई नहीं हुई। उसने अपनी पत्नी किरन, उसके दो भाइयों पर तथा थाने के हल्का दरोगा व सिपाही पर परेशान करने का आरोप लगाया था।

नाराजगी | ग्राम पंचायतों में अधूरे विकास कार्य को लेकर भाकियू सर्व समाज ने दिया धरना

# विकास कार्य न होने पर किसानों ने दिया धरना

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खण्ड भरावन के कुम्हारन खेड़ा गांव में भारतीय किसान मजदूर यूनियन सर्वमाज ने धरना प्रदर्शन किया। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने नेतृत्व में ग्राम पंचायत किरला, बम्हनौआ, वृंदावन भटपुर में अधूरे विकास कार्य क़ो लेकर धरना प्रदर्शन किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष सुशील सिंह चौहान ने बताया कि ग्राम पंचायतो में गांव का हाल इतना बदहाल है कही सड़के क्षतिग्रस्त तो कही 5 वर्ष से ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है। सफाई कर्मी एकजुटता बनाकर मनमानी करते हैं। कभी गांवों में देखने तक नहीं आते नालिया पूरी तरह से बदहाल है। जिलाध्यक्ष सुनील तिवारी ने बताया कि हन्नी खेड़ा चौराहे के पास घनी बस्ती में अंडे की फैक्ट्री बनी है जो कि वैध जगह पर नहीं है वहां हालत ऐसी है 6 किलोमीटर तक चारो तरफ बदबू आती है, कीड़े, मक्खियां चारो तरफ भिनभिनाती रहती है। इसके लिये अधिकारियों को कई बार शिकायती पत्र दिया गया लेकिन सुनने वाला कोई नहीं। भाकियू सर्वसमाज के सदस्य प्रदेश अध्यक्ष सुशील सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष सुनील तिवारी, युवाजिलाध्यक्ष राहुल कुमार, शिवलाल मौर्या, गुलाब तिवारी शामिल रहे।



गांवों में विकास कार्यों की बदहाली को लेकर धरना-प्रदर्शन करते किसान संगठन के लोग। अमृत विचार

# बिजली के हाई वोल्टेज से घर में लगी आग

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** सोमवार की दोपहर बिजली का वोल्टेज तेज हो जाने से एक परिवार की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम ढकपुरा थाना अरवल निवासी विमलेश मजदूरी कर जीवनयापन करता है। रविवार को विमलेश परिवार के साथ बाबा नीम करौरी दर्शन के लिए गया था। सोमवार की दोपहर बिजली का तेज वोल्टेज आने से घर में लगे बोर्ड में लगा बल्ब तेज आवाज के साथ दग गया, बोर्ड में आग लगने से कमरे में रखा घरेलू सामान जलने लगा। घर से धुआं उठता देख पड़ोसी ताला तोड़कर घर के अंदर घुसे। आग बुझाए जाने के दौरान कमरे में रखे गैस सिलेंडर ने भी आग लग गई। जिसे बुझाया गया।

# दिनदहाड़े गोलीबारी से गांव में दहशत

संवाददाता पिहानी हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के चौकी जहानीखेड़ा अंतर्गत महमूदपुर सरैया गांव सोमवार को गोलियों की आवाज़ से दहल उठा। मामूली विवाद के बाद दो पक्षों में हुए पथराव, मारपीट और फिर खुलेआम फायरिंग की घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि गोलीबारी का लाइव वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

घटना का कारण बच्चों के बीच शुरू हुआ विवाद बताया जा रहा है। आरोप है कि इसी विवाद के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते दोनों ओर से पथराव होने लगा और कुछ ही देर में फायरिंग शुरू हो गई। वायरल वीडियो में एक युवक खुलेआम रायफल लहराते हुए गोलियां चला रहा है, जबकि आसपास अफरा-तफरी मची हुई है। घटना में मोहम्मद हसन और जाफर घायल हो गए हैं। वहीं दूसरे पक्ष के मुन्नू और उनके साथी भी घायल बताए जा रहे हैं।



बंदूक से फायरिंग करता युवक। अमृत विचार

**घटना का वीडियो वायरल होने पर जांच में जुटी पुलिस**

# ब्रह्मनगर और श्रीनगर में बिजली गुल, बढ़ी परेशानी

## अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने के दौरान सैकड़ों घरों में छाया रहा अंधेरा, भीषण गर्मी में लोगों को उठानी पड़ी दिक्कत

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** नगर में बिजली विभाग द्वारा ओवरलोड समस्या के समाधान के लिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को ब्रह्मनगर और श्रीनगर मोहल्लों में नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया, जिसके चलते सैकड़ों घरों की बिजली आपूर्ति घंटों तक ठप रही। साथ ही फीडर संख्या चार में लाइन ब्रेक होने से भी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से भीषण गर्मी में लोगों को भारी दिक्कत उठानी पड़ी।

बिजनेस प्लान के तहत मई माह से नगर के अलग-अलग हिस्सों में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया जारी है। गर्मी के मौसम में बढ़ते बिजली उपभोग और ट्रांसफार्मर के बार-बार फुंकने की समस्या को देखते हुए सोमवार को ब्रह्मनगर और श्रीनगर में यह कार्य कराया गया। शाम लगभग पांच बजे 100 केवीए और 250 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर लाए गए और स्थापना कार्य के दौरान बिजली आपूर्ति रोक दी गई। लगभग सात बजे तक चले कार्य के दौरान दोनों मोहल्लों की आपूर्ति पूरी तरह बंद रही, जिससे आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसी दिन सुबह फीडर-4 में ब्रेकडाउन के चलते करीब दो घंटे तक बिजली गुल रही, जिससे हजारों लोग प्रभावित हुए। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्य उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति देने के लिए किया जा रहा है और जल्द ही अन्य इलाकों में भी क्षमता वृद्धि का कार्य पूरा किया जाएगा।


ट्रांसफार्मर बदलते विद्युत कर्मी।


गली का टूटा क्रास का पत्थर।

**घटिया निर्माण की भेंट चढ़ा क्रॉस, लगते ही टूटा पत्थर, शुक्लागंज (उन्नाव):** नगर पालिका द्वारा गलियों में बनवाए जा रहे क्रॉस की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मुख्य मार्गों पर जहां मजबूत पत्थर डाले जा रहे हैं, वहीं गलियों के क्रॉस पर बेहद घटिया किस्म के पत्थर डाले जा रहे हैं जो ट्रैक्टर-ट्रॉली का भार भी नहीं सह पा रहे हैं।

बिंदानगर चौराहे के सामने पुलिस चौकी वाली गली में नगर पालिका द्वारा डलवाया गया पत्थर महज 24 घंटे में ही टूट गया। घटना उस समय हुई जब एक ट्रैक्टर-ट्रॉली गली से गुजरी। पत्थर टूटने से राहगीरों और वाहन चालकों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह तीसरी बार है जब यहां नया पत्थर डाला गया और हर बार कुछ ही दिनों में टूट गया। लोगों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर रहे हैं। पत्थर में अधिक मात्रा में बालू और निम्न श्रेणी की सीमेंट का प्रयोग किया जाता है, जबकि मौरंग और मजबूत सरिया का इस्तेमाल नाममात्र ही होता है। पत्थर ढालते समय पतली सरिया अंदर ही दफन कर दी जाती है।

### स्ट्रक्चर जर्जर होने से मिश्रा कॉलोनी में गिरी सोलर सबमर्सिबल टंकी

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** नगर पालिका द्वारा मिश्रा कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर के पास लगवाई गई सोलर सबमर्सिबल पानी की टंकी सोमवार को अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे के बाद टंकी फट गई और उसमें भरा सारा पानी सड़क पर फैल गया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई व्यक्ति वहां मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के अनुसार, नगर पालिका ने पुराने यातायात पुल चौराहे के आगे हनुमान मंदिर के समीप पांच हजार लीटर क्षमता की पानी की टंकी और सोलर सबमर्सिबल पंप लगवाया था। इससे आसपास के दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को पानी की सुविधा मिल रही थी। लेकिन बीते कुछ समय से टंकी का स्ट्रक्चर जर्जर हो चुका था और उसका एक तरफ का लोहा पूरी तरह से गल चुका था। स्थानीय लोगों ने कई बार पालिका को इसकी सूचना दी, मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई। सोमवार सुबह करीब 9 बजे एक मवेशी के टक्कर मारने पर कमजोर स्ट्रक्चर सहन नहीं कर सका और टंकी गिरकर चकनाचूर हो गई। इससे सड़क पर काफी मात्रा में पानी फैल गया। सूचना पर जलकल प्रभारी पंकज मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त टंकी तथा सोलर उपकरणों को हटवाकर पालिका परिसर में भिजवाया। जलकल प्रभारी ने बताया कि जल्द ही नया बेस बनवाकर टंकी दोबारा स्थापित की जाएगी। स्थानीय लोगों ने पालिका से ऐसे सार्वजनिक संसाधनों के रखरखाव में लापरवाही न बरतने की मांग की है।


मिश्रा कॉलोनी में गिरी पड़ी पालिका की सोलर सबमर्सिबल पंप की टंकी।

## फिर बढ़ने लगा गंगा का जलस्तर 24 घंटे में 11 सेमी की बढ़ोतरी


जलस्तर बढ़ने से फैलने लगा गंगा का पानी। अमृत विचार

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** पिछले कुछ दिनों की गिरावट के बाद गंगा का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है। नरौरा और अन्य पश्चिमी बांधों से लगातार छोड़े जा रहे पानी के चलते सोमवार को गंगा के जलस्तर में आंशिक वृद्धि दर्ज की गई। केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार 24 घंटे के भीतर जलस्तर में 11 सेमी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

बीते शुक्रवार यानी 4 जुलाई को जलस्तर अचानक तेजी से बढ़ा था और 110 मीटर गेज को पार कर गया था। इससे सूखे घाट पानी से भर गए थे। हालांकि रविवार को इसमें कुछ गिरावट दर्ज की गई, जिससे डूबी हुई रेत की सतह फिर नजर आने लगी थी। लेकिन सोमवार सुबह से जलस्तर दोबारा धीरे-धीरे बढ़ने लगा। आयोग के आंकड़ों के अनुसार, रविवार शाम 6 बजे गंगा का जलस्तर 110.090 मीटर था, जो सोमवार सुबह 8 बजे बढ़कर 110.110 मीटर हो गया। दोपहर 1 बजे यह 110.150 मीटर और शाम 6 बजे तक 110.200 मीटर तक पहुंच गया। जलस्तर फिलहाल काफी नीचे चल रहा है लेकिन ऊपरी इलाकों में हो रही बारिश और लगातार छोड़े जा रहे पानी को देखते हुए स्थिति पर निगरानी बनाए रखी जा रही है।

## एक नजर

### दो चेयरमैन पक्षों में पंचायत के दौरान हुई मारपीट

**गंजमुरादाबाद (उन्नाव) :** कस्बे के मोहल्ला कसैटा में सोमवार को विवाद सुलझाने पहुंची पंचायत के दौरान चेयरमैन उम्मीदवार और मौजूदा चेयरमैन के बेटे के समर्थकों के बीच जमकर लात-घूंसे, ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चले। झगड़े में विपक्षी दल के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। मामला इंडिया मार्का हैंडपंप पर अर्धनग्न स्नान को लेकर शुरू हुआ था, जिस पर महिलाओं ने आपत्ति जताई थी। इस विवाद को सुलझाने के लिए शहजाद और जुबैर मोहल्ले में पहुंचे, तभी मौजूदा चेयरमैन का बेटा कामिल भी अपने समर्थकों संग पहुंच गया। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और झड़प हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों से शाहरुख, फरहान, नफीस, जुबैर, लाडले व रब्बानी के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई कर उन्हें एसडीएम कोर्ट भेज दिया गया।

### महिला से मारपीट पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज, उन्नाव :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अवधपुरी निवासी एक महिला से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता मानसी ने बताया कि पोनी रोड झंडा चौराहा निवासी नितिन दीक्षित ने उससे गाली-गलौज की। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक से मारपीट कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज, उन्नाव :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मनोहर नगर में बीती रात चार युवकों ने एक युवक को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की मां की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मनोहर नगर निवासी बिटाना ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि रात करीब बारह बजे उसके बेटे से प्रताप, प्रकाश, शोभित और राज गाली-गलौज कर रहे थे। बेटे द्वारा विरोध करने पर चारों ने मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे वह बेहोश हो गया। पुलिस ने बिटाना की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। घायल युवक का उपचार स्थानीय अस्पताल में कराया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वीडियोग्राफी के बीच डॉक्टरों के पैनल ने किया विवाहिता का पोस्टमार्टम

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

फॉलोअप

▸▸ नदौली गांव में फंदे पर शव मिलने का मामला

**अमृत विचारः** औरास थाना क्षेत्र के नदौली गांव में फांसी के फंदे पर विवाहिता का शव लटकते हुए मिलने के मामले में सोमवार को नायब तहसीलदार की जांच बाद दो डॉक्टरों के पैनल से वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। वहीं पिता के दहेज के लिए प्रताड़ित करने की तहरीर पर पुलिस ने चार ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज कर पति से पूछताछ की है।

बता दे कि औरास थाना क्षेत्र नदौली गांव रविवार देर शाम प्रांशी (24) पत्नी अनुज का शव दुपट्टे के फंदे से उसके कमरे में लटका देख परिजनों के होश उड़ गए थे। इसकी खबर मिलते हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के बहरौली जहानपुर गांव निवासी मायके पक्ष के लोग पहुंचे थे और उन्होंने दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित करने और हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया। पिता संजय सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी एक बीघा जमीन बेचकर बड़ी बेटी प्रांशी की शादी 8 दिसंबर-2022 को अनुज पुत्र इंद्र बहादुर से की थी। लेकिन पति, सास रजनी, ननद बबीता व उसका पति दहेज में कार की मांग को लेकर बेटी से मारपीट करते थे। उसने एक बार हसनगंज पुलिस से शिकायत की थी। जिसपर ससुरालियों ने माफी मांग कर दोबारा प्रताड़ित नहीं करने की बात कही थी। लेकिन कुछ दिन बाद उन्होंने फिर से बेटी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। एसओ को सूचना पर एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार प्रीती सिंह ने जांच कर पंचनामा भरकर शव मोर्चरी भेजा। वहीं ससुर इंद्र बहादुर ने आरोप को नकारते हुए बताया बेटा बहू गांव में दूसरे मकान में अलग रहते थे। सोमवार को पैनल में शामिल डॉक्टर अनुराग कुमार व डॉक्टर फैसल जुबेर ने वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम किया। इसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है। एसओ भवन सिंह मौर्य ने बताया पति सहित सास, ननद व उसके पति पर तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई।

# दहेज में बुलेट व एक लाख की मांग, गर्भवती को जबरन जहर खिलाने का आरोप

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

▸▸ बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम शेरपुर कला का मामला

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र की एक विवाहिता ने अपने ससुराली जनों पर दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल व एक लाख रुपये की मांग को लेकर प्रताड़ित करने और गर्भवती होने पर जबरन जहर खिलाने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर ससुरालीजनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के मोहल्ला मेमारन टोला निवासी महक पुत्री रहीश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी 5 मई 2024 को बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम शेरपुर कला निवासी आकिब पुत्र इलियास के साथ संपन्न हुई थी। विवाह के समय पिता ने सामर्थ्यानुसार दान-दहेज दिया था, लेकिन ससुरालीजन इससे संतुष्ट नहीं थे। महक के अनुसार, शादी के कुछ समय बाद ही पति आकिब, ससुर इलियास, सास मेहर जहां और जेठ आशिक ने मायके से बुलेट मोटरसाइकिल व एक लाख रुपये लाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। जब उसने इसका विरोध किया, तो गर्भवती होने के बावजूद उसे जबरन जहरीला पदार्थ खिलाया गया और बाद में घर से निकाल दिया गया। गंभीर हालत में महक को उसके पिता ने इलाज दिलाकर जान बचाई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# उमस और तपिश ने बढ़ाई परेशानी रोपाई कर रहे किसान भी बेहाल


धूप से बचने के लिए छाता लगाकर रोपाई करते हुए किसान। अमृत विचार

संवाददाता सफीपुर, उन्नाव

**अमृत विचारः** पिछले तीन दिनों से लगातार बढ़ रही उमस और गर्मी ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। भीषण गर्मी के चलते बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी बेहाल हैं। सूर्य की तीखी किरणों और गर्म हवा ने हालात और भी गंभीर बना दिए हैं। दोपहर के समय ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे आसमान से आग बरस रही हो।

शहर की प्रमुख सड़कों जैसे तहसील रोड और नानाराव पेशवा मार्ग पर सामान्य दिनों की अपेक्षा चहल-पहल काफी कम रही। लोग बेहद जरूरी कामों से ही बाहर निकल रहे हैं और वे भी कुछ ही मिनटों में पसीने से तरबतर हो जाते हैं। गर्मी का असर इतना ज्यादा है कि पंखे और कूलर भी राहत देने में असमर्थ दिख रहे हैं। वहीं दिन में बिजली कटौती ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। खासकर घरों में छोटे बच्चों को गर्मी से खासा परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोग शाम के समय राहत की उम्मीद में बाहर निकलते हैं, लेकिन हवा में नमी और गर्मी से कोई विशेष राहत नहीं मिल पा रही है। उधर, सावन के महीने में जहां किसान धान की रोपाई में व्यस्त हैं, वहीं इस भीषण गर्मी ने उनकी भी परेशानी बढ़ा दी है। तेज धूप और उमस के बीच खेतों में काम करना चुनौती बन गया है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जूनियर स्कूल में हुआ पौधारोपण


जूनियर स्कूल प्रांगण में होता पौधरोपण। अमृत विचार


जूनियर स्कूल प्रांगण में होता पौधरोपण। अमृत विचार

संवाददाता, सफीपुर, उन्नाव

**अमृत विचारः** जलवायु संकट और पर्यावरण असंतुलन के बढ़ते खतरे को देखते हुए पौधरोपण अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुका है। इसी सोच के तहत सोमवार को जूनियर स्कूल रनियांमऊ में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संजीव संखबार ने किया। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी अनीता साह ने बताया कि अभियान में नीम, पीपल, अर्जुन, अमरूद, गुलमोहर जैसे छायादार व फलदार पौधों को प्राथमिकता दी गई है। यहां अमित तिवारी, कृपा शंकर, देवेन्द्र त्रिपाठी, अनूप साहू, संतोषी देवी, नीरज प्रजापति, हेमा मालिनी, सरोजनी, राधा देवी, सौरभ वैश्य रहे।

**वन महोत्सव में लगाए गए 20 पौधे, फतेहपुर चौरासी उन्नावः** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सोमवार को रुस्तमपुर गांव में वन विभाग द्वारा वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मनोज निषाद, रमाकांत कटियार, क्षेत्रीय वन अधिकारी नीरज कुमार विद्यार्थी, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी राजीव कुमार व वन दरोगा पप्पू सिंह ने भाग लिया। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताते हुए गांववासियों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पीपल, पाकड़, नीम जैसे छायादार पौधों के कुल 20 पौधे रोपे गए।

## सार-संक्षेप

### बैडमिंटन में अर्चित और अशिमत ने जीता खिताब

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** गोरखपुर में आयोजित योनेक्स सनराइज प्रकाश नारायण मेमोरियल यूपी स्टेट सीनियर मेजर बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में उन्नाव जनपद की अर्चित सिन्हा और अशिमत सिंह की जोड़ी ने लखनऊ के राजन यादव और तुषार गगनेजा को 23-21, 21-14 को सीधे सेटों में हराकर सीनियर बैडमिंटन डबल्स का खिताब जीता। महिला डबल्स में विभूति सिन्हा और नेहा पाल की जोड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके पूर्व अर्चित सिन्हा ने अंडर 17 और अंडर-19 में भी यह खिताब हासिल कर चुके हैं। सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता में यह खिताब पहली बार हासिल किया है। जो कि जनपद वासियों के लिए बहुत गर्व की बात है। अर्चित सिन्हा पुत्र रवि सिन्हा मोती नगर के निवासी हैं। यह खिताब जैसे ही अर्चित ने जीता वैसे ही घर में खुशी की लहर दौड़ गई और बधाई देने वालों का तांता लग गया। सदर विधायक पंकज गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि भानु मिश्रा, जिला क्रीडा अधिकारी मुकेश सभरवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी, विमल द्विवेदी, पीके मिश्रा जिला क्रीड़ा सचिव, नवीन सिन्हा सभासद बृजेश पांडे सभासद, अतुल वर्मा आदि लोगों ने फोन पर बधाई प्रेषित की।

### ऋषि नगर में संचारी रोग नियंत्रण को लेकर चला अभियान

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** नगर पालिका प्रशासन द्वारा सोमवार को वार्ड नंबर सात ऋषि नगर मोहल्ले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सफाई कर्मियों ने मोहल्ले की गलियों और नाला-नालियों की व्यापक सफाई कर सिल्ट हटाने का कार्य किया। साथ ही मच्छरों की रोकथाम के लिए फागिंग भी कराई गई। शासन के निर्देश पर 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सातवें दिन पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एसबीएम प्रभारी अनूप शुक्ला की निगरानी में सफाई दल ऋषि नगर पहुंचा। ईओ मुकेश मिश्रा ने बताया कि पूरे जुलाई माह तक नगर के सभी 28 वार्डों में चरणबद्ध तरीके से अभियान चलाया जाएगा। इसमें प्रत्येक वार्ड में विशेष सफाई, एंटी लार्वा स्प्रे और फागिंग कराई जाएगी ताकि बरसात के मौसम में बीमारी फैलने से रोका जा सके।

### फुटबाल टूर्नामेंट अंडर-17 में सर सैय्यद स्कूल बना विजेता

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** 4 से 6 जुलाई तक मेथोडिस्ट स्कूल कानपुर में आयोजित सीआईएससीई अंडर-17 जोनल फुटबॉल टूर्नामेंट में सर सैय्यद स्कूल, उन्नाव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट में कानपुर व उन्नाव के प्रमुख स्कूलों मेथोडिस्ट, सेंट एलायसस, जयपुरिया, कैम्ब्रिज, वीरेंद्र स्वरूप कैंट और सेंट लॉरेंस ने भाग लिया। सर सैय्यद स्कूल ने लीग मैचों में दमदार खेल दिखाते हुए सेंट एलायसस को 3-0 और जयपुरिया को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मुकाबले में टीम ने सेंट लॉरेंस को ट्राई ब्रेकर (पेनाल्टी शूटआउट) में 4-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में सर सैय्यद स्कूल का मुकाबला पुन: सेंट एलायसस से हुआ, जिसमें सर सैय्यद ने 1-0 से जीत दर्ज की। हरिओम, सौरभ, अर्पन और आनंद ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें डिफेंडर अर्पन विमल का योगदान विशेष सराहनीय रहा। विजय पर स्कूल की प्रधानाचार्या सादिया कमाल और प्रबंधन समिति ने खिलाड़ियों व प्रशिक्षक चंद्रशेखर को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में हुआ कॉन्क्लेव का आयोजन

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश द्वारा सोमवार को एआई युग में मीडिया की जिम्मेदारी विषय पर एक दिवसीय मीडिया कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डिजिटल मीडिया, एथिकल जर्नलिज्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव को लेकर विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने गंभीर मंथन किया। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. संजीव रत्न सिंह (डिजिटल ब्रॉडकास्ट एक्सपर्ट) ने कहा कि एआई के युग में मीडिया की जिम्मेदारियां और चुनौतियां दोनों बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि तेज़ और सटीक रिपोर्टिंग के लिए एआई एक उपयोगी उपकरण है, लेकिन इसमें पूर्वाग्रह और भ्रामक जानकारी की संभावना भी बनी रहती है। इसलिए मानवीय निगरानी और नैतिकता को प्राथमिकता देना अनिवार्य है। वहीं लखनऊ के एक अखबार के रेजिडेंट एडिटर प्रो. सुधीर मिश्रा ने कहा कि पत्रकारिता में तकनीक मददगार हो सकती है, लेकिन खबरों में इंसानी संवेदना और जुड़ाव का कोई विकल्प नहीं है। सीयू यूपी के प्रो वाइस चांसलर, डॉ. थिपेंन्द्र पी. सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए एआई की सामाजिक और नैतिक चुनौतियों पर चर्चा की।

### विद्यालयों की मर्जर व्यवस्था को बंद किए जाने की मांग

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालयों के मर्जन (विलय) की नीति के विरोध में सोमवार को एससी-एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश की जनपदीय शाखा ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी प्रतिनिधि को सौंपा। एसोसिएशन ने मांग की कि कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों का मर्जन बंद किया जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार भारतीय, प्रदेश संगठन मंत्री विमल आज़ाद भारतीय, प्रदेश सदस्य अनिल कुमार दिवाकर, लखनऊ मंडल कोषाध्यक्ष रामाशीष मौर्य, जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रकाश, महामंत्री वीरेन्द्र बहादुर, कोषाध्यक्ष उमेशचंद्र रावत, सौरभ राज भारती, शिवपाल गौतम, डी.सी. आज़ाद, हरिप्रसाद पाल, पियूष लोधी, पवन प्रजापति, संजय कुमार आदि शिक्षक व कर्मचारी रहे।

### रोटरी क्लब ने बच्चों को बैग व अध्ययन सामग्री बांटी

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ उन्नाव रॉयल द्वारा वाइब्रेंट मैथमेटिक्स इंटरनेशनल स्कूल, उन्नाव में जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल बैग व अध्ययन सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि प्रवीण मिश्रा ने कहा कि शिक्षा समाज की रीढ़ है और रोटरी क्लब द्वारा किया गया यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। क्लब अध्यक्ष रो. आशीष शुक्ला ने बताया कि रोटरी क्लब समय-समय पर समाजहित में ऐसे सेवा कार्यों का आयोजन करता रहेगा। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक सुधीर तिवारी, क्लब सचिव रो. डीडी शुक्ला, जीयस भदौरिया, राकेश सिंह एडवोकेट, के. जी. अग्रवाल, जितेन्द्र दीक्षित, सुनील सिंह, आशीष निगम, तुषार यादव, मनीष सिंह समेत कई रोटेरियन उपस्थित रहे।

### कांग्रेस के पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के नवमनोनीत पदाधिकारियों का पदग्रहण एवं संकल्प समारोह सोमवार को शहर के सिटी पैलेस में भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने सभी नवचयनित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और कांग्रेस की विचारधारा के प्रति निष्ठावान रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा, कोऑर्डिनेटर शिव पांडे, चंद्रप्रकाश, प्रज्ञा सिंह, सचिन रावत और फैज फारुकी, अजय गौतम ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नवमनोनीत उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, ब्लॉक अध्यक्ष एवं शहर कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी को प्रमाण पत्र और पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया गया।

आस्था | सावन माह को लेकर डीएम की अध्यक्षता में हुई पीस कमेटी की बैठक, सुविधाओं को लेकर की गई चर्चा

# जिलाधिकारी से की कांवड़ियों की समस्याओं के समाधान की मांग

संवाददाता परियर, उन्नाव

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सोमवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान बाबा बलखंडेश्वर महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष रविशंकर मिश्रा ने आगामी आषाढ़ पूर्णिमा और सावन माह में आने वाले कांवड़ियों की समस्याओं को उठाते हुए उनके समाधान की मांग की।



बैठक में जानकारी देते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

उन्होंने परियर गंगा तट पर बैरिकेडिंग, माना बंगला से गंगा तट तक जाने वाली पुलिया की जर्जर स्थिति को ठीक कराने, नैंसी स्वीट हाउस के पास मुख्य मार्ग पर बने गहरे गड्ढे की मरम्मत, मंदिर परिसर की सफाई व चूना छिड़काव की मांग की। साथ ही प्रत्येक सोमवार को बलखंडेश्वर मंदिर पर एक एंबुलेंस सहित चिकित्सक टीम तैनात करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने परियर-मरौंदा सिंगल रोड पर मछली और मांस की दुकानों को हटाने, जाम से बचाव हेतु मंडी के पास सुबह 5 बजे से पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करने और प्रमुख चौराहों पावा, चकलवंशी, मुंशीगंज, मोहानकुपर ट्रैफिक कंट्रोल की व्यवस्था की मांग की। साथ ही, कांवड़ मार्गों पर पड़ने वाले शराब ठेकों पर अनावश्यक भीड़ न लगे, यह सुनिश्चित करने की भी मांग रखी गई। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सावन माह में कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

### एसडीएम और सीओ ने चंदन घाट का किया निरीक्षण, दिए सुरक्षा के निर्देश

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा स्नान और आगामी सावन माह को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। सोमवार शाम एसडीएम क्षितिज द्विवेदी और सीओ सिटी सोनम सिंह ने जाजमऊ स्थित चंदन घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाट पर गंगा कटान के कारण बने खतरे को देखते हुए तत्काल बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्नान के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पहले से पुख्ता इंतजाम किए जाएं। एसडीएम ने घाट पर पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था कराने का निर्देश दिये। वहीं, सीओ सोनम सिंह ने बताया कि गुरु पूर्णिमा स्नान और सावन माह के दौरान सुरक्षा को लेकर घाट पर पुलिस बल और गोताखोरों की तैनाती की जाएगी, जिससे स्नान के दौरान कोई भी अप्रिय घटना न हो। एसडीएम निरीक्षण के दौरान जाजमऊ चौकी इंचार्ज विनय यादव सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।


जाजमऊ चंदन घाट का निरीक्षण करते एसडीएम और सीओ।

# 8.6 करोड़ टन मक्का उत्पादन का लक्ष्य

## फिक्की के सम्मेलन में कृषि मंत्री बोले- 2047 तक भारत अपना उत्पादन करेगा दोगुना

नई दिल्ली, एजेंसी

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि भारत 2047 तक अपने मक्का उत्पादन को मौजूदा 4.23 करोड़ टन से दोगुना करके 8.6 करोड़ टन तक पहुंचा सकता है। उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित 11वें मक्का सम्मेलन में चौहान ने कहा कि दुनिया के पांचवें सबसे बड़े मक्का उत्पादक को आनुवंशिक रूप से संशोधित बीजों का उपयोग किए बिना उत्पादकता बढ़ाने की जरूरत है।

चौहान ने कहा कि हम आनुवंशिक रूप से संशोधित बीजों का इस्तेमाल नहीं करते हैं, लेकिन फिर भी हम उत्पादकता के स्तर को बढ़ा सकते हैं। भारत की औसत मक्का उत्पादकता 3.7 टन प्रति हेक्टेयर है, प. बंगाल और बिहार जैसे कुछ राज्य राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कुल मिलाकर पैदावार बढ़ाने की जरूरत है। मंत्री ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने मक्का की 265 किस्में विकसित की हैं। इनमें 77 हाइब्रिड और 35 जैव-फोर्टिफाइड किस्में हैं, लेकिन अभी और काम करने की जरूरत है। चौहान ने कहा, मक्के में स्टार्च का स्तर बढ़ाने की जरूरत है। हमें इसे मौजूदा 65-70 प्रतिशत से बढ़ाकर 72 प्रतिशत करने की जरूरत है ताकि मक्के का बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया जा सके। भारत का मक्का उत्पादन 1900 के दशक के एक करोड़ टन से बढ़कर वर्तमान में 4.23 करोड़ टन हो गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य जो धान की खेती पर ध्यान केंद्रित करते हैं.. उन्हें उत्पादन बढ़ाने के लिए मक्का की खेती में विविधता लानी चाहिए। चौहान ने कहा कि मक्का की कीमतें जो 2,400 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम थीं... वह सरकार के 2025-26 तक 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण लक्ष्य के बाद मजबूत हुई हैं। मंत्री ने घटिया बीज, उर्वरक और कीटनाशकों की बिक्री पर चिंता व्यक्त की तथा ऐसे आपूर्तिकर्ताओं एवं विनिर्माताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए नीतिगत रूपरेखा बनाने का आह्वान किया।



- मंत्री ने कहा- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने विकसित की मक्का की 265 किस्में

### चारे की बढ़ती कीमतों के प्रति चौहान ने जताई चिंता

पोल्ट्री उद्योग के प्रतिनिधियों के मक्का के चारे की बढ़ती कीमतों के बारे में चिंता जाहिर करने के मुद्दे पर चौहान ने कहा, मैंने उनसे कहा कि किसानों को कीमत मिलने दीजिए और हम आपके मुद्दे को दूसरे तरीके से सुलझा लेंगे। उत्पादन में और वृद्धि होनी चाहिए। कॉर्टेवा एग्रीसाइंस के अध्यक्ष (दक्षिण एशिया) और फिक्की की कृषि समिति के सह-अध्यक्ष सुब्रतो गीद ने कहा कि मांग-आपूर्ति के अंतर को पाटने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों और नवाचार की आवश्यकता है।

## अमेरिकी शुल्क आने से निवेशक सतर्क, सेंसेक्स व निफ्टी स्थिर

**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक...सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को स्थिर रहे। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच अमेरिकी शुल्क लागू होने की नौ जुलाई की समयसीमा करीब आने के साथ निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। 50 शेयरों पर आधारित एनएसई का निफ्टी के 22 शेयर लाभ में जबकि 28 नुकसान में रहे। एफएमसीजी तथा पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में लाभ ने आईटी तथा धातु शेयरों में हुए नुकसान की भरपाई की। आशिका इंस्टिट्यूशनल इक्विटी के तकनीकी और डेरिवेटिव विश्लेषक सुंदर केवट ने कहा, सोमवार को भारतीय शेयर बाजार स्थिर रहा। निफ्टी 25,450 पर खुला। यह नीचे में 25,407 पर आया और ऊंचे में 25,489 के स्तर तक गया।

## लाइटकॉइन : निवेश का हल्का व तेज विकल्प

बात काम की

लाइटकॉइन डिजिटल क्रिप्टोकरेंसी है, जिसे 2011 में चार्ली ली ने बनाया था। यह बिटकॉइन का हल्का और तेज़ विकल्प माना जाता है, जो तेज़ ट्रांजेक्शन स्पीड और कम फीस के लिए लोकप्रिय है। यह एक ओपन-सोर्स, पीयर-टू-पीयर नेटवर्क पर आधारित है, जिसका उद्देश्य वैश्विक भुगतान प्रणाली को अधिक कुशल बनाना है। निवेशक इसमें डिजिटल संपत्ति के रूप में निवेश करते हैं, लेकिन इसकी कीमत में उतार-चढ़ाव के कारण जोखिम भी जुड़ा होता है।



### क्या है लाइटकॉइन

लाइटकॉइन क्रिप्टोकरेंसी है जो ब्लॉकचेन पर आधारित है। ये बिटकॉइन की तरह ही डिज़ाइन था, लेकिन यह कुछ मामलों में बेहतर प्रदर्शन करता है, जैसे कि तेज लेन-देन और कम शुल्क। इसका उपयोग वैश्विक स्तर पर डिजिटल भुगतान में होता है। लाइटकॉइन का ब्लॉक जनरेशन समय 2.5 मिनट है, जबकि बिटकॉइन के लिए यह 10 मिनट होता है।

### निवेश के लाभ

- **तेज लेन-देन गति :** बिटकॉइन की तुलना में चार गुना तेज़।
- **कम ट्रांजेक्शन फीस :** ट्रांसफर करते समय कम शुल्क।
- **व्यापक स्वीकृति :** ऑनलाइन व्यापारियों द्वारा स्वीकार।
- **बिटकॉइन का पूरक :** पुराने और भरोसेमंद विकल्पों में से एक।

### निवेश के जोखिम

- **अस्थिरता :** कीमतों में बहुत तेजी से उतार- चढ़ाव।
- **अनिश्चितता :** भारत समेत कई देशों में क्रिप्टो पर कानून नहीं ।
- **साइबर जोखिम :** डिजिटल वॉलेट हैक होने की संभावना ।
- **लाभ की गारंटी नहीं :** तेजी से मूल्य बढ़ना ओर गिर जाना।

### अन्य महत्वपूर्ण पहलू

- लाइटकॉइन की अधिकतम सप्लाई 84 मिलियन है, जो बिटकॉइन से चार गुना अधिक है।
- यह स्क्रिप्ट नामक एल्गोरिद्म पर आधारित है, जो माइनिंग को आसान बनाता है।
- इसमें निरंतर अपग्रेड और तकनीकी सुधार होते हैं, जिससे यह आकर्षक बना हुआ है।

## फिनटेक कंपनियां भुगतान समाधान पर दें ध्यान

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने सोमवार को वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियों से वित्तीय समावेश को बढ़ाने के लिए ऑफलाइन भुगतान समाधान पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। नागराजू ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वित्तीय समावेश और फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) पर आयोजित सम्मेलन में कहा, मैं फिनटेक कंपनियों से ऑफलाइन भुगतान के लिए भुगतान समाधान पर ध्यान देने का अनुरोध करूंगा।

उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेश को वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास और गरीबी उन्मूलन के एक प्रमुख कारक के रूप में पहचाना जा रहा है। सचिव ने कहा कि 17 संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (यूएन एसडीजी) में से सात सीधे वित्तीय समावेश से जुड़े हैं। इससे बैंकिंग सेवाओं से वंचित और कम सेवा प्राप्त आबादी के लिए वित्तीय सेवाओं तक पहुंच में सुधार के महत्व का पता चलता है। उन्होंने भारत में हुई प्रगति को बताने के लिए ग्लोबल फाइंडेक्स डेटाबेस के अनुमान का हवाला देते हुए 2014 से पहले के आंकड़ों का जिक्र किया। उस समय भारत में केवल 35% लोगों के पास बैंक खाते तक पहुंच थी। नागराजू ने कहा कि इस स्थिति के जवाब में, वित्तीय पहुंच में सुधार के लिए 2014 में प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) शुरू की गई थी। अब भारत में 99 प्रतिशत लोगों के पास बैंक खाते हैं। इस योजना ने लाखों भारतीयों को बैंक खाते खोलने और वित्तीय प्रणाली जोड़ने में सक्षम बनाया है।



- सीआईआई के आयोजित सम्मेलन को वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने किया संबोधित

## जेन स्ट्रीट का मामला मूलतः निगरानी का : सेबी प्रमुख

**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को कहा कि बाजार नियामक को विदेशी हेज कोष जेन स्ट्रीट की तरफ से की गई हेराफेरी के जैसे दूसरे जोखिम नहीं दिख रहे हैं। सेबी ने जेन स्ट्रीट पर हेराफेरी के जरिये वायदा एवं विकल्प सौदों से अर्जित 4,800 करोड़ से अधिक राशि को जब्त करने और उसकी बाजार पहुंच रोकने का आदेश जारी किया था।

पांडेय ने जेन स्ट्रीट की ही तरह अन्य निवेशकों के हेराफेरी में लिप्त होने की आशंका पर कहा, मुझे नहीं लगता कि बहुत अधिक दूसरे जोखिम हैं। सेबी प्रमुख ने कहा कि बाजार नियामक अपनी निगरानी प्रणाली को उन्नत करने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा, जेन स्ट्रीट मामले में जो हुआ वह 'मूल रूप से' निगरानी का मुद्दा था और नियामक केवल इसी कारण से इस पहलू पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## ड्रोन उद्योग से बढ़ सकती है विनिर्माण क्षमता

नई दिल्ली, एजेंसी

ड्रोन उद्योग से 2030 तक देश की विनिर्माण क्षमता 23 अरब डॉलर तक बढ़ सकती है। नेक्सजेन की रिपोर्ट में कहा गया कि रक्षा, कृषि, लॉजिस्टिक और बुनियादी ढांचा जैसे क्षेत्रों से बढ़ती मांग के कारण ऐसा होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, ड्रोन आधुनिक युद्ध रणनीतियों में एक प्रमुख माध्यम के रूप में उभर रहा है।

पहलगाम हमले के जवाब में भारत के ऑपरेशन सिंदूर से देश में ड्रोन को अपनाने में उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं। रिपोर्ट 15 शहरों की 150 कंपनियों के सर्वेक्षण पर आधारित है। इसके मुताबिक, 40% ड्रोन कंपनियों का मानना है कि रक्षा क्षेत्र के बाद 2030 तक भारत में कृषि क्षेत्र में ड्रोन की सबसे अधिक मांग होने का अनुमान है। इसके अनुसार, वैश्विक कृषि ड्रोन बाजार का आकार 2030 तक 5.89 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। इस गति को और आगे बढ़ाने के अपने प्रयास में दिल्ली 31 जुलाई से एक अगस्त, 2025 तक 'ड्रोन इंटरनेशनल एक्सपो 2025' की मेजबानी कर रही है। नेक्सजेन एग्जिबिशन के इस आयोजन में रूस, ताइवान, कनाडा, यूक्रेन और भारत सहित छह से अधिक देशों के नवीनतम नवाचार को प्रदर्शित किया जाएगा। एक्सपो में 50 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ड्रोन निर्माता अपने उत्पाद नवाचारों का प्रदर्शन कर रहे हैं।

नेक्सजेन एग्जिबिशन के निदेशक आधार बंसल ने बयान में कहा कि पूरी दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ड्रोन की प्रभावशाली क्षमताओं को देखा है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि स्वदेशी ड्रोन को अपनाने से 'मेक इन इंडिया' पहल को मजबूती मिलेगी और कई क्षेत्रों में राष्ट्रीय समृद्धि को समर्थन मिलेगा।



- रक्षा, कृषि, लॉजिस्टिक और बुनियादी ढांचा जैसे क्षेत्रों से बढ़ती मांग मुख्य कारण



## एक नजर

### दोनों आरोपियों को 10 दिन की अतिरिक्त हिरासत

**जम्मू।** जम्मू की विशेष अदालत ने एनआईए को पहलगाम हमले में शामिल पाकिस्तानी आतंकियों को पनाह देने में गिरफ्तार दो आरोपियों की 10 दिन की अतिरिक्त हिरासत मिली है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि 10 दिन की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद परवेज अहमद जोथर और बशीर अहमद जोथर को विशेष एनआईए अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उनकी हिरासत अवधि बढ़ा दी, ताकि एनआईए मामले में अपनी जांच जारी रख सके।

### हुड्डा के पूर्व प्रधान सचिव की 14 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के प्रधान सचिव रह चुके सेवानिवृत्त आईएएस की 14 करोड़ की नौ आवासीय इकाइयों को उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले की जांच के तहत कुर्क किया गया है। ईडी ने सोमवार को कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चंडीगढ़, दिल्ली और गुरुग्राम स्थित इन संपत्तियों को कुर्क करने से जुड़ा अंतिम आदेश 30 जून को जारी किया गया था। सेवानिवृत्त आईएएस एमएल तायल के दो घरों और 7 अपार्टमेंट की कुल कीमत 14.06 करोड़ रुपये है।

### बंबई हाईकोर्ट ने नहीं दी अबू सलेम को राहत

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने सोमवार को गैंगस्टर अबू सलेम को राहत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा, पुर्तगाल से प्रत्यर्पण की शर्तों के तहत सलेम ने भारत की जेल में 25 साल पूरे नहीं किए हैं। सलेम ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर उसे जेल से रिहा करने का अनुरोध किया है। उसने दलील दी कि अच्छे आचरण के लिए छूट को शामिल किया जाए, तो वह 25 साल की सजा काट चुका है।

# शांति का समय कुछ और नहीं बल्कि भ्रम

## रक्षा मंत्री राजनाथ ने की ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों के पराक्रम की सराहना

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि शांति का समय एक भ्रम के अलावा कुछ नहीं और भारत को अपेक्षाकृत शांत अवधि के दौरान भी अनिश्चितता के लिए तैयार रहना चाहिए।

सिंह ने एक कार्यक्रम में कहा कि अभियान में स्वदेश निर्मित उपकरणों और प्रणालियों के प्रदर्शन से भारत निर्मित सैन्य उत्पादों की वैश्विक मांग बढ़ी है। विश्व हमारे रक्षा क्षेत्र को सम्मान की दृष्टि से देख रहा है। वित्तीय प्रक्रियाओं में एक भी देरी या त्रुटि अभियानगत तैयारियों को प्रभावित कर सकती है। सिंह ने कहा कि अधिकतर उपकरण जो हम पहले आयात करते थे, अब भारत में बना रहे हैं। रक्षा मंत्री रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) के नियंत्रकों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रक्षा विभाग से रक्षा में निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी के साथ तालमेल बिठाते हुए नियंत्रक से सुविधाकर्ता बनने का आह्वान किया। व्यापक भू-राजनीतिक स्थिति पर रक्षा मंत्री ने स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट के विश्लेषण का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि 2024 में वैश्विक सैन्य व्यय 2.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचा।



नई दिल्ली में नियंत्रक सम्मेलन के दौरान सभा को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

- बोले- देश को अपेक्षाकृत शांत अवधि के दौरान भी अनिश्चितता के लिए रहना चाहिए तैयार

### आत्मावलोकन के माध्यम से आंतरिक सुधार करें

रक्षामंत्री ने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे केवल बाहरी ऑडिट या सलाहकारों पर निर्भर रहने के बजाय आत्मावलोकन के माध्यम से आंतरिक सुधार करें। सिंह ने कहा कि आंतरिक मूल्यांकन से किए सुधार जीवंत संगठन बनाते हैं और ये सुधार बेहतर होते हैं, जिनमें कम बाधाएं होती हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि चाहे उपकरण उत्पादन बढ़ाना हो या वित्तीय प्रक्रियाओं को अनुकूलित करना हो, हमें हर समय नवीन तकनीकों और प्रणालियों के साथ तैयार रहना चाहिए। उन्होंने डीएडी से कहा कि वह इस मानसिकता को अपनी योजना, बजट और निर्णय लेने की प्रणालियों में शामिल करे। रक्षा क्षेत्र के बढ़ते सामरिक और आर्थिक महत्व पर सिंह ने रक्षा व्यय को महज व्यय मानने की धारणा को बदलने से लेकर गुणक प्रभाव वाले आर्थिक निवेश के रूप में बदलने का आह्वान किया। रक्षा मंत्री ने रक्षा विभाग से आग्रह किया कि वह अपनी योजना और आकलन में रक्षा अर्थशास्त्र को शामिल करे, जिसमें अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं और दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियों का सामाजिक प्रभाव विश्लेषण भी शामिल हो।

## शेयर बाजार को लेकर राहुल फैला रहे हैं भय : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल गांधी के लगाए आरोपों पर भाजपा ने किया पलटवार

भाजपा ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर शेयर बाजार के बारे में डर और गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि इसने लाखों खुदरा निवेशकों के लिए धन सृजन किया है, जिन्होंने म्यूचुअल फंड और आईपीओ से इसमें भाग लिया है।

भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस नेता पर यह पलटवार ऐसे समय किया है, जब गांधी ने हेज फंड जेन स्ट्रीट के खिलाफ बाजार नियामक की कार्रवाई के बाद सेबी पर हमला किया। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैंने 2024 में कहा था कि वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) बाजार बड़े खिलाड़ियों का खेल बन चुका है और छोटे निवेशकों की जेब कट रही है। अब सेबी खुद मान रहा है कि जेन स्ट्रीट ने हजारों करोड़ की हेरफेर की। उन्होंने सवाल किया कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) इतने समय तक चुप क्यों रहा, क्या मोदी सरकार किसी के इशारे पर आंखें मूंदे बैठी थी और कितने बड़े शार्क अब भी खुदरा निवेशकों को नुकसान पहुंचा रहे हैं? पलटवार करते हुए मालवीय ने कहा कि सेबी द्वारा एक वैश्विक संस्था पर प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई स्पष्ट सबूत है कि छोटे निवेशकों की सुरक्षा के लिए कड़ी नियामक कार्रवाई की जा रही है जिसे गांधी सनसनीखेज बनाने की कोशिश कर रहे हैं। मालवीय ने कहा कि यदि सेबी चुप रहती, जैसा कि गांधी दावा करते हैं, तो जांच नहीं होती, प्रतिबंध नहीं होता, और सुर्खियां नहीं बनती, उनका आरोप वहीं ध्वस्त हो जाता है।

### जलभराव से परेशानी



अमृतसर में सोमवार को हुई भारी बारिश से स्वर्ण मंदिर के पास हेरिटेज स्ट्रीट क्षेत्र तालाब बन गया। सड़कों और आवासीय क्षेत्र में पानी भर गया, जिससे राहगीरों को परेशानी से दो-चार होना पड़ा। एजेंसी

## अवैध कोटा से प्रवेश पर बंगाल ओडिशा ने नहीं की कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईडी ने कहा- राज्य सरकारों को विदेश मंत्रालय ने पहले ही दे दी थी धोखाधड़ी की जानकारी

ईडी ने सोमवार को कहा कि विदेश मंत्रालय की ओर से धोखाधड़ी की जानकारी देने के बावजूद अनिवासी भारतीय (एनआरआई) कोटे के तहत निजी चिकित्सा कॉलेजों में अयोग्य अभ्यर्थियों के प्रवेश पर प. बंगाल और ओडिशा सरकारों ने कोई कार्रवाई नहीं की।

संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि उसने इस मामले में अतीत में तलाशी के दौरान आपत्तिजनक सबूत जब्त किए हैं। ईडी ने कहा कि प. बंगाल के एक निजी कॉलेज की 6.42 करोड़ की सावधि जमा को अस्थायी रूप से कुर्क किया गया है। इसने पहले इन कथित अनियमितताओं में शामिल कॉलेजों और व्यक्तियों की 12.33 करोड़ की संपत्ति जब्त की थी। ईडी के मुताबिक, जांच में पाया गया कि इन राज्यों में एमबीबीएस, एमडी और एमएस पाठ्यक्रम प्रदान करने वाले कुछ निजी चिकित्सा कॉलेजों के प्रबंधन ने अभ्यर्थियों के लिए 'फर्जी' कागजात बनाने के लिए एजेंटों के साथ मिलीभगत की जैसे कि एनआरआई संबंधी दूतावास के दस्तावेज और परिवार का ब्योरा।

## मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण पर 10 जुलाई को शीर्ष सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट निर्वाचन आयोग के बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 जुलाई को सुनवाई करने को राजी हो गया। न्यायमूर्ति सुधांशु धुलिया व जॉयमाल्या बागची की पीठ ने याचिकाकर्ताओं पर कपिल सिब्बल के नेतृत्व में कई वकीलों की दलीलों को सुना और गुरुवार को सुनवाई के लिए राजी हुई।

पीठ ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के वकील को अपनी याचिकाओं की पूर्व सूचना दें। राजद सांसद मनोज झा और टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा समेत कई नेताओं ने याचिकाएं दायर की हैं, जिसमें बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का निर्देश देने वाले आदेश को चुनौती दी गई है। झा ने कहा कि निर्वाचन आयोग का 24 जून का आदेश संविधान के अनुच्छेद 14, 21, 325 और अनुच्छेद 326 का उल्लंघन करता है।

## डिजिटल अरेस्ट कर महिला से 3.16 करोड़ रुपये की ठगी

मंगलुरु (कर्नाटक), एजेंसी

- पुलिस अधिकारी बताकर रकम कई खातों में डलवाई

मंगलुरु की महिला से ठगों ने पुलिस अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट कर 3.16 करोड़ से ज्यादा की रकम अंतरित करने को मजबूर किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। नाम न जाहिर करने का अनुरोध करते हुए महिला (40) ने साइबर इकोनॉमिक एंड नारकोटिक्स क्राइम (सीईएन) पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत में महिला ने कहा है कि छह जून को उसे एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने दावा किया कि वह राष्ट्रीय अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) का अधिकारी है। उसने आरोप लगाया कि उसके पति के नाम पर पंजीकृत सिम कार्ड का दुरुपयोग हुआ है। कॉल को कई बार स्थानांतरित किया और अंततः ऐसे व्यक्ति ने बात की जो स्वयं को सरकारी वकील बता रहा था। जालसाजों ने बैंकिंग जानकारी ली। इसकी शुरुआत एक व्यक्ति ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर की।

## जादू-टोना के संदेह में 5 की हत्या, शव जलाए

**पूर्णिया (बिहार)।** पूर्णिया जिले में जादू-टोना के संदेह में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर उनके शवों को जला दिए गए। पुलिस मृतकों की पहचान की कोशिश कर रही है।

पूर्णिया के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) प्रमोद मंडल ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि टेटमा गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों की पहले जादू-टोना करने के शक में हत्या की गई। ऐसा लगता है कि आरोपियों ने फिर उनके शवों को झाड़ियों में जला दिया। घटना रविवार रात की बताई गई है। पुलिस ने शव बरामद कर लिए हैं और मामले की जांच कर रही है।

## पंजाब में मिनी बस और कार में टक्कर, नौ की मौत

**होशियारपुर।** पंजाब में होशियारपुर जिले के तलवाड़ा-दसूहा मार्ग स्थित गांव संघरां के पास सोमवार सुबह हाजीपुर से दसूहा जा रही मिनी बस और कार में हुई टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में 32 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से तीन की स्थिति गंभीर है। दसूहा सिविल अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ मनमोहन सिंह ने बताया कि मृतकों में राजू बाला और मीना, दोनों निवासी बुड्ढाबड़, घाटी नारी, कांगड़ा (हिप्र) के लव कुमार, हलेर के गुरमीत राम, जलाल चक की सतविंदर कौर, दसुया की बलबीर कौर, नविया बागरिया भैणी मियां खान, गुरदासपुर के संजीव कुमार और सहोरा की सुबाग रानी है। उन्होंने बताया कि करीब 50 वर्षीय एक मृत व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो पायी है। सिविल अस्पताल में भर्ती लोगों में से गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को उच्च चिकित्सा केंद्रों के लिए रेफर कर दिया गया है।

## कांग्रेस को डराने की कोशिश कर रही भाजपा : खरगे

रायपुर, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को भाजपा पर चुनाव पूर्व किए वादों से मुकरने का आरोप लगाया और लोगों से अपने जल, जंगल और जमीन की रक्षा की लड़ाई में एकजुट रहने को कहा। खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा देश में हर किसी को डराने की कोशिश कर रही है और अपने विरोधियों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

भारी बारिश के बीच रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में जय जवान-जय किसान-जय संविधान नामक सभा खरगे ने दावा किया कि मोदी सरकार गरीबों को लूट रही है। प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा कि उनके पास देश-विदेश का दौरा करने का समय है, लेकिन मणिपुर जाने का नहीं है, जहां जातीय संघर्ष चल रहा है। भाजपा ईडी और आईटी जैसी एजेंसियों का उपयोग करके हमारे नेताओं को डराने की कोशिश कर रही है, लेकिन हम नहीं डरेंगे। छत्तीसगढ़ में हमारे नेताओं को परेशान किया जा रहा है जिनमें भूपेश बघेल भी हैं।



संविधान रैली के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे।

### सरकार का ध्यान बड़े कारोबारी समूहों पर

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार का ध्यान छोटे एवं मझोले उद्यमों के बजाय बड़े कारोबारों को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि बड़े व्यापारिक समूह और भी बड़े हो रहे हैं लेकिन इससे आर्थिक विकास में तेजी नहीं आ रही है। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, जीडीपी में उद्योग की हिस्सेदारी घट रही है और कीमतें बढ़ी हैं तथा यह मुद्रास्फीति के मुख्य स्रोतों में से एक है। भारतीय कारोबार में जी25 के भीतर एक जी5 है जिसकी बढ़ती हिस्सेदारी शेष जी20 की कीमत पर आ रही है। बड़े समूह और भी बड़े हो रहे हैं लेकिन इससे आर्थिक विकास में तेजी नहीं आ रही है, जबकि वास्तव में, यह उल्टा हो सकता है।



कप्तान शुभमन गिल।

# बर्मिंघम में जीतना सबसे सुखद यादों में से एक : गिल

## कप्तान बोले- वह जब भी क्रिकेट से संन्यास लेंगे तो एजबेस्टन मैदान की जीत सबसे ज्यादा याद आएगी

बर्मिंघम, एजेंसी

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने यहां श्रृंखला बराबर करने वाली शानदार जीत का जश्न मनाते हुए कहा कि जब भी वह क्रिकेट से संन्यास लेंगे तो एजबेस्टन मैदान में इंग्लैंड के खिलाफ भारत को पहली टेस्ट जीत दिलाना उनकी सबसे सुखद यादों में से एक रहेगा। 25 वर्षीय गिल की कप्तानी की शुरुआत भारत के लीड्स में श्रृंखला के शुरुआती मैच में हार के साथ हुई थी, लेकिन भारतीय टीम ने शानदार वापसी करके दूसरे मैच में 336 रन के विशाल अंतर से जीत दर्ज की। भारत की टेस्ट क्रिकेट में इस मैदान पर यह पहली जीत है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में गिल ने कहा यह ऐसी चीज है जिसे मैं जीवन भर संजो कर रखूंगा। मुझे लगता है कि जब भी मैं संन्यास लूंगा तो यह मेरी सबसे सुखद यादों में से एक होगी।

उन्होंने कहा मुझे इस मैच का अंतिम कैच लेना था और मैं बहुत संतुष्ट और खुश हूं कि हम इस मैच को जीतने में सफल रहे। भारतीय कप्तान ने कहा अभी तीन और महत्वपूर्ण मैच होने बाकी हैं। इस मैच के बाद तेजी से बदलाव होगा और मुझे लगता है कि यह अच्छा है क्योंकि अब लय हमारे साथ है। गिल ने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह से निभाई। उन्होंने कहा जिस तरह से सभी ने गेंद और बल्ले से योगदान दिया, वह बहुत सकारात्मक बात है। इससे ही कोई टीम चैंपियन बनती है और यह हमारे लिए अच्छे संकेत हैं। भारतीय कप्तान ने ड्रेसिंग रूम में अपने संबोधन में अपने साथी खिलाड़ियों की सराहना की।

उन्होंने कहा हमने यह मुकाम हासिल करने के लिए बहुत मेहनत की है। मैं जानता हूं कि टेस्ट मैच जीतना कितना मुश्किल काम है विशेष कर इस मैदान पर जहां हमने इससे पहले कोई टेस्ट नहीं जीता था। गिल ने कहा मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि मुझे आप सभी पर गर्व है, क्योंकि मुझे लगता है कि पहले दिन हमने कहा था कि टेस्ट मैच जीतने के लिए हम सभी को अपना योगदान देना होगा और सभी ने इसमें योगदान दिया। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा ईमानदारी से कहूं तो यह एक महत्वपूर्ण सीरीज का महत्वपूर्ण मैच था।

### कुलदीप को एकादश में रखने की चाह लेकिन सपाट पिचों पर मजबूत बल्लेबाजी जरूरी



**बर्मिंघम :** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि कुलदीप यादव जैसे विकेट लेने वाले स्पिनर को अंतिम एकादश में रखना हमेशा आकर्षक होता है लेकिन लीड्स में निचले क्रम के दो बार सस्ते में आउट होने के बाद बल्लेबाजी में गहराई लाने के लिए इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट में वाशिंगटन सुंदर को तरजीह दी गई। वाशिंगटन को अंतिम एकादश में शामिल करने का विवादास्पद निर्णय कारगर साबित हुआ, क्योंकि इस हरफनमौला ने बल्ले और गेंद दोनों से योगदान दिया। भारत लॉर्ड्स टेस्ट में भी इसी रणनीति के साथ उतरेगा। पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में जीत के साथ वापसी करने के बाद गिल ने कहा जब आपके पास कुलदीप जैसा गेंदबाज हो तो यह बहुत लुभावना होता है। मैं वाशिंगटन को इसलिए खिलाना चाहता था क्योंकि उनकी मौजूदगी से हमारी बल्लेबाजी मजबूत होती है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मेरे और वाशिंगटन के बीच साझेदारी बहुत महत्वपूर्ण साबित हुई। यह साझेदारी नहीं होती तो शायद हमारी बढ़त 70-80-90 रन होती, जो मनोवैज्ञानिक रूप से 180 रन की बढ़त से बहुत अलग है। गिल ने कहा कि इंग्लैंड में इस्तेमाल होने वाली 'ड्यूक' गेंद जब थोड़ी पुरानी और नरम हो जाती है तो स्पिनरों के पास मैच को नियंत्रित करने का अधिक मौका होता है। भारतीय कप्तान ने कहा जैसा कि हमने उम्मीद की थी पांचवें दिन भी गेंद को पिच से ज्यादा टर्न नहीं मिल रही था, ऐसा तभी हो रहा था जब गेंद 'रफ' पर टप्पा खा रही थी। इंग्लैंड के एक पत्रकार ने गिल से कहा कि यह एजबेस्टन में भारत की पहली जीत है। उन्होंने 336 रनों की जीत के बाद उनकी भावनाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उनका ध्यान श्रृंखला जीतने पर है। उन्होंने कहा मैंने टेस्ट मैच से पहले भी कहा था कि मैं वास्तव में आंकड़ों या इतिहास में विश्वास नहीं करता। पिछले 50-60 वर्षों में हमने अलग-अलग हालात और विभिन्न टीमों के साथ यहां पर सिर्फ सात मैच खेले हैं। उन्होंने कहा मेरा मानना है कि यह सर्वश्रेष्ठ भारतीय टीम है, जो इंग्लैंड में आकर उन्हें हराने और यहां से श्रृंखला जीतने की क्षमता रखती है। हमारे पास सही लय है। अगर हम संघर्ष करते रहे, तो मुझे लगता है कि यह यादगार श्रृंखला में से एक होगी।

### वॉन ने जैक क्रॉली को शुभमन से सीख लेने की सलाह दी

**बर्मिंघम :** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली की भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के लिए कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि वह भाग्यशाली हैं जो उन्हें लगातार असफलताओं के बावजूद टेस्ट क्रिकेट में खेलने का मौका मिल रहा है। उन्होंने इसके साथ यह भी सुझाव दिया कि क्रॉली को भारतीय कप्तान शुभमन गिल की बल्लेबाजी की रणनीति से सीख लेनी चाहिए और अपने खेल में सुधार करना चाहिए। वॉन ने 'द टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा पिछले कुछ वर्षों में कई ऐसे खिलाड़ी हुए हैं जिन्होंने प्रशंसकों को निराश किया है। इनमें मैं भी शामिल हूं लेकिन वह (क्रॉली) सबसे ज्यादा निराश करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें मैं याद कर सकता हूं। जब से मैंने इंग्लैंड की क्रिकेट को करीब से देखा है तब से वह सबसे भाग्यशाली खिलाड़ी है जिसे लगातार असफलताओं के बावजूद इतने अधिक टेस्ट मैच खेलने को मिले। उन्होंने कहा उन्हें खुद को भाग्यशाली मानना चाहिए कि उन्होंने 56 मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने सिर्फ पांच शतक बनाए हैं और उनका औसत 31 का है। टेस्ट इतिहास में 2,500 से अधिक रन बनाने वाले सभी सलामी बल्लेबाजों में उनका औसत सबसे कम 30.3 है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने इस खिलाड़ी ने गिल का उदाहरण देते हुए कहा बदलाव संभव है। शुभमन गिल को ही देख लीजिए। इस श्रृंखला से पहले उनका औसत 35 था और अब उनका औसत 42 है।



कप्तान बेन स्टोक्स।

## भारत ने हर विभाग में इंग्लैंड को हराया : स्टोक्स

बर्मिंघम, एजेंसी

- इंग्लैंड के कप्तान ने आकाशदीप की प्रशंसा की

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने स्वीकार किया कि भारत ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में खेल के हर विभाग में उनकी टीम से बेहतर प्रदर्शन किया तथा तेज गेंदबाज आकाशदीप के 'अविश्वसनीय' कौशल ने मैच में निर्णायक अंतर पैदा किया। श्रृंखला में अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे आकाशदीप ने 10 विकेट लेकर भारत की 336 रन से जीत में अहम भूमिका निभाई। भारत की इस मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में यह पहली जीत है। पांच मैच की श्रृंखला अब 1-1 से बराबर है और तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। स्टोक्स ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा मुझे लगता है कि आकाश ने कल रात और आज सुबह पिच पर पड़ी दरार का अच्छा इस्तेमाल किया। लगातार कोण बदलने और उसका उपयोग करने की उसकी क्षमता अद्भुत है और फिर भी वह इतना सटीक है। वह उस दरार पर ध्यान केंद्रित कर रहा था।

### बुमराह के आने से लॉर्ड्स का मुकाबला और मुश्किल होगा

**बर्मिंघम :** जसप्रीत बुमराह दूसरे टेस्ट में नहीं खेले थे और फिर भी इंग्लैंड को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा और अब बेन स्टोक्स तथा उनके साथियों को लॉर्ड्स में भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज की विविधता के लिए तैयार रहना होगा जिसके बारे में घरेलू कप्तान ने भी स्वीकार किया है कि इन्हें नेट पर दोहराना मुश्किल है। इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में 336 रन से हार का सामना करना पड़ा और भारतीय टीम प्रबंधन ने गेंदबाजी के बोझ के कारण बुमराह को उस मुकाबले में नहीं उतारा। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने पुष्टि की कि 10 जुलाई से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज की टीम में वापसी होगी और स्टोक्स से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा मुझे लगा कि मैं जसप्रीत बुमराह के बारे में पूछे बिना ही प्रेस कांफ्रेंस पूरी कर लूंगा।

### एक नजर

#### आईसीसी ने संजोग गुप्ता को नया सीईओ नियुक्त किया

**दुबई :** भारतीय मीडिया दिग्गज संजोग गुप्ता को सोमवार को जय शाह की अगुआई वाली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया। वह आस्ट्रेलिया के ज्योफ एलार्डिस की जगह लेंगे जिन्होंने इस साल की शुरूआत में चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अभी तक जियोस्टार में सीईओ (खेल) के रूप में कार्यरत रहे गुप्ता तत्काल प्रभाव से अपनी नई भूमिका का कार्यभार संभालेंगे। वह आईसीसी के सातवें सीईओ होंगे। क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था ने कहा कि इस पद के लिए उसे 25 देशों से 2,500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 12 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया। आईसीसी ने कहा उम्मीदवारों में खेल के शासी निकायों से जुड़े पदाधिकारियों के अलावा कॉरपोरेट जगत से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

#### भारत ए का पहला मुकाबला आयरलैंड से

**आइंडहोवन (नीदरलैंड) :** भारत ए पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ मैच के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम का यूरोप दौरे में कुछ शीर्ष टीमों के साथ मुकाबला होगा और इसका उद्देश्य उभरते खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अनुभव प्रदान करना है। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण वाली इस टीम का नेतृत्व संजय कर रहे हैं, जिनका मानना है कि यूरोप का दौरा टीम के लिए शानदार अवसर है। शुरुआती मैच से पहले कप्तान ने कहा यूरोप का दौरा हम सभी के लिए एक शानदार अवसर है। इस दौरे पर कुछ बहुत कठिन मैच होंगे और हम इन टीमों के खिलाफ खुद को परखने के लिए उत्सुक हैं। हमारी टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ी हैं और इस दौरे से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलेगा। भारत ए टीम आयरलैंड, फ्रांस और नीदरलैंड के साथ दो-दो जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के साथ एक-एक मैच खेलेगी।

#### ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज से दूसरा टेस्ट और श्रृंखला जीती

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा) :** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन ही 133 रन से हराकर श्रृंखला अपने नाम की और इस तरह से फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन वेस्टइंडीज को 34.3 ओवर में 143 रन पर आउट कर तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ (71) और कैमरन ग्रीन (52) के अर्धशतकों की मदद से अपनी दूसरी पारी में 243 रन बनाकर वेस्टइंडीज के सामने 277 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। वेस्टइंडीज की तरफ से शमर जोसेफ ने 66 रन देकर चार विकेट लिए। वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसका स्कोर जल्द ही चार विकेट पर 33 रन हो गया। उसकी टीम इससे उबर नहीं पाई और मैच दोपहर के सत्र में ही समाप्त हो गया।

## इंग्लैंड को अपनी शैली पर करना होगा मंथन

बर्मिंघम, एजेंसी

- आक्रामक खेल शैली से अभी तक मिश्रित परिणाम मिले
- लॉर्ड्स में 10 से होने वाले टेस्ट की पिच पर दिया जा रहा अधिक ध्यान

इंग्लैंड को अपनी आक्रामक खेल शैली में मदद करने के लिए सपाट पिच को प्राथमिकता देने से भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में अब तक मिश्रित परिणाम मिले हैं, जिससे बृहस्पतिवार से शुरू होने वाले लॉर्ड्स टेस्ट की पिच पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। भारत ने लीड्स में मैच पर मजबूत पकड़ बनाने के बाद इंग्लैंड को वापसी का मौका दे दिया जिसका मेजबान टीम ने पूरा फायदा उठाते हुए आसान जीत दर्ज की।

शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने हालांकि पिछले मैच की गलतियों से सबक लेते हुए एजबेस्टन में धीमी पिच पर इंग्लैंड को हर विभाग में पछाड़ते हुए रविवार को प्रभावशाली जीत के साथ श्रृंखला में वापसी की। बेन स्टोक्स की अगुवाई में इंग्लैंड की टीम घरेलू मैदानों पर टॉस जीतकर गेंदबाजी करना पसंद करती है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या टीम इस योजना को श्रृंखला में आगे भी जारी रखेगी या तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी की उम्मीद स्टोक्स को अपनी योजनाओं में बदलाव करने पर मजबूर करेगी? लीड्स में ज्यादा उछाल ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों की मदद की, जबकि एजबेस्टन की 'उपमहाद्वीप जैसी परिस्थितियों' में आकाशदीप और मोहम्मद सिराज ने नयी गेंद को मेजबान गेंदबाजों की ज्यादा स्विंग करने में सफल रहे। इंग्लैंड को लॉर्ड्स के पवेलियन छोर से आकाशदीप के खतरे से सावधान रहने की जरूरत होगी, क्योंकि ढलान के कारण गेंद सामान्य से थोड़ी अधिक स्विंग करती है। परिस्थितियां अगर ऐसी ही रही तो भारतीय टीम रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर जैसे स्पिन गेंदबाजी करने वाले हरफनमौला खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतरेगी और कुलदीप को बाहर बैठना पड़ सकता है।



### लॉर्ड्स में अच्छी तैयारी की जरूरत : मैकुलम

**बर्मिंघम :** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि दूसरे टेस्ट मैच में उनकी टीम पांचों दिन भारत से पीछे रही और लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह की चुनौती का सामना करने के लिए उन्हें अच्छी तरह से तैयार होने की जरूरत है। बुमराह कार्यभार प्रबंधन के तहत दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेले थे जिसमें भारत ने 336 रन से जीत हासिल करके पांच मैच की श्रृंखला बराबर की। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इसके बाद पुष्टि की कि तेज गेंदबाज बुमराह अगले मैच में वापसी करेंगे। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार मैकुलम ने कहा पूरी संभावना है कि बुमराह अगले मैच में वापसी करेंगे इसलिए हमें अच्छी तरह से तैयार रहने की जरूरत है। मुझे लगता है कि वहां की पिच यहां की तुलना में भिन्न होगी जो हमारे लिए अच्छी बात है। उन्होंने कहा दूसरे टेस्ट में हम पांचो दिन भारत से पीछे रहे।

## युगांडा इंटरनेशनल टूर्नामेंट में लखनऊ की स्वाति, कनक ने लहराया भारत का परचम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पैरा बैडमिंटन में स्वर्ण समेत जीते पांच पदक

**अमृत विचार:** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की दो छात्राओं ने पैरा बैडमिंटन के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में पदकों की झड़ी लगाते हुए इतिहास रच दिया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रौशन करने पर विश्वविद्यालय में जश्न का माहौल है। पुनर्वास विश्वविद्यालय की छात्रा स्वाति और कनक सिंह ने 1 से 6 जुलाई तक युगांडा की राजधानी कैंपाला में आयोजित युगांडा पैरा बैडमिंटन अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए अद्भुत प्रदर्शन करते हुए कुल पांच पदकों पर कब्जा जमा लिया है।

विश्व बैडमिंटन फेडरेशन द्वारा मान्यता प्राप्त इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन 1-6 जुलाई तक युगांडा की राजधानी कैंपाला के लूगोगो एरेना में हुआ। इस टूर्नामेंट में 50 से अधिक देशों के उत्कृष्ट पैरा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए पुनर्वास विश्वविद्यालय की बीए की छात्रा स्वाति ने (दिव्यांगता श्रेणी एसयू-5) महिला एकल में रजत पदक हासिल किया।



भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी स्वाति व कनक मेडल दिखाते हुए।

स्वाति की जीत का सिलसिला यहीं नहीं रुका उसने महिला युगल में (सहभागी दिव्यांगत श्रेणी एसएल-3) के साथ मिलकर स्वर्ण पदक हासिल कर इतिहास रच दिया। जबकि स्वाति ने मिक्स डबल में कास्य झटक लिया तो वहीं विश्वविद्यालय की एमबीए की छात्रा कनक सिंह ने महिला एकल (दिव्यांगता श्रेणी एसएल-4) में कास्य जीता और महिला युगल प्रतियोगिता में अपने पार्टनर (दिव्यांगता श्रेणी एसयू-5) के साथ मिलकर कांस्य पदक पर कब्जा कर लिया। पुनर्वास विश्वविद्यालय के बैडमिंटन कोच इरशाद अहमद ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने पूरे समाज के लिए यह संदेश दिया है कि चुनौतियां चाहे जैसी भी हों, सच्ची मेहनत और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि इन उपलब्धियों से स्पष्ट होता है कि हमारी छात्राएं न केवल असीम संभावनाओं की धनी हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम ऊंचा करने में भी सक्षम हैं।

क्रीड़ा एवं योग प्रकोष्ठ के निर्देशक प्रो. पाण्डेय राजीवनयन ने कहा कि छात्राओं की ये सफलता हमारे विश्वविद्यालय के एथलेटिक्स व पुनर्वास संसाधनों की गुणवत्तापूर्ण उपलब्धि है। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है।

## पूर्व भारतीय कप्तान धोनी 44 बरस के हुए

मुंबई, एजेंसी



भारत के पूर्व दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी सोमवार को 44 बरस के हो गए। धोनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास के एकमात्र कप्तान हैं जिन्होंने एकदिवसीय विश्व कप, टी20 विश्व कप और चैंपियन्स ट्रॉफी तीनों खिताब जीते हैं।

धोनी की कप्तानी में भारतीय टेस्ट टीम 18 महीने तक दुनिया की नंबर एक टीम भी रही। पिछले महीने धोनी को 2025 के आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। धोनी ने लगभग पांच साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था लेकिन लगातार घुटने की चोट से परेशान रहने के बावजूद इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से खेल रहे हैं। इस साल के आईपीएल में धोनी ने अधिकांश समय सुपरकिंग्स के नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की जगह जिम्मेदारी संभाली क्योंकि वह कोहनी की चोट के कारण बाहर हो गए थे। उनकी अगुआई में टीम ने सत्र के अंत में कुछ प्रभावशाली जीत दर्ज की।

## सबालेंका, अल्काराज क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

लंदन, एजेंसी

गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने एंड्री रुबलेव और महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने एलिस मर्टेंस पर जीत दर्ज कर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। रविवार को खेले गये मुकाबले में स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी अल्काराज ने 14वीं वरीयता प्राप्त रुबलेव के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 6-7 (5), 6-3, 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। 22 वर्षीय स्पैनियार्ड ने दूसरे और तीसरे सेट में महत्वपूर्ण ब्रेक पॉइंट को भुनाया और चौथे सेट में एक और ब्रेक के साथ मैच अपने नाम कर लिया। अब अगले दौर में अल्काराज का मुकाबला ब्रिटेन के कैमरून नोरी से होगा। नोरी ने पांच सेटों के मैराथन में चिली के निकोलस जैरी को 6-3, 7-6 (4), 6-7 (7), 6-7 (5), 6-3 से हराया। वहीं पांचवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने अपने सर्वश्रेष्ठ विंबलडन प्रदर्शन की बराबरी करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जब प्रतिद्वंद्वी जॉर्डन थॉम्पसन चोट के कारण 6-1, 3-0 से पिछड़ रहे थे। अगले दौर में फ्रिट्ज का मुकाबला रूस के कारेन खाचानोव से होगा। खाचानोव ने पोलैंड के कामिल माजच्रजक को 6-4, 6-2, 6-3 से आसानी से हराया। महिला वर्ग में दुनिया की नंबर वन खिलाड़ी सबालेंका ने मर्टेनस की कड़ी चुनौती को पार करते हुए 6-4, 7-6 (4) से जीत दर्ज कर अंतिम आठ में जगह बनाई। छह वरीयता प्राप्त बेलारूस की सबालेंका का अगला मुकाबला जर्मनी की लौरा सीजमंड से होगा। 37 वर्षीय जर्मन खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा 6-3, 6-2 से हराया। अमेरिकी अमांडा अनिसिमोवा ने लिंडा नोस्कोवा पर 6-2, 5-7, 6-4 से जीत दर्ज की।



आर्यना सबालेंका।

### युकी-गैलोवे विंबलडन पुरुष युगल से बाहर

**लंदन :** सात जुलाई (भाषा) भारत के युकी भांबरी और अमेरिका के उनके जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे को सोमवार को विम्बलडन पुरुष युगल के तीसरे दौर में स्पेन के मार्सेल ग्रानोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस की जोड़ी के खिलाफ कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। युकी और गैलोवे की 16वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने चौथी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर दी, लेकिन परिणाम उनके पक्ष में नहीं रहा। उन्हें दो घंटे नौ मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में 4-6, 6-3, 6-7 (10) से हार मिली। युकी के बाहर होने के साथ विम्बलडन में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।

## अमरनाथ यात्रा




बहुस्तरीय सुरक्षा घेरे के बीच 8,600 से अधिक तीर्थयात्री वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा के लिए सोमवार तड़के जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुए। अनंतनाग जिले के पहलगाम और गांदरबल जिले के बालटाल से शुरू हुई यात्रा में अब तक 70,000 तीर्थयात्री पवित्र गुफा में दर्शन कर चुके हैं। एजेंसी

# ऑनलाइन डेटिंग ऐप्स संभलकर करें इस्तेमाल

कुछ हट के

ऑनलाइन डेटिंग के नाम पर साइबर ठग लोगों को निशाना बना रहे हैं। हाल ही में कई ऐसे मामले सामने आए हैं जिसमें पहली डेट पर बुलाकर महंगे रेस्तरां या कैफे में भारी बिल थमा दिया गया और लोग ठगी का शिकार हो गए। ठगों का तरीका यह है कि वे डेटिंग एप्स पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों से चैट करते हैं। फिर वह आपको किसी महंगे होटल या रेस्टोरेंट में बुलाते हैं और महंगे आइटम्स ऑर्डर करवाते हैं। जब बिल आता है तो वह बहुत ज्यादा होता है और ठग अचानक वहां से गायब हो जाते हैं। इस तरह से आप भारी भरकम बिल चुकाने के लिए मजबूर हो जाते हैं।
कई बार ये एप्स इस वक्त भी यूजर्स की लोकेशन को ट्रैक करते हैं जब वे एप्स को इस्तेमाल नहीं कर रहे होते हैं। इनमें से 25 फीसदी एप्स मेटा डाटा भी इकट्ठा करते हैं। जैसे- आप जब कोई फोटो क्लिक करते हैं उसके मेटा डाटा में फोन के मॉडल की जानकारी, लोकेशन, अपर्चर जैसी कई जानकारी होती हैं। इसलिए अपने सोशल अकाउंट से लॉगिन नहीं करना चाहिए। अगर आपको किसी प्रोफाइल या व्यवहार पर शक हो तो तुरंत 1930 पर कॉल करें या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें।




### बचाव के उपाय ताकि न ठग सके कोई

- **फेक प्रोफाइल :** ठग आकर्षक प्रोफाइल बनाकर लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करते हैं और फिर उन्हें जाल में फंसाते हैं।
- **स्पेशल जगह पर बुलाना :** वे आपको महंगे रेस्टोरेंट या बार में बुलाते हैं, जो उनके गिरोह से जुड़े होते हैं।
- **अजनबी के कहने पर किसी अनजान जगह न जाएं :** पहली बार मिलने पर किसी अनजान स्थान पर न जाएं।
- **बिल आने से पहले मेन्यू देखकर रेट की पुष्टि करें :** मेन्यू को देखकर कीमतों की जानकारी लें।
- **नई जान-पहचान :** किसी भी अजनबी से जल्द भरोसा न करें।

## महिला ने 62 वर्षीय व्यक्ति से ठगे 73.72 लाख

- महाराष्ट्र में नवी मुंबई के 62 वर्षीय एक व्यक्ति से सोने के कारोबार में भारी मुनाफे का झांसा देकर 73.72 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। महिला मार्च से मई 2024 के बीच 'डेटिंग ऐप' के जरिए न्यू पनवेल इलाके में रहने वाले व्यक्ति के संपर्क में आई थी। खांदेश्वर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि शुरुआती परिचय के बाद दोनों के बीच व्हाट्सएप पर बातचीत जारी रही, जिसके दौरान खुद को जिया बताने वाली महिला ने व्यक्ति को सोने के कारोबार की एक योजना में निवेश करने का लालच दिया। महिला ने पीड़ित को भारी मुनाफे का आश्वासन दिया और उसे एक विशिष्ट ट्रेडिंग एप्लिकेशन का उपयोग करने के लिए राजी किया। पीड़ित ने इसके बाद तीन महीने की अवधि में 73.72 लाख रुपये का निवेश किया। हालांकि, जब बाद में पीड़ित व्यक्ति को कोई लाभ नहीं मिला तो उसे संदेह हुआ। जब उसने वादा किए गए लाभ और निवेश की गई धनराशि के बारे में जानने की कोशिश की तो महिला ने जवाब देना बंद कर दिया।

## एक नजर

### पद से हटाए जाने के बाद मृत मिले रूसी परिवहन मंत्री

**मॉस्को।** राष्ट्रपति पुतिन द्वारा बर्खास्त किए जाने के कुछ ही घंटे बाद रूस के परिवहन मंत्री सोमवार को मृत पाए गए। मई 2024 से रूस के परिवहन मंत्री के रूप में कार्य करने वाले रोमन स्टारोवॉयट को दिन में राष्ट्रपति के आदेश द्वारा बर्खास्त कर दिया गया था। उनकी बर्खास्तगी यात्रा संबंधी अव्यवस्था के एक सप्ताहांत के बाद हुई, जब कीव से हमले के खतरे के कारण छुट्टियों के व्यस्त मौसम के दौरान हवाई अड्डों ने सैकड़ों उड़ानें रोक दी थीं।

### समुद्र में फंसे चार भारतीय मछुआरों को बचाया

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने पश्चिमी तट के पास मछली पकड़ने वाली उस नौका में सवार चार भारतीय मछुआरों को बचा लिया, जो समुद्र में लापता हो गई थी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) मुंबई द्वारा जानकारी दिए जाने के बाद श्रीलंकाई नौसेना ने समन्वित खोज एवं बचाव (एसएआर) अभियान शुरू किया और मछुआरों को रविवार को बचा लिया गया।

### कुत्ते से डरकर भागा लड़का छठी मंजिल से गिरा, मौत

**नागपुर।** नागपुर में अपने आवासीय परिसर में सीढ़ियों पर कुत्ते के भौंकने से डरकर 12 वर्षीय एक लड़के की छठी मंजिल से गिर जाने के कारण मौत हो गई। कलमना थाने के अधिकारी ने बताया कि घटना रविवार शाम चार बजे पवनगांव इलाके के देव हाइट्स में हुई। अधिकारी ने बताया, जयेश रवींद्र बोकड़े अपने दोस्त के साथ इमारत की सीढ़ियां चढ़ रहा था। एक आवारा कुत्ते ने उस पर भौंकना शुरू कर दिया, जिससे वह घबरा गया और भागने लगा।

### ससुराल के तीन लोगों की हत्या में दोषी ठहराया

**मोरवेल।** ऑस्ट्रेलियाई महिला एरिन पैटरसन को सोमवार को अपने अलग हुए पति के तीन रिश्तेदारों को दोपहर के भोजन में जानबूझकर जहरीला मशरूम परोस कर उनकी हत्या करने का दोषी ठहराया गया। विक्टोरिया प्रांत में उच्चतम न्यायालय के मुकदमे में जूरी ने छह दिनों के विचार-विमर्श के बाद फैसला सुनाया। मुकदमा नौ सप्ताह तक चला। अगली तारीख पर सजा सुनायी जाएगी।

# ग्लोबल साउथ के लिए मिसाल बने ब्रिक्स

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- ब्रिक्स को दर्शानी चाहिए विश्वसनीयता

- बहुपक्षवाद, आर्थिक-वित्तीय मामलों और कृत्रिम मेधा को सुदृढ़ करने पर आयोजित सत्र को किया संबोधित

रियो डी जिनेरियो, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स देशों से वैश्विक सहयोग एवं बहुध्रुवीय विश्व में अहम भूमिका निभाने का रविवार को आह्वान करते हुए कहा कि वे मिसाल बनें और ग्लोबल साउथ की अपेक्षाओं को पूरा करें। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। यहां 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में बहुपक्षवाद, आर्थिक-वित्तीय मामलों और कृत्रिम मेधा को सुदृढ़ करने पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस समूह की ताकत इसकी विविधता और बहुध्रुवीयता के प्रति साझा प्रतिबद्धता में निहित है।

उन्होंने कहा, ब्रिक्स समूह की विविधता और बहुध्रुवीयता में हमारी दृढ़ आस्था ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमें विचार करना होगा कि आने वाले समय में ब्रिक्स किस प्रकार एक बहुध्रुवीय विश्व के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति बन सकता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वैश्विक मंच पर गंभीरता से लिए जाने के लिए ब्रिक्स को पहले अपने आंतरिक ढांचे और प्रणालियों को सुदृढ़ करना होगा। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक 'पोस्ट' में कहा, सबसे पहले, हमारे अपने तंत्रों को बेहतर बनाने पर जोर होना चाहिए, ताकि जब हम बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधार की बात करें तो हमारी विश्वसनीयता भी मजबूत हो।

यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ब्रिक्स के भीतर आर्थिक सहयोग लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) के माध्यम से परियोजनाओं को मंजूरी देते समय, मांग-आधारित निर्णय प्रक्रिया, दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता और एक स्वस्थ 'क्रेडिट रेटिंग' बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। ग्लोबल साउथ की अपेक्षाओं को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ब्रिक्स को कृषि और विज्ञान में नवोन्मेषों को साझा करना चाहिए।



ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी व अन्य देशों के नेता।

### क्यूबा से औषधि क्षेत्र एवं यूपीआई पर हुई चर्चा

**रियो डि जेनेरो।** प्रधानमंत्री मोदी और क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल बरमूडेज ने रविवार को 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर एक बैठक के दौरान औषधि क्षेत्र, जैव प्रौद्योगिकी, पारंपरिक चिकित्सा और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने स्वास्थ्य, महामारी और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्रों सहित उन मुद्दों पर काम करने पर सहमति व्यक्त की जो ग्लोबल साउथ के लिए चिंता का विषय हैं।

### जयशंकर ने सम्मेलन के इतर रूस, ईरान, मेक्सिको के अपने समकक्षों से की मुलाकात

**रियो डि जेनेरियो।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूस, ईरान और मेक्सिको के अपने समकक्षों से मुलाकात कर द्विपक्षीय सहयोग एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने रविवार को ब्राजील में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर इन नेताओं से मुलाकात की। जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ अपनी बैठक के दौरान द्विपक्षीय सहयोग, पश्चिम एशिया, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) पर चर्चा की। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ब्रिक्स 2025 के इतर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मिलकर अच्छा लगा। उन्होंने ईरान के अपने समकक्ष सईद अब्बास अराघची से भी मुलाकात की और उनके साथ क्षेत्रीय घटनाक्रम पर चर्चा की। जयशंकर ने कहा, इस (रविवार) शाम ईरान के विदेश मंत्री अराघची से मिलकर खुशी हुई। हमारी बातचीत हाल के क्षेत्रीय घटनाक्रम पर केंद्रित रही। मेक्सिको के विदेश मंत्री जुआन रेमन डे ला फुएंते के साथ बैठक के दौरान जयशंकर ने स्वास्थ्य, डिजिटल, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।




## नयी राजनीतिक पार्टी के कदम को मूर्खतापूर्ण बता ट्रंप बोले मस्क पूरी तरह काबू से बाहर

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने एलन मस्क के इस कदम की आलोचना की

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नयी राजनीतिक पार्टी बनाने के बाद एलन मस्क की आलोचना करते हुए उनके इस कदम को मूर्खतापूर्ण करार दिया और कहा कि मस्क पूरी तरह से काबू से बाहर हो गए हैं। कभी ट्रंप के सहयोगी माने जाने वाले अमेरिकी अरबपति मस्क ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने देश में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों को चुनौती देने के लिए अमेरिकन पार्टी का गठन किया है।

एयर फोर्स वन में सवार होने से पहले ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, मुझे लगता है कि तीसरी पार्टी शुरू करना मूर्खता है। हमेशा से द्वि-दलीय प्रणाली रही है और तीसरी पार्टी शुरू करना केवल भ्रम को बढ़ाता है। ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने लिखा, यह देखकर दुख होता है कि एलन मस्क पूरी तरह काबू से बाहर हो गए हैं। ट्रंप ने कहा कि मस्क तीसरी राजनीतिक पार्टी शुरू करना चाहते हैं, जबकि अमेरिका में ऐसी पार्टियां कभी सफल नहीं हुई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, तीसरी पार्टी का एक ही काम होता है- पूरी तरह से अव्यवस्था और अराजकता पैदा करना। उन्होंने दावा किया कि टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मस्क की यह राजनीतिक पहल इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद को प्रोत्साहित करने वाली सब्सिडी को समाप्त करने की ट्रंप की योजना से असंतुष्ट होकर शुरू हुई है।



### अनुचित प्रभाव डालने का लगाया आरोप

ट्रंप ने यह भी आरोप लगाया कि मस्क ने उनसे अपने दोस्त जारेड आइजैकमैन को नासा प्रशासक के रूप में नामित करने के लिए कहकर अनुचित प्रभाव डालने की कोशिश की है। जब मस्क ने ट्रंप प्रशासन में सरकारी पद छोड़ दिया, तो आइजैकमैन का नामांकन भी वापस ले लिया गया। ट्रंप के 2024 के राष्ट्रपति पद के अभियान में मस्क सबसे बड़े दानदाता रहे थे और वह हाल फिलहाल तक ट्रंप के करीबी सलाहकार थे।

## सऊदी अरब में मृत्युदंड रिकॉर्ड स्तर पर, मादक पदार्थों के ज्यादा मामले

**दुबई।** एमनेस्टी इंटरनेशनल ने सोमवार को कहा कि सऊदी अरब में पिछले साल मृत्युदंड के मामलों में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। इनमें से अधिकतर मामले मादक पदार्थों से संबंधित हैं। सऊदी अरब में पिछले साल 345 लोगों को मौत की सज़ा दी गई। एमनेस्टी के अनुसार तीन दशकों से ज़्यादा समय में यह सबसे बड़ी संख्या है।

समूह ने कहा कि इस साल के पहले छह महीनों में ही 180 लोगों को मौत की सज़ा दी गई, जिससे संकेत मिलता है कि यह रिकॉर्ड फिर से टूट सकता है। कार्यकर्ता समूह रिप्रीव ने बताया कि इस साल जिन लोगों को फांसी दी गई, उनमें से करीब दो तिहाई को मादक पदार्थ से जुड़े मामलों में दोषी ठहराया गया। एमनेस्टी ने भी मादक पदार्थ के मामलों में फांसी दिए जाने के बारे में इसी तरह की चिंता जताई है।

## दलाई लामा को जन्मदिन की बधाई देने पर चीन ने जताया ऐतराज

बीजिंग, एजेंसी

- भारतीय अधिकारियों की उपस्थिति को लेकर विरोध दर्ज कराया

चीन ने सोमवार को कहा कि उसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन पर बधाई देने तथा समारोह में भारतीय अधिकारियों की उपस्थिति को लेकर भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। चीन ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को तिब्बत से संबंधित मुद्दों पर बीजिंग की संवेदनशीलता को समझना चाहिए।

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा तिब्बत से संबंधित मामलों पर चीन की स्थिति सुसंगत और स्पष्ट है तथा यह सभी को पता है। माओ प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन पर बधाई देने तथा उनके जन्मदिन समारोह में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों की उपस्थिति के बारे में पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि 14वें दलाई लामा राजनीतिक निर्वासन में हैं, जो लंबे समय से अलगाववादी गतिविधियों में लिप्त रहे हैं और धर्म की आड़ में शिजांग को चीन से अलग करने का प्रयास करते रहे हैं।

### कहा-दलाई लामा की अलगाववादी प्रकृति को पहचानना चाहिए

चीन तिब्बत को शिजांग कहता है। उन्होंने कहा कि भारत को शिजांग से संबंधित मुद्दों की संवेदनशीलता को पूरी तरह समझना चाहिए तथा 14वें दलाई लामा की अलगाववादी प्रकृति को पहचानना चाहिए और शिजांग से संबंधित मुद्दों पर चीन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का सम्मान करना चाहिए। भारत को विवेकपूर्ण तरीके से काम करना चाहिए और बोलना चाहिए।

## रूस ने यूक्रेन पर 100 से अधिक ड्रोन दागे 10 लोगों की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के नागरिक इलाकों को निशाना बनाकर बीती रात 100 से अधिक ड्रोन दागे, जिसके कारण कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और तीन बच्चों समेत 38 अन्य घायल हो गए। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने देश के परिवहन प्रमुख को बर्खास्त कर दिया है, क्योंकि सप्ताहांत में यात्रा संबंधी अव्यवस्था के कारण रूसी हवाई अड्डों पर यूक्रेनी ड्रोन हमलों के खतरे के कारण सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी गई थीं।

यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों में रूसी हमलों में कम से कम 10 लोग मारे गए और तीन बच्चों समेत 38 लोग घायल हो गए। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोमवार को कहा कि पिछले सप्ताह रूस ने यूक्रेन पर लगभग 1,270 ड्रोन, 39 मिसाइल और लगभग 1,000 शक्तिशाली ग्लाइड बम दागे।

## हसीना के खिलाफ आरोपों पर 10 को फैसला करेगा न्यायाधिकरण

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने सोमवार को इस बात पर फैसला करने के लिए 10 जुलाई की तारीख तय की है कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके दो शीर्ष सहयोगियों के खिलाफ आरोप तय किये जाएंगे या नहीं। हसीना, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून पिछले साल जुलाई में हुए विद्रोह के दौरान मानवता के खिलाफ कथित अपराधों के मामले में आरोपी हैं।

अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 10 जुलाई को फैसला करेगा कि हसीना, कमाल और अल-मामून के खिलाफ आरोप तय किये जाएंगे या नहीं। तीन सदस्यीय न्यायाधिकरण 10 जुलाई को ही बचाव पक्ष के उन वकीलों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई करेगा जिन्होंने तर्क दिया है कि उनके मुवक्किलों के खिलाफ आरोप निराधार हैं और उन्हें हटा दिया जाना चाहिए। हसीना, कमाल और अल-मामून पर एक जून को मानवता के खिलाफ अपराध के पांच मामलों में आरोप लगाए गए थे। अभियोजन पक्ष ने अपदस्थ प्रधानमंत्री, पूर्व गृह मंत्री और पूर्व शीर्ष पुलिस अधिकारी के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, यातना और घातक हथियारों के इस्तेमाल समेत अन्य मामलों में औपचारिक आरोप लगाए हैं।



- उनके दो शीर्ष सहयोगियों के खिलाफ भी आरोप तय किए जा सकते हैं

## फिलाडेल्फिया में गोलीबारी में तीन की मौत, 10 घायल

**फिलाडेल्फिया।** अमेरिका में दक्षिण फिलाडेल्फिया के एक इलाके में सोमवार तड़के हुई गोलीबारी की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस आयुक्त केविन बेथेल ने संवाददाताओं को बताया कि मृतकों में तीन लोग वयस्क थे तथा घायलों में दो किशोर हैं।

उन्होंने बताया कि गोलीबारी की यह घटना ग्रेज फेरी में एक आवासीय क्षेत्र में रात एक बजे से कुछ पहले हुई। बेथेल ने कहा, हमारे पास चलाई गई कई राउंड गोलियों के खोखे हैं। पुलिस ने बताया कि इस सिलसिले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर उसके पास से हथियार बरामद किया गया है। बेथेल ने बताया कि पुलिस ने शनिवार देर रात से लेकर रविवार सुबह तक उसी क्षेत्र में कार्रवाई की थी और कुछ गिरफ्तारियां भी की गई थीं।

## सैन्य संघर्ष के बीच बाहरी समर्थन मिलने का दावा गलत : मुनीर

इस्लामाबाद, एजेंसी

- दुनिया भर में किरकिरी होने के बाद पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने दी सफाई

पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने सोमवार को कहा कि भारत के साथ हाल में हुए सैन्य संघर्ष के दौरान इस्लामाबाद को बाहरी समर्थन मिलने का दावा तथ्यात्मक रूप से गलत' है। इस्लामाबाद स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में स्नातक अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुनीर ने भारत पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि पाकिस्तान की संप्रभुता को कमजोर करने के किसी भी दुस्साहस या प्रयास का बिना किसी संकोच के त्वरित और दृढ़ता से जवाब दिया जाएगा।

पाकिस्तानी सेना के प्रमुख ने कहा, पाकिस्तान के सफल ऑपरेशन बन्यनम मार्सूस में बाहरी समर्थन के बारे में लगाए गए आरोप गैर-जिम्मेदाराना और तथ्यात्मक रूप से गलत हैं तथा दशकों के रणनीतिक विवेक से विकसित स्वदेशी क्षमता और संस्थागत लचीलेपन को स्वीकार करने में उसकी पुरानी अनिच्छा को दर्शाते हैं। कुछ दिन पहले भारतीय सेना के उप प्रमुख ने कहा था कि बीजिंग ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को सक्रिय सैन्य सहायता प्रदान की और संघर्ष को विभिन्न हथियार प्रणालियों के परीक्षण के लिए एक प्रयोगशाला के रूप में इस्तेमाल किया।



## चार करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ बरामद, 3 नाइजीरियाई गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के केंपेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास तीन नाइजीरियाई लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से 2.8 किलोग्राम सिंथेटिक मादक पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि उनके पास से करीब 400 किलोग्राम हाइड्रो गांजा भी बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत चार करोड़ रुपये से अधिक है।

बेंगलुरु ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सी. के. बाबा के अनुसार, विदेशी नागरिक मेडिकल वीजा पर भारत आए थे और पाया गया कि वे निर्धारित अवधि से अधिक समय तक भारत में रुके हुए थे। बाबा ने पत्रकारों से कहा, ''विश्वसनीय खुफिया जानकारी और निगरानी के आधार पर, हमारी टीम ने विदेशी नागरिकों की संदिग्ध गतिविधि की पहचान की थी।


**गर्व के पल** — एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद भारतीय गगनयात्री ने की बात

# शुभांशु ने सुरक्षित यात्रा के लिए इसरो चीफ को कहा- शुक्रिया

बेंगलुरु, एजेंसी

एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद भारतीय गगनयात्री शुभांशु शुक्ला ने आईएसएस तक उनकी सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (इसरो) के प्रयासों के लिए शुक्रिया कहा। इसरो ने बताया कि शुक्ला ने छह जुलाई को भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के अध्यक्ष वी नारायणन को फोन किया था।

उसने बताया कि फोन पर बातचीत के दौरान नारायणन ने शुक्ला का हालचाल पूछा और आईएसएस पर किए जा रहे विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। अंतरिक्ष विभाग के सचिव नारायणन ने शुक्ला के धरती पर लौटने के बाद सभी प्रयोगों और गतिविधियों का सावधानीपूर्वक दस्तावेजीकरण करने के महत्व पर बल दिया, क्योंकि इससे भारत के मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियान 'गगनयान' के विकास के लिए बहुमूल्य अंतर्दृष्टि एवं जानकारी हासिल करने में मदद मिलेगी। इसरो के मुताबिक, गगनयान अभियान का मकसद पृथ्वी की निचली कक्षा में मानवयुक्त अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित करने की भारत की क्षमता का प्रदर्शन करना है और इस मिशन से प्राप्त अनुभव एवं ज्ञान इसकी (गगनयान अभियान की) सफलता के लिए महत्वपूर्ण होंगे। शुभांशु शुक्ला के आईएसएस मिशन को इसरो-एक्सिओम अंतरिक्ष उड़ान समझौते के तहत क्रियान्वित किया गया है।



### चर्चा में कई अधिकारी हुए शामिल

चर्चा में इसरो के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया, जिनमें विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के निदेशक और मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए कार्यक्रम प्रबंधन परिषद के अध्यक्ष डॉ. उन्नीकृष्णन नायर; द्रव नोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) के निदेशक एम मोहन; इसरो जड़त्वीय प्रणाली इकाई (आईआईएसयू) के निदेशक पद्मकुमार ई एस; इसरो के वैज्ञानिक सचिव एम गणेश पिल्लई और एलपीएससी के पूर्व निदेशक एन वेदाचलम शामिल थे। बातचीत में शुक्ला ने अंतरिक्ष स्टेशन पर किए जा रहे प्रयोगों और गतिविधियों की प्रगति पर जानकारी भी साझा की। उन्होंने वैज्ञानिक उद्देश्यों और चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला।